ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 22 जून 2024
वर्ष 34, अंक 145, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव 13
इंडियाज बेस्ट डांसर-4 में शामिल हुईं करिश्मा 14

## चार राज्यों में वोटर लिस्ट अपडेट करने का काम शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र में होने हैं विस चुनाव

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अद्यतन करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के वास्ते एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इनके चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने हैं।

आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों को एक जुलाई, 2024 की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है।

## योग को वैश्विक भलाई के सशक्त माध्यम के रूप में देखती है दुनिया

### जम्मू-कश्मीर से मोदी ने दिया संदेश-योग एक विधा ही नहीं, बल्कि विज्ञान है

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र बन सकता है। प्रधानमंत्री 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है...।

उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है। योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है। इसलिए योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है। जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया। अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मोदी ने कार्यक्रम के बाद डल झील के किनारे समारोह में शामिल होने आई छात्राओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।




10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



लखनऊ में योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा




एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# देश में लोक परीक्षा अधिनियम लागू

### अधिकतम 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान, अनियमितताओं पर लगेगा अंकुश

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित कर दिया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है। इस अधिनियम के तहत अपराधियों के लिए अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लगभग चार महीने पहले अधिनियम को मंजूरी दी थी, जिसके बाद कार्मिक मंत्रालय ने शुक्रवार रात एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया कि कानून के प्रावधान 21 जून से लागू हो जाएंगे। यूजीसी-नेट, 2024 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर जारी विवाद के बीच यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की जांच के लिए गुरुवार को मामला दर्ज किया था। विपक्षी दलों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया है, जिसके परिणाम एनटीए ने चार जून को घोषित किए थे। अधिसूचना में कहा गया है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार 21 जून, 2024 को उक्त अधिनियम लागू करती है।

### संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को अपरिहार्य परिस्थितियों व तैयारियों संबंधी मुद्दों का हवाला देते हुए संयुक्त वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के जून संस्करण को स्थगित करने की घोषणा की। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर पद के लिए पात्रता निर्धारित करने और विज्ञान पाठ्यक्रमों में पीएचडी में दाखिले के लिए आयोजित की जाती है। इससे दो दिन पहले एनटीए ने यूजीसी-नेट परीक्षा रद कर दी थी और कहा था कि परीक्षा की शुचिता से समझौता हुआ है। एनटीए ने एक परिपत्र में कहा कि 25 जून से 27 जून के बीच होने वाली संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जून-2024 अपरिहार्य परिस्थितियों और तैयारियों संबंधी मुद्दों के कारण स्थगित की जा रही है। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा पांच विषयों में वर्ष में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित की जाती है।

### कानून में शामिल कौन-कौन सी परीक्षा

अब यह कानून इसलिए मायने रखता है क्योंकि हर बड़ी और अहम परीक्षा इसमें शामिल कर ली गई है। इस कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं शामिल की गई हैं। ऐसे में इन परीक्षाओं में अगर किसी भी तरह की धांधली की जाएगी तो सख्स से सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी।

## काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा निरस्त करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस
- याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट का काउंसलिंग टालने से इनकार

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी-2024 की 6 जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। शीर्ष अदालत ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि 6 जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला 8 जुलाई को सूचीबद्ध है। पीठ ने कहा हम एक ही तरह के बयान सुन रहे हैं। आपको बीच में रोकने को अन्यथा न लें। काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं है। यह एक प्रक्रिया है तो 6 जुलाई से शुरू हो रही है। जब पीठ ने काउंसलिंग के पहले दौर की अवधि के बारे में पूछा, तो मामले में उपस्थित वकीलों में से एक ने कहा कि यह लगभग एक सप्ताह तक चलेगी।

## केजरीवाल की रिहाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली शराब घोटाले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को ईडी ने दी थी चुनौती
- मुख्यमंत्री की जमानत पर कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा। इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। आदेश की घोषणा तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक है। इससे पहले उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी की अपील पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध पर कहा था कि जब तक हम इस पर सुनवाई नहीं कर लेते तब तक यह आदेश (जमानत पर जेल से रिहाई का) प्रभावी नहीं होगा। राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी।

### एक नजर

#### बीएसएफ जवान ने खुद को गोली से उड़ाया

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को जिले के छोटे बेठिया इलाके में गश्त के दौरान बीएसएफ की 94वीं बटालियन के हवलदार मदन कुमार लापता हो गए थे।

#### इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम विस्फोट की फर्जी धमकी मिलने के बाद पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने हवाई अड्डे के निदेशक के आधिकारिक ई-मेल खाते पर बुधवार रात संदेश भेजकर इस परिसर में बम विस्फोट की धमकी दी।

## वाराणसी में झूला घी कारोबारी के यहां ईडी ने की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाराणसी के अलावा 12 अन्य स्थानों पर छापे की सूचना

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आर्थिक अनुसंधान शाखा ने शुक्रवार को वाराणसी में उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला परिवार के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। एक टीम सुबह नाटी इमली स्थित आवास पहुंची तो दूसरी टीम सारनाथ स्थित कार्यालय पर छापेमारी करने पहुंची। इसकी जानकारी जब शहर के उद्यमियों को हुई तो कई लोग अलर्ट नजर आए।

झुनझुनवाला फैमिली का खाद्य तेल प्रोडक्ट झूला प्रतिष्ठित ब्रांड है। जांच इसी से जुड़ी बताई जा रही है। ईडी की टीम पहले नाटी इमली स्थित दीनानाथ झुनझुनवाला के आवास पर पहुंची। दूसरी टीम उनके परिवार के ही महेश झुनझुनवाला के कार्यालय पर पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान दोनों स्थानों पर टीम कई घंटे मौजूद रही। अधिकारियों के अनुसार, यह दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड से जुड़ा मामला है, जो उनके झूला ब्रांड से जुड़ा बताया जा रहा है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक वाराणसी के अलावा दिल्ली, हरियाणा सहित कुल 12 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

## समूह क के अफसरों को गृह जनपद में नहीं मिलेगी तैनाती

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद व मंडल में अब तैनात नहीं किया जाएगा। यह बात उन्होंने सरकार की स्थानान्तरण नीति को स्पष्ट करते हुए कही। इस संबंध में उन्होंने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय पदों पर तैनात समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश में नई स्थानान्तरण पॉलिसी लागू हो चुकी है।

## पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया पानी सत्याग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली जल संकट



- आरोप, दिल्ली को पानी नहीं दे रही हरियाणा की भाजपा सरकार

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है।

## फिरोजाबाद में कैदी की मौत, बवाल

फिरोजाबाद,एजेंसीः

फिरोजाबाद में बाइक चोरी के मामले में दो दिन पहले जेल गये कैदी की शुक्रवार को मौत हो गयी जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुये तोड़फोड़ की और पुलिस वाहनो को नुकसान पहुंचाया। जेल प्रशासन ने बीमारी से मौत होने का कारण बताया है। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। कैदी आकाश की मौत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की जिससे कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है।

उपद्रवियों ने एम्बुलेंस और पुलिस वाहन पर तोड़फोड़ की और मोटर साइकिल मे आग लगा दी। पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने खुद पहुंच कर मोर्चा संभाला। इस बीच भीम आर्मी के नेता एवं सांसद चन्द्रशेखर के पहुंचने की सम्भावना को लेकर क्षेत्र की सीमायें सील कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना दक्षिण क्षेत्र के नई आबादी निवासी नगला पचिया निवासी आकाश सिंह (25) को पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके साथ ही पुलिस ने शिवम सिंह निवासी हंस वाहिनी स्कूल वाली गली नाले की पुलिया हिमायूंपुर को भी जेल भेजा था। शुक्रवार सुबह आकाश की मौत हो गई। जेल अधीक्षक एके सिंह का कहना है कि 19 जून को चोरी के मामले में उसे जेल लाया गया था। गुरुवार रात उसकी तबियत खराब हुई थी। डाक्टरों ने जेल में उसे दवा दी और वह ठीक हो गया था। शुक्रवार सुबह पांच बजे अचानक फिर उसकी तबियत बिगड़ी। उसे जिला अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस एंबुलेंस में पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर शाम को उसके घर पर जा रही थी कि रास्ते में योजनाबद्ध तरीके से दलित समाज के लोगों ने सुहाग नगर चौराहे पर एंबुलेंस और पुलिस को घेर लिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गयी।



## एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में 18 के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### सिपाही भर्ती

- 200 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस दाखिल कर रही आरोपपत्र

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने 18 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया है। करीब 200 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आरोपपत्र जिलों की पुलिस दाखिल कर रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर छह महीने के भीतर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया था। उधर, एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2024 को छह आरोपियों दीपक उर्फ दीप, प्रवीण, रोहित उर्फ ललित, साहिल और नवीन को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को जींद निवासी महेंद्र , अभिषेक शुक्ला, रोहित पांडेय और शिवम गिरी के बाद 21 मार्च को मानेसर के सतीश धनकड़ को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने खुलासा किया था कि प्रश्नपत्र रवि अत्री गैंग ने अहमदाबाद स्थित कंपनी के वेयरहाउस से लीक कराया था। एसटीएफ ने रवि अत्री के अलावा विक्रम पहल, राजीव नयन मिश्रा, डॉ शुभम मंडल को भी गिरफ्तार किया।

### प्रोन्नति बोर्ड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के कुछ अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनसे परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट के चयन और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर सवाल-जवाब हो सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कंपनी की जमानत राशि जब्त कर भुगतान रोकने की भी तैयारी है।

### योग शपथ अभियान — राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाई गई

## राजभवन ने बनाया विश्व कीर्तिमान, गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने राज्यपाल को सौंपा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र

**अमृत विचारः** राजभवन ने योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान बना दिया। राजभवन का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया। राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से राजभवन में 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाने से यह सफलता मिली। गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सौंपा। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को राज्यपपाल ने प्रशस्ति पत्र दिया।

प्रदेश स्तर पर 12 जून से 18 जून 2024 तक संचालित योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान स्थापित होने पर राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि एडज्यूडीकेटर कुमारी आयनी तूरबली ने राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र देकर इसे एक अद्भुत व शानदार उपलब्धि बताई और राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड के लंदन व जापान स्थित कार्यालय से सराहना व्यक्त किये जाने की जानकारी दी। राज्यपाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह दिया।

इस अवसर पर योग प्रतिज्ञा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। इन विश्वविद्यालयों में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी शामिल रहे।



योग शपथ अभियान में राजभवन के विश्व कीर्तिमान बनाने पर आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

## एक नजर

### नीट पेपर लीक मामले में सियासत ठीक नहीं : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने नीट पेपर लीक मामले में सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा कि मुख्य आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है, जिसकी वजह से निर्दोश छात्र पिस रहें हैं, इसकी आंड में कोई सियासत करना ठीक नहीं है।

### प्रो. सुरेश बने केजीएमयू के नए चिकित्सा अधीक्षक

अमृत विचार,लखनऊ : केजीएमयू में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर सुरेश कुमार को नया चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें 15 जुलाई 2024 तक के लिए दी गई है। यह आदेश शुक्रवार को कुलपति ने निर्वतमान चिकित्सा अधीक्षक के अवकाश पर जाने के बाद लिया है।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग को बनाएं जीवन का हिस्सा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ व दीर्घ जीवन के लिए लोग योग को नियमित अभ्यास के साथ जीवन का हिस्सा बनाएं। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के दौरान लोगों से यह अपील की। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया।


राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में योग करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ अगर हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकों सामूहिक योगाभ्यास किया।

▶▶ राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राजभवन में किया योगाभ्यास

**योग एक संपूर्ण विद्या**

मुख्यंत्री ने कहा कि योग एक संपूर्ण विद्या है जो हमें शारीरिक व मानसिक रूप से एकजुट करता है। भारत की ऋषि परंपरा को देखें तो उन लोगों के पास कितनी दूरदर्शिता थी, किस तरह उन्होंने समाज को जोड़ा, धर्म को योग के साथ जोड़ने का एक अभिनव प्रयास इस रूप में हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# अयोध्या और प्रयाग में बनेगा अति विशिष्ट राज्य अतिथि गृह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अयोध्या और प्रयाग में राज्य सरकार अतिथि गृहों के निर्माण कराने जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले-आउट, सुविधाओं और साज-सज्जा आदि का प्रस्तुतिकरण देखा।

अपने सरकारी आवास पर राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश-दुनिया से अनेक विशिष्ट-अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन हो रहा है।

▶▶ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के अनुरूप बनेंगे नए अतिथि गृह

इनके प्रवास के लिए सुरक्षा व सुविधा के उत्कृष्ट मानकों के साथ गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। इसी प्रकार प्रयागराज में गणमान्य जनों के बेहतर आतिथ्य के लिए एक सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए प्रक्रिया यथाशीघ्र शुरु कर दी जाए।

# स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल रहे रिक्त पदों के आंकड़े

## पैरामेडिकल व कर्मचारियों के रिक्त पदों की मांगी जा रही सूचना

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से वेतन निर्गत होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में विभागवार रिक्त पदों का रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। मलेरिया विभाग समेत विभिन्न संवर्ग के विभागों द्वारा रिकार्ड भेजे जा रहे हैं मगर वास्तविक आंकड़ों से मिलान नहीं हो रहे हैं। विभाग द्वारा रिक्त पदों को लेकर सटीक आंकड़े मांगे जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट,नर्सेस, टेक्नीशियन, लिपिक संवर्ग समेत कई विभागों के रिक्त पदों के रिकार्ड मांगे गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश् राठौर ने बताया कि विभागों में पदोन्नति से रिक्त होने वाले पद और सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों को स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अभी तक प्राप्त रिक्त पदों की संख्या में, सीधी भर्ती के पद स्पष्ट नहीं हैं, ऐसी समस्या कई विभागों में मिल रही हैं। इससे सीधी भर्ती के लिए लोकसेवा आयोग को अधियाचन भेजने में दिक्कत आएंगी। वहीं निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि पैरामेडिकल के रिक्त पदों के आंकड़े मंगाए गए हैं, चिकित्सकों में ग्रेड वन की पदोन्नति होने के बाद पद रिक्त होंगे, उसके बाद अधियाचन भेजा जाएगा।

▶▶ विभिन्न विभागों द्वारा भेजे गए रिकार्ड वास्तविक आंकड़ों से नहीं मिल रहे

**मनचाहे तबादले के लिए नियम शर्तें लागू**

स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरो को मनचाहे अस्पताल में स्थानान्तरण तभी मिलेगा, अगर उस अस्पताल में जरूरत होगी साथ ही छोड़ने वाले अस्पताल में कार्य प्रभावित न हो। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव विनोद कुमार ने अनुरोध करने वाले चिकित्सक व दंत चिकित्सकों के सेवा विवरण को तलब किया गया है। विशेष सचिव ने शुक्रवार को महानिदेशक, निदेशक दंत, निदेशक संचारी रोग व अपर निदेशक मलेरिया व वीबीडी को पत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि स्थानान्तरण पॉलिसी के तहत अनुरोध पर गृह जनपद में तैनाती नहीं मिलेगी। इसके अलावा अनुरोध करने वाले चिकित्सक, जहां पर तैनाती चाह रहे है वहां पर जरूरत है या नहीं। इसके अलावा चिकित्सक के सेवानिवृत्त कितने साल शेष है, दाम्पत्य नीति का लाभ ले चुका है या नहीं, संबन्धित जिले में पूर्व में तैनात रह चुके है तो कुल कितने साल की सेवा दे चुके हैं, आदि विवरण अगले दो दिन में भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर दो स्थानांतरित

**अमृत विचार,लखनऊः** बिजली आपूर्ति व उपभोक्ता सेवा में लापरवाही पर वाराणसी में तैनात सहायक अभियंता समेत दो कर्मियों को अभियंताओं को स्थानांतरित कर दिया गया। शुक्रवार को वाराणसी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

वाराणसी में तैनात उप खंड अधिकारी रहनियां अजय प्रताप यादव को मुख्य अभियंता बस्ती क्षेत्र भेजा गया है, जबकि यहां तैनात कार्यकारी सहायक अरुण कुमार सिंह को भी मुख्य अभियंता बस्ती क्षेत्र स्थनांतरित किया गया है। बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने सभी क्षेत्रों में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए चल रही आरडीएसएस व अन्य योजनाओं को समय पर पूरा करने व विकास कार्यों के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना जनप्रतिनिधियों को देने के निर्देश दिए।

# मौसम में सुधार के बाद भी ठप हो रहीं बिजली इकाइयां

## मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप, मांग घटकर 27 हजार पर पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** तापमान घटते ही प्रदेश में बिजली की मांग में कमी शुरू हो गई है। बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट की गिरावट है। अधिकतम मांग घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। इसके बाद भी उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप हो गईं, इससे बिजली संकट गहरा गया।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 18,067 मेगावाट रही। भीषण गर्मी के कारण इस माह बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई थी। 13 जून को सबसे ज्यादा अधिकतम मांग 30,618 मेगावाट रिकार्ड हुई थी।

▶▶ बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट बिजली मांग में आई गिरावट

▶▶ मेजा से 660 मेगावाट व सिंगरौली से 2 सौ मेगावाट विद्युत की होती है आपूर्ति

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा की 660 मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं हैं। इन इकाइयों के अगले तीन-चार दिनों में चालू होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट की इकाई के 22 जून को चालू होने की संभावना जताई जा रही है। तीन इकाइयों के बंद होने से बिजली उत्पादन घट गया है। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है, हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर स्थिति काबू में की गई है।

**बिजली मांग की स्थिति**

| | |
|---|---|
| 12 जून | 30,240 मेगावाट |
| 13 जून | 30618 मेगावाट |
| 14 जून | 30,336 मेगावाट |
| 15 जून | 29,946 मेगावाट |
| 16 जून | 30,163 मेगावाट |
| 17 जून | 29,717 मेगावाट |
| 18 जून | 29,585 मेगावाट |
| 19 जून | 29,448 मेगावाट |

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। स्थानीय खराबी के कारण बाधित बिजली आपूर्ति को कम समय में बहाल करने के लिए प्रयास जारी हैं। इसके साथ ही अनावश्यक रूप से बिजली आपूर्ति न रोकने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## जीवंत अर्थव्यवस्था का केंद्र होगी पीतल नगरी

**अमृत विचार,लखनऊः** राज्य सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है। उद्देश्य है कि मुरादाबाद को जीवंत अर्थव्यवस्था (वाइब्रेंट इकोनॉमिक) केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के साथ ही 55 एकड़ में उप्र. राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है।

इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप ''शिवालिक'' और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत और 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है।

# केजीएमयू समेत प्रदेश के 14 विवि डिफाल्टर घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) समेत प्रदेश के 14 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालयों की ओर से लोकपाल न नियुक्त करने पर हुई है। विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त करना होता है।

डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (दंत), अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, टीएस मिश्र चिकित्सा विश्वविद्यालय, बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी, कानपुर स्थित चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, बलिया स्थित जननायक चंद्रशेखर यूनिवर्सिटी, आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहैलदेव राजकीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज स्थित प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) यूनिवर्सिटी, मेरठ स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ में ही महावीर यूनिवर्सिटी, मथुरा स्थित यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, इटावा स्थित उप्र. यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस सैफई, आगरा स्थित अग्रवान हैरिटेज यूनिवर्सिटी व एक अन्य यूनिवर्सिटी शामिल है। डिफाल्टर घोषित होने के साथ ही विश्वविद्यालयों ने लोकपाल नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मालूम हो कि केजीएमयू में दंत संकाय के कई विभाग पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में शिफ्ट किए गए हैं। जिसकी वजह से विभागों में व्यावहारिक दिक्कतें बनी हुई हैं, अव्यवस्था की सुनवाई के लिए सेल न होने की वजह से छात्र-छात्राओं की शिकायतों का निवारण नहीं हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यूजीसी के मानक न पूरे करने पर, यूजीसी ने इन्हें डिफाल्टर सूची में शामिल किया है।



▶▶ शिकायतों को दूर करने के लिए लोकपाल न नियुक्त करने पर यूजीसी ने की कार्रवाई

## शाइन सिटी के निदेशक सहित पांच पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊः** ईओडब्ल्यू के दरोगा ने शाइन सिटी के निदेशक सहित पांच लोगों पर धोखाधड़ी और कूटरचना का मामला मोहनलाल गंज थाने में दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने से पहले प्रकरण की वाराणसी कमिश्नरेट के अधिकारियों ने जांच भी की थी। इस दौरान प्रकरण में धोखाधड़ी और जालसाजी पाए जाने पर शिकायतकर्ता श्याम राज सिंह की शिकायत पर मोहनलालगंज पुलिस ने विक्रेता अमिताभ श्रीवास्तव, क्रेता पंकज मिश्रा, गवाह विपिन यादव एवं ज्ञान प्रकाश अवस्थी तथा तत्कालीन उपनिबंधक कार्यालय मोहनलालगंज के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बिना लिखित आश्वासन के खत्म नहीं होगा विरोध- प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के बाहर मृतक आश्रितों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। वर्ष 2018 से मृतक आश्रितों की भर्ती की उम्मीद लिए तमाम लोग मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते रहे और निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन करने वालों के अनुसार बीते चार दिनों से धरना प्रदर्शन में कोई भी अधिकारी अब आश्वासन तक देने नहीं आया। बिना लिखित आश्वासन के धरना प्रदर्शन स्थगित भी नहीं होगा। प्रदेश भर में ऐसे मृतक आश्रितों की संख्या 1000 से ज्यादा है।

▶▶ मृतक आश्रितों का धरना चौथे दिन भी रहा जारी

परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि निगम मुख्यालय के अधिकारी भी मृतक आश्रितों की भर्ती करने के पक्ष में हैं। लेकिन इसके लिए निगम का फायदे में होना जरूरी है। इस बीच कोर्ट जाने वाले मृतक आश्रितों को कोई राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि शासन की ओर से वर्ष 2004 में जारी अधिसूचना के मुताबिक निगम हो या सार्वजनिक उपक्रम, जब तक फायदे में नहीं होंगे, अनुकंपा पर भर्ती नहीं की जा सकती है।

## पांच माह में 25 हजार किलो मादक पदार्थ बरामद

**अमृत विचार,लखनऊः** प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर सरकार दवारा जबरदस्त कार्रवाई की गई है। 2024 की ही बात करें तो मई माह तक 24,529 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। वहीं केवल एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा की गई कार्रवाई में 70 करोड़ से ज्यादा कीमत का 7317 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया।

एडीजी क्राइम एसके भगत के मुताबिक मई 2024 तक अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर कुल 3,657 अभियोग दर्ज किए गए हैं। वहीं 4548 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। कुल 18,945.66 किग्रा गांजा, 5,151.81 किलो डोडा, 250.39 किलो अफीम, 412.93 किलो चरस, 97.94 किलो हेरोइन एवं स्मैक और 8.83 किलो मारफीन बरामद की गई है।

# नई बिजली दरों को लेकर जुलाई में होगी सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर जुलाई में जनसुनवाई होगी। आयोग बैठक कर बिजली उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। आयोग ने सुनवाई के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। आठ जुलाई को कानपुर में पहली सुनवाई होगी।

बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 व ट्रू-अप याचिका संबंधी आंकड़ समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार अब आयोग वितरण निगमों के साथ अलग-अलग तारीखों में आठ जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुनवाई करेगा। आठ जुलाई को केस्को कानपुर, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के साथ सुनवाई होगी। 11 जुलाई को मध्यांचल निगम के साथ राजधानी में आयोग सभागार में सुनवाई होगी। 16 जुलाई को पूर्वांचल निगम के साथ वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल निगम के साथ, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी ग्रेटर नोएडा में व 20 जुलाई को पश्चिमाचल निगम के साथ मेरठ में सुनवाई होगी। मालूम हो कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत बिजली कंपनियों की ओर से आयोग में जवाब दाखिल किया गया था, जिसमें कंपनियों ने आयोग से स्वतः दरें निर्धारित करने की मांग की थी। आयोग के निर्देश के बाद भी कंपनियों ने उपभोक्ता श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव नहीं दिया था।

▶▶ 8 जुलाई को कानपुर में होगी पहली बैठक

# चकबंदी विभाग के दो अधिकारी समेत चार निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कार्य में लापरवाही पाये जाने पर चकबंदी विभाग के दो अधिकारियों समेत चार कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ के दो चकबंदी अधिकारी व दो सहायक चकबंदी अधिकारी, एक चकबंदीकर्ता व एक चकबंदी लेखपाल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

चकबंदी आयुक्त जीएस. नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम पाई तहसील खागा फतेहपुर के निवासी रवीकरन सिंह के प्रकरण में जांच कराई गई। जांच आख्या के आधार पर दोषी पाये गये तत्कालीन बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी फतेहपुर बीएन उपाध्याय को निलम्बित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस प्रकरण में संलिप्त और दोषी पाए गये चकबंदी लेखपाल संदीप कुमार को निलम्बित कर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मंडलायुक्त प्रयागराज की जांच आख्या के आधार पर सहायक चकबंदी अधिकारी फतेहपुर अनिल कुमार व चकबंदी अधिकारी फतेहपुर रवीन्द्रनाथ पांडेय को भी निलम्बित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। उन्होंने बताया कि ग्राम दिवैनी प्रतापगढ़ में कार्ययोजना के अनुसार कोई कार्य न करने के कारण उत्तरदायी चकबंदी अधिकारी राजेश त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी लाल बहादुर, सहायक चकबंदी अधिकारी राधेश्याम गुप्ता व नंदलाल पटेल, चकबंदी कर्ता शम्भू प्रसाद, चकबंदी लेखपाल यादवेन्द्र कुमार पटेल के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

▶▶ 6 के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति

# राज्यकर सेवा संघ के दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए ज्योति, संरक्षक बने आनंजेय


उत्तर प्रदेश राज्य कर सेवा संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ अध्यक्ष ज्योति स्वरूप शुक्ला व संरक्षक आनंजेय कुमार रॉय।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्यकर सेवा संघ के चुनाव के साथ ही इंदिरानगर प्रतिष्ठान में चल रहा वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को पूरा हो गया। इस मौके पर संघ का नाम भी बदला गया। उप्र. राज्यकर सेवा संघ अब 'जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र' के नाम से जाना जाएगा। अधिवेशन मे हुए संघ के चुनाव के बाद देर शाम परिणाम आया। इसमें ज्योति स्वरूप शुक्ला को करीब 304 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रशांत सिंह को 179 मत मिले। उन्हें पीछे छोड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष पद पर चुना गया है। शुक्ला मुजफ्फरनगर में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी के पद पर तैनात हैं। वहीं संरक्षक पद पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-वन रहे वाणिज्यकर अधिकरण वाराणसी के सदस्य आनंजेय कुमार रॉय को संरक्षक चुना गया है। महासचिव पद पर अरुणेश कुमार सिंह को चुना गया। उन्हें 239 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे पंकज लाल को181 वोट मिले।

▶▶ अब जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र के नाम से जाना जाएगा संघ

वहीं उपाध्यक्ष पद पर तीन लोगों को चुना गया। इनमें प्रमुख रूप से अनिल मिश्रा, ज्योति यादव, डॉ. सतीश सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। कोषाध्यक्ष पद पर अमित मोहन और ऑडीटर पद पर सीके रल्हन को चुना गया है। संयुक्त सचिव पारुल राजवंशी, विराट प्रताप सिंह, संदीप कुमार व श्याम सुंदर पाठक बनाए गए। यह जानकारी शासन में संयुक्त सचिव पद पर तैनात एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 ब्रजेश मिश्र ने दी। लखनऊ की विशेष अनुसंधान शाखा के ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 483 वोट पडे। प्रदेश के करीब 800 अधिकारियों की मौजूदगी में चुनाव संपन्न हुआ। अधिकारियों की पसंद रहे संरक्षक एवं अध्यक्ष की पूरी टीम को उन्होंने बधाई भी दी। इसके अलावा बधाई देने वालों में एडि. कमिश्रनर दिनेश चंद्र मिश्र, जेसी अरुण शंकर रॉय, संजय कुमार भदौरिया आदि अफसरों ने चुनी गई टीम को शुभकामनाएं दीं।

**छवि धूमिल** गाड़ी से हूटर, सायरन, फ्लैशलाइट उतारने के अभियान में मनमानी

# ...फिर जीरो टॉलरेंस की मंशा को दागदार नहीं कर सकेंगे दारोगा

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुछ दिनों की बात है, इसके बाद कानून का अनुपालन कराने के मद्देनजर दारोगा भी अपनी कानूनी शक्तियों का अनुचित इस्तेमाल करने में हिचकेगा। 1 जुलाई से लागू होने जा रहे स्वदेशी कानूनों में परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर जोर देने के साथ पुलिस भी जवाबदेह बनेगी। दरअसल, गाड़ी से हूटर, सायरन, फ्लैशलाइट उतारने के ताजा आदेश को लेकर फील्ड पुलिस के इसी रवैये पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस वालों ने कहीं किसी प्रशासनिक अधिकारी का पीछा कर बत्ती उतरवाई तो किसी महिला अधिकारी की गाड़ी बीच चौराहे रोककर हूटर हटा दिया। फील्ड पुलिस इस कानून का पालन कराने को लेकर इतनी सख्त है कि एडीएम, एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार ही नहीं एमपी, एमएलए भी परेशान और आहत महसूस कर रहें हैं।

● 1 जुलाई से स्वदेशी कानून लगाएगा पुलिस के अमर्यादित आचरण पर अंकुश

आरोप यह लग रहा है कि पुलिस की कार्रवाई प्रशासन के अधिकारियों को टारगेट करके सड़क पर बेइज्जत करने की है। इसीलिए बीच सड़क इन अधिकारियों की गाड़ी को घेरकर बत्ती-हूटर उतारे गए और वीडियो वायरल करवाया सो अलग। ऐसे में मुख्यमंत्री की वीआईपी संस्कृति समाप्त करने की मंशा के विपरीत वीआईपी को ही निशाना बनाने का संदेश कुछ पुलिसकर्मियों के चलते प्रसारित होने लगा।

सीआरपीसी की धारा 36 में थाना इचार्ज को मिले विशेषाधिकार, उच्चाधिकारियों को मिले कानूनी अधिकारों की ही तरह हैं। ऐसे में अकसर थाने को अपनी शक्तियों में समाहित करने की फील्ड और उच्च पद पर बैठे पुलिस अफसरों के बीच खींचतान भी रहती है। इसी खींचतान के तहत ही माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के आदेश की आड़ लेकर व्यक्तिगत नंबर बढ़वाने का सिलसिला चल निकला है। इसमें संदेह नहीं की सरकार और व्यवस्था का उद्देश्य जीरो टॉलरेंस नीति को अमल में लाने की है लेकिन व्यावहारिकता में संदेश नकारात्मक गया। बहरहाल, 1 जुलाई से अंग्रेजों के जमाने के इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट में बदलाव होने जा रहा है।

> कानून का अनुपालन कराने की स्थिति में भी स्वविवेक और मर्यादा का पालन करना ही चाहिए। अपराधी और अपराध की प्रवत्ति के मद्देनजर ही पुलिस की कार्रवाई में सख्ती दिखायी जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो लक्ष्मणरेखा लांघने से बचना चाहिए। नये कानूनों का संज्ञान लेते हुए पुलिस को भी कार्यशैली बदलनी होगी। –अरुण गुप्ता, पूर्व आईपीएस

> इसमें संदेह नहीं कि पुलिस मनमानी दिखाती है, लेकिन मोटर व्हिकल एक्ट के उल्लघंन पर कार्रवाई अवश्य की जानी चाहिए। अगर उल्लंघन है तो चालान काटा जाए। दुर्व्यवहार न तो पुलिस की ओर से हो और न ही कानून तोड़ने वाले की तरफ से। –शैलेन्द्रनाथ, सेवानिवृत्त न्यायाधीश

NIMISHA
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# जालसाजों ने 5 वर्षों में 3 संस्थानों को लगाया 394 करोड़ का चूना

## 390 करोड़ की पुलिस ने कराई रिकवरी, 725 करोड़ उड़ाने की थी साजिश, 29 आरोपी गिरफ्तार, 15 अन्य की हो रही तलाश

इंद्र भूषण दुबे, लखनऊ

▶▶ यूपीडा, कोआपरेटिव बैंक के बाद एकेटीयू को जालसाजों ने बनाया निशाना

**अमृत विचार :** यूं तो जालसाजों ने लाखों की संख्या में लोगों से विभिन्न तरीकों से करोड़ों रुपये हड़पे होंगे लेकिन बीते पांच सालों में उन्होंने तीन बड़े हाथ मारने का साजिश रची। इसमें यूपीडा, कोआपरेटिव बैंक और एकेटीयू से जालसाजों ने कुल 725 करोड़ हड़पने की साजिश रची। 394 करोड़ रुपये ठिकाने भी लगाए लेकिन पुलिस ने लगभग पूरी रिकवर करा दी।

इसमें कुल कुल 29 आरोपी गिरफ्तार किए गए लेकिन 15 की तलाश अभी भी की जा रही है।

लखनऊ पुलिस, साइबर क्राइम थाने की टीम व एसटीएफ के अनुसार, पहला मामला वर्ष 2020 में सामने आया जब उत्तर प्रदेश राज्य मार्ग प्राधिकरण (यूपीडा) के खाते से जालसाजों ने 125 करोड़ रुपये उड़ा लिये।

वहीं, अक्तूबर 2022 में हजरतगंज स्थित कोआपरेटिव बैंक मुख्यालय से 300 करोड़ रुपये उड़ाने की साजिश रची और 149 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर लिये। लिमिट तय होने के कारण 151 करोड़ जालसाज ट्रांसफर नहीं कर सके। इसके बाद जून 2024 में एकेटीयू के खाते में सेंध लगाते हुए जालसाजों ने 300 करोड़ हड़पने की साजिश रची। इसमें 120 करोड़ रुपये उड़ा भी लिए।

### दिल्ली, लखनऊ, गुजरात और महाराष्ट्र से है आरोपी

यूपीडा से 125 करोड़ रुपये उड़ाने में मास्टर माइंड दिल्ली के जीटीबी एन्क्लेव निवासी अमरनाथ गुप्ता था। उसका साथ लखनऊ के गोसाईंगंज स्थित गुदौली निवासी प्रभाष चंद्र श्रीवास्तव ने दिया। इसके बाद इस मामले में पांच लोगों को और गिरफ्तार किया गया। वहीं, कोआपरेटिव बैंक से 149 करोड़ रुपये उड़ाने के मामले में लखनऊ का बिल्डर गंगा सागर चौहान और मास्टर माइंड ध्रुव शामिल था। इन दोनों ने सचिवालय में तैनात रामराज व गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर रकम उड़ाने के लिए एक करोड़ रुपये खर्च किए थे। रकम की हेराफेरी के लिए मुंबई के तीन हैकरों की सेवाएं लीं। इस मामले में कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ उड़ाने में गुजरात, महाराष्ट्र और यूपी के 7 जालसाज पकड़े गए। अभी चार गुजरात, पांच यूपी और चार महाराष्ट्र के जालसाज की तलाश की जा रही है।

### 49 माह में तीन बार हुई बैंक खातों में सेंधमारी

पुलिस की जांच में सामने आया कि 49 माह में राजधानी के बड़े संस्थानों के खातों में तीन बार सेंधमारी हो चुकी है। 26 मई 2020 को पीएनबी बैंक विभूतिखंड से 125 करोड़ रुपये उड़ा लिए गए। इसके 29 माह बाद आपरेटिव बैंक के खाते से 149 करोड़ निकाले गए। फिर 20 माह बाद जालसाजों ने एकेटीयू के खाते पर अटैक किया और 120 करोड़ की हेराफेरी की।

### बैंक कर्मियों की मिलीभगत सामने आई

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी बृजेश यादव ने बताया कि अब के हुए हेराफेरी के मामलों में बैंक के कर्मचारी और अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई। यूपीडा में बैंक के अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से 125 करोड़ का ड्राफ्ट जालसाजों को मिला। कोआपरेटिव बैंक के कर्मचारी व पूर्व प्रबंधक के सहयोग से 149 करोड़ रुपये उड़ाए गए। एकेटीयू के मामले में भी बैंक के मुख्य प्रबंधक, तीन सहायक प्रबंधक और एक बाबू की भूमिका सामने आई।

एकेटीयू में 120 करोड़ की हेराफेरी का मामला

# बैंक व एकेटीयू कर्मियों समेत 70 मोबाइल नंबर रडार पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**10** अधिकारियों व कर्मचारियों से की गई पूछताछ

**अमृत विचार :** 120 करोड़ की हेराफेरी में बैंक और एकेटीयू के 10 कर्मचारियों व अधिकारियों से पूछताछ की गई। दोनों संस्थानों के कर्मचारियों, अधिकारियों और संदिग्ध मिले 70 मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर रखा गया है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी के मुताबिक इस मामले में पुलिस की तीन टीम गुजरात, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में डेरा डाल रखा है। यहां अब तक 18 संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी गई है। पुलिस टीम को जो मोबाइल नंबर हाथ लगे हैं। उसमें ज्यादातर फर्जी नाम व पते पर लिए गए हैं। जल्द ही दो और टीमें गुजरात और महाराष्ट्र जाएंगी।

**बैंक और एकेटीयू से मिले चार फुटेज :** प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में वारदात वाले दिन की चार सीसीटीवी कैमरों के फुटेज मिले हैं। इनमें दो एकेटीयू और दो बैंक से उपलब्ध कराए गए हैं। एक टीम इसका अध्ययन कर रही है। छह लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। जल्द ही कुछ और नाम सामने आ सकते हैं। वहीं, शुक्रवार को पुलिस की एक टीम एकेटीयू और बैंक गई थी। दूसरी मेल भेजने वाले आईपी एड्रेस की डिटेल खंगाल रही है।

### रिमांड पर लिए जा सकते हैं सातों आरोपी

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक उनकी टीमें बैंक और एकेटीयू में भी जांच कर रही है। गिरोह के सदस्यों के बारे में पूरा ब्योरा जुटाया जा रहा है। वहीं, जेल में बंद सातों आरोपितों के बयान लेने के लिये कोर्ट से भी पुलिस अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही कागजी कार्रवाई पूरी कर रिमांड पर लिया जाएगा।

**हिमाचल में मिली अनुराग की लोकेशन :** वारदात के बाद अनुराग हिमाचल प्रदेश भाग गया। उसकी अंतिम लोकेशन बुधवार को मनाली में मिली थी। पुलिस को अनुराग के मोबाइल नंबर से एक दर्जन नंबर हिमाचल प्रदेश से जुड़े मिले हैं। इनमें कुछ बंद आ रहे हैं।

### बैंक में कभी नहीं मिला अनुराग

प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव ने एकेटीयू के अफसरों से पूछा कि इतनी बड़ी रकम ट्रांसफर करने की डील जालसाज अनुराग श्रीवास्तव से करते रहे और यह जान ही नहीं सके कि वह बैंक अधिकारी नहीं है। एक कर्मचारी ने विवेचक को बताया कि वह लोग बैंक में जब भी गये, अनुराग नहीं दिखा। एकेटीयू के वित्त विभाग का काम देखने वाले किसी कर्मचारी या अफसर ने बैंक जाकर पड़ताल क्यों नहीं। सूत्रों का कहना है कि एकेटीयू के अफसर व कर्मचारी इन सवालों में फंस गये और संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इनकी भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

**मौसम**

एक दिन बाद मानसून आने की संभावना जताई गई है।

39.2° अधिकतम तापमान | 29.2° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**



- उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह में संत कबीर अकादमी, कबीर ट्रस्ट और उड़ान की ओर से कबीर जयंती पर संगीत कार्यक्रम- 5:00।
- दुबग्गा हरदोई रोड स्थित हनुमान मंदिर में सनातन गोरखा कल्याण समिति का भंडारा- 4:00 बजे।
- हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में उर्दू पढ़ाओ उर्दू बढ़ाओ कार्यक्रम- 4:30 बजे।
- चारबाग रेलवे स्टेशन पर मानव आदर्श सेवा समिति की ओर से भजन संध्या और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान -7:00 बजे।

## सीएचसी मोहनलालगंज में 24 घंटे पैथोलॉजी की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज सीएचसी की पैथोलॉजी में अब कई प्रकार की जांचें 24 घंटे की जाएंगी। अभी तक सिर्फ ब्लड और यूरीन जैसी रूटीन जांच ही होती थीं। पैथोलॉजी में अत्याधुनिक सीबीसी, बॉयोकेमेस्ट्री सहित कई मशीनें लगाई गई हैं।

# लोहिया में डायलिसिस के दौरान नली निकली, बहा दो यूनिट खून

## परिजन ने किया हंगामा, शिकायत पर निदेशक ने जांच के लिए बनाई समिति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में डायलिसिस के दौरान नली निकलने से करीब दो यूनिट खून मरीज के बिस्तर पर बह गया। बिस्तर के साथ मरीज के कपड़े खून से भीग गए। आरोप है कि जानकारी देने के बाद भी टेक्नीशियन व कर्मचारी नहीं आए। परिजन ने हंगामा किया तब पहुंचे और नली को जोड़ा। खून शरीर में न पहुंचने से मरीज की जान पर बन आई। मरीज के भाई ने संस्थान के निदेशक को शिकायती पत्र देकर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। निदेशक ने सीएमएस के नेतृत्व में जांच के लिए समिति बनाई है।

बस्ती के खरहटिया गांव निवासी चंद्रभूषण पाठक ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक शिकायती पत्र दिया है। इसमें उन्होंने बताया कि किडनी में परेशानी होने पर बड़े भाई चन्द्रशेखर पाठक को 30 मई को लोहिया संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग में भर्ती कराया था। यहां जांच के बाद डॉक्टर ने किडनी खराब होने की जानकारी देकर नियमित डायलिसिस की सलाह दी। अस्पताल से 13 जून को मरीज को छुट्टी दे दी गई। 18 जून को फिर उन्हें डायलिसिस के लिए नेफ्रोलॉजी विभाग लाया गया। आरोप लगाया कि डायलिसिस के दौरान टेक्नीशियन व कर्मचारी की लापरवाही से नली निकल गई। इससे खून खून बिस्तर पर बहता रहा। बेड पर बिछी चादर और मरीज का कुर्ता-बनियान खून से भीग गए।



डायलिसिस के दौरान मरीज।

### डायलिसिस शुरू होते ही परिजन को किया बाहर

चंद्रभूषण के मुताबिक डायलिसिस शुरू होते ही परिजन को वार्ड से बाहर कर दिया गया। घटना रात करीब 7:45 से 8:45 के बीच की है। डायलिसिस के दौरान भतीजी अंदर गई। नली से खून बहता देख उसने शोर मचाया। सूचना देने के काफी देर बाद भी कोई कर्मचारी नहीं आया। जब खून फर्श पर गिरने लगा तब परिजन ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद कर्मचारी व टेक्नीशियन डायलिसिस यूनिट पहुंचे और नली को आईजीवी नली से जोड़ा।

> प्रथम दृष्टया पता चला है कि इतनी मात्रा में खून नहीं बहा है, जैसा कि परिजन आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल शिकायत का संज्ञान लेकर सीएमएस के नेतृत्व में जांच समिति का गठन किया गया है। शनिवार तक रिपोर्ट आ जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> -प्रो .सीएम सिंह, निदेशक लोहिया संस्थान

### पहले भी हुई लापरवाही

- **19 जून :** त्रिवेणीनगर के साठ फिट रोड निवासी पवित्र श्रीवास्तव ने डेढ़ माह की बच्ची को केजीएमयू के ओपीडी में रूटीन टीकाकरण लगवाया था। बच्ची की हालत बिगड़ने पर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने टीका लगाने में लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले की जांच प्रचलित है।
- **3 मई :** बलरामपुर अस्पताल में भर्ती 10 साल की बच्ची को ड्रिप के माध्यम से एक्सपायरी इंजेक्शन चढ़ा दिया गया था। परिजनों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन ने वार्ड में कार्यरत छह नर्सों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया था।
- **13 मार्च :** सीएचसी अलीगंज में मड़ियांव निवासी अमन मिश्रा अपनी भाभी के साथ उनकी साढ़े तीन माह की बच्ची को नियमित टीका लगवाने पहुंचे थे। नर्स निर्मला जोशी ने बच्ची की जगह मां को ही टीका लगा दिया। इस बीच जब मां ने बताया कि बच्ची को टीका लगना हैं तो उसी ब्लड लगी निडिल से बच्ची को टीका लगा दिया गया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा किया था।

## अलीगंज व दुबग्गा में दो निर्माण सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अलीगंज व दुबग्गा में दो भवन निर्माण सील कर दिए। इसमें एक प्राधिकरण की आवंटित जगह पर नियम विरुद्ध निर्माण करने पर कार्रवाई की गई।

जोन-4 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि अलीगंज के सेक्टर-क्यू में प्राधिकरण द्वारा भवन आवंटित किया गया था। उसके बाहर खाली पड़ी जमीन पर रश्मि तिवारी व अन्य लोग भवन निर्माण करा रहे थे। नियम विरुद्ध होने पर सील कर दिया गया।

प्रवर्तन जोन-7 में दुबग्गा कानपुर बाईपास रोड पर करीब 1100 वर्गफीट क्षेत्रफल के भूखंड पर डॉ. नसीम व अन्य द्वारा कराया जा रहा व्यावसायिक निर्माण सील किया गया।



दूसरी बार रक्षामंत्री बनने के बाद राजधानी आए राजनाथ सिंह का अमौसी एयरपोर्ट पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।



झूलेलाल घाट पर गोमती नदी की महाआरती करते सनातन महासभा से जुड़े लोग। अमृत विचार

## महाआरती के समय 501 दीपों से जगमगा उठी गोमती

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर सनातन महासभा ने झूलेलाल घाट पर गोमती की महाआरती का आयोजन किया। सात भव्य मंचों पर स्वामी आनंद नारायण, स्वामी हरेंद्र नाथ और देवेंद्र शुक्ल के मार्गदर्शन में महाआरती हुई। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि मोनिका अग्रवाल ने गणेश वंदना और सुमित सिंह ने कथक प्रस्तुत किया। देवताओं के रूप में बच्चे शामिल हुए। मालविका बाजपेयी व देवेश ठाकुर के निर्देशन में योग पर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें शामिल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल देकर मेट्रो रेल के एमडी सुदीप सिंह ने सम्मानित किया। एमडी को सनातन शिरोमणि सम्मान, केडी मिश्र, रमेश श्रीवास्तव सहित 11 योग शिक्षकों को सनातन योग गौरव से सम्मानित किया गया। 14 विशिष्ट समाजसेवियों का जन्मदिन व विवाह वर्षगांठ मनाई गई। 501 दीपों से घाट दिवाली की तरह जगमगा उठा।

## गरीब रथ और अवध आसाम सहित चार ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के दुगनपुर में नॉन इंटरलाकिंग का काम शुक्रवार से शुरू हुआ। इसके लिए सात दिन का मेगा ब्लॉक लिया गया है। इससे गरीब रथ, अवध आसाम सहित चार ट्रेनें चंदौसी होकर चलाई जाएंगी। डिब्रूगढ़ राजधानी समेत 22 ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित होगा। ब्लाक 26 जून तक चलेगा।

20 जून से एनआई का काम शुरू हो ने से रेल संचालन में फेरबदल किया गया है। शनिवार 22 जून को गरीब रथ (12204), कुंभ एक्सप्रेस-12369 और अवध आसाम एक्सप्रेस-15909-10 ट्रेनें चंदौसी, बरेली कैंट होकर चलेंगी। ट्रेनों के अलग-अलग दिनों में यह फेरबदल किया गया है। इसके अलावा नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, जननायक, गरीब रथ, सहरसा अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस, स्पेशल ट्रेनें दिल्ली दरभंगा, आनंद विहार-अयोध्या, श्रीमाता वैष्णोदेवी-गुहावटी ट्रेनें देरी से चलेंगी। राजधानी डिब्रूगढ़, जननायक, काशी, नांगलडैम-कोलकत्ता और स्पेशल सहित नौ ट्रेनों को रास्ते में रोककर चलाया जाएगा।

## समाज और देश बनाने के लिए करते हैं राजनीति : राजनाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** हम राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि समाज और देश बनाने के लिए करते हैं। यह बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तीसरी बार चुनाव जीतने पर शुक्रवार को लखनऊ आने पर कही।

राजनाथ सिंह के प्रथम आगमन पर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल डॉ. महेंद्र सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला आदि ने उनका स्वागत किया। कुछ कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की। इसके बाद रक्षामंत्री एयरपोर्ट से सीधे हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे और पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त लिया। यहां से वह वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एलपी मिश्रा के निराला नगर स्थित आवास गए। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इसके बाद रक्षामंत्री अलीगंज स्थित संदीप सिंघल के आवास गए और हाल ही में हुई उनकी माता जी के निधन पर परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।

## जलकल की लाइन से आ रहा दूषित पानी पीकर बीमार हो गया बच्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बताया, मोहल्ले के 50 घरों में तीन महीने से हो रही दूषित पानी की आपूर्ति

▶▶ बोतल में पानी लेकर नगर निगम के समाधान दिवस पहुंचे शक्तिनगर के मोहसिन

**अमृत विचार :** शक्ति नगर में जलकल की पेयजल लाइन से सीवर के दूषित और गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। दूषित पानी पीने से एक व्यक्ति का बच्चा बीमार हो गया, वह बोतल में गंदा पानी लेकर नगर निगम के समाधान दिवस में पहुंच गया और अपर नगर आयुक्त से शिकायत की। उन्होंने जलकल अधिकारियों को फोन कर शाम तक समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

नगर निगम में शुक्रवार को गृहकर समाधान दिवस चल रहा था। इसमें इंदिरा नगर ई ब्लाक, शक्ति नगर निवासी मोहसिन बोतल में गंदा पानी लेकर पहुंचे। बोतल का पानी अपर नगर आयुक्त डॉ. एके राव को दिखाते हुए मोहसिन ने बताया कि मोहल्ले के 50 घरों में सीवर का ऐसा गंदा पानी आ रहा है। ये पानी पीने से मेरा तीन साल का बच्चा बीमार हो गया है।

दूषित पानी की आपूर्ति की समस्या तीन माह से है। नगर निगम में शिकायत करने पर समाधान हुआ था, लेकिन दो-तीन दिन बाद फिर गंदा पानी आने लगा। दूषित पानी पीने से मोहल्ले में कोई न कोई बीमार हो रहा है। अपर नगर आयुक्त ने मोहसिन को समाधान कराने का आश्वासन दिया।

उन्होंने जलकल के अधिकारियों को फोन कर शाम तक समाधान करने के निर्देश दिए। जलकल अधिकारियों ने सीवर और पेयजल लाइन में लीकेज के कारण समस्या होने की बात कही है।

### आरओ से आती बदबू बाहर से मंगाते पानी

मोहसिन ने बताया कि बराबर पानी गंदा आता है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की और समाधान के नाम पर खानापूरी की गई। ज्यादातर लोगों ने घरों पर आरओ लगवा लिए। आरओ से फिल्टर करने के बाद भी पानी से बदबू आती है। इस वजह से लोग बाहर से पानी मंगाकर पीते हैं। कई ऐसे परिवार हैं जो आरओ लगवाने और खरीदकर पानी पीने में सक्षम नहीं हैं।

**महंगाई की मार** — दाल, सब्जी, तेल सभी महंगा, 10 दिनों में हरी सब्जियों के भाव हुए दोगुने

# थाली हुई महंगी, दाल के बाद अब हरी सब्जियां और तेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** थाली दिन-पर-दिन महंगी होती जा रही है। थाली में आमजन के प्रयोग वाले रोजमर्रा के सभी आइटम तेज हैं। तेज कीमतों की चलते दाल की मात्रा थाली से पहले ही कम हो गई है।

बची कसर अब सब्जियों ने पूरी कर दी है। मात्र दस दिनों में हरी सब्जियों की कीमत दोगुनी रफ्तार पकड़ चुकी हैं। तड़का और सब्जी में प्रयोग होने वाला सरसों का तेल भी दस रुपये लीटर से अधिक का उछाल ले चुका है। कारोबारियों की मानें तो लोकल माल की कमी के कारण हरी सब्जियों के दाम में उछाल आया है। इनमें तरोई, लौकी, पालक, धनिया, पुदीना, कद्दू, टमाटर, शिमला मिर्च, नींबू आदि सब्जियां शामिल हैं। और तो और 25 रुपये बिक रहा आलू अब 40 रुपये किलो पहुंच गया है।



> बढ़ते तापक्रम और लोकल माल की कमी से हरी सब्जियां तेज हैं। आम आने लगा है। ऐसे में ग्राहकों का ध्यान महंगी सब्जी और दाल से हट चुका है। किसान भी गर्मी के चलते हरी सब्जी कम तोड़ रहा है। आलू और टमाटर तक रिकार्ड बना रहे हैं।
>
> -अमित भगत, फुटकर सब्जी विक्रेता

> अरहर दाल वैसे ही बाजार में कम है। ऐसे में दाल महंगी होना स्वाभाविक है। बाहर से भी आने वाली दलहन महंगी पड़ रही है लेकिन फिर भी आम आने की वजह से दाल की कीमतें स्थिर होकर रह गई हैं।
>
> -भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष, लखनऊ मिलर्स एसोसिएशन डालीगंज

> सरसों की फसल बढ़िया होने के बाद भी तेल का भाव तेज है। अभी पखवारा भर पहले सरसों का तेल 127 रुपये लीटर बिक रहा था। आज का रेट देखा जाए तो अब इसकी कीमत में 13 रुपये लीटर की तेजी है।
>
> -संजय सिंघल, व्यापारी सिटी स्टेशन सुभाष मार्ग

| दालें | आज का भाव (रुपये प्रति किलो) |
|---|---|
| अरहर दाल अव्वल पुखराज ब्रांड | 175 |
| सूरजमुखी | 168 |
| डायमं | 145 |
| उड़द दाल अव्वल (काली) | 105 |
| उड़द दाल अव्वल देशी (हरी) | 150 |

| सरसों का तेल (प्रति लीटर रुपये में) | |
|---|---|
| 15 दिन पहले | आज का रेट |
| 127 | 140 |

| सब्जी के प्रकार | 10 से 15 दिन पहले | आज (कीमत रुपये प्रति किलो) |
|---|---|---|
| तोरई | 15 से 20 | 35 से 40 |
| लौकी | 15 से 20 | 40 से 50 |
| कद्दू | 15 से 20 | 35 से 40 |
| पालक | 20 से 25 | 40 से 50 |
| धनिया | 80 से 150 | 150 से 300 |
| पुदीना | 30 से 40 | 60 से 80 |
| शिमला मिर्च | 80 से 100 | 175 से 200 |
| प्याज | 25 से 30 | 40 से 50 |
| टमाटर | 15 से 20 | 50 से 60 |
| नींबू | 100 से 120 | 200 से 250 |

# नेट-नीट में अनियमितता के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की पुलिस से झड़प, हिरासत में लिए गए सैकड़ों कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बैरिकेडिंग पर चढ़कर आगे बढ़ने का प्रयास करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कार्यकर्ताओं को रोकते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** यूजीसी नेट और नीट में धांधली का आरोप लगाकर शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राजधानी में हल्लाबोल किया। विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को रोकने के लिए पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय के पास बैरिकेडिंग लगा दी। कांग्रेसी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए, उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। बैरिकेडिंग कूद आगे बढ़े कांग्रेस अध्यक्ष की पुलिस से झड़प हो गई। प्रदर्शन उग्र होता देख पुलिस अजय राय समेत सैकड़ों कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डेन में बनी अस्थायी जेल भेज दिया। कुछ समय बाद सभी को छोड़ दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से निकले प्रदर्शनकारी 'मोदी सरकार मुर्दाबाद', 'भाजपा सरकार मुर्दाबाद', 'नीट रद करो', 'धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो' के नारे लगा रहे थे। गिरफ्तारी के दौरान अजय राय ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में युवाओं के प्रति इतनी संवेदनहीन सरकार कभी नहीं देखी गई। इस सरकार में चाहे प्रतियोगी परीक्षा हो, रोजगार की परीक्षा हो, सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती चली गईं। एक भी परीक्षा नहीं हुई जिसमें पेपर लीक ना हुआ हो। सरकार लगातार नकल माफियाओं पर नकेल कसने में नाकामयाब रही है। ऐसा प्रतीत होता है की इन अपराधियों को सत्ता संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस पार्टी युवाओं के हितों के साथ अन्याय नहीं होने देगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

प्रदर्शन में सांसद राकेश राठौर, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, मुईद अहमद, इन्दल रावत, शिव पाण्डेय, दिनेश सिंह, अनिल यादव, मुकेश सिंह चौहान, वेद प्रकाश त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, कमलेश भारती, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, प्रदीप सिंह, ममता चौधरी, अनामिका यादव, ललन कुमार, राजेश सिंह काली, सम्पूर्णानंद मिश्रा, डॉ. आशीष दीक्षित, मो. तारिक, जितेंद्र पासी, सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।



कांग्रेस कार्यकर्ता को पकड़े पुलिसकर्मी।



हजरतगंज चौराहे पर नारेबाजी करते सपा छात्रसभा के पदाधिकारी। : अमृत विचार

# सपा छात्र सभा ने किया हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूजीसी नेट और नीट परीक्षा को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। हंगामा बढ़ने पर पुलिस सपाइयों सपाइयों को उठाकर इकोगार्डन ले गई और ढाई घंटे हिरासत में रखा। प्रदेश अध्यक्ष ने यूजीसी नेट और नीट मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग का ज्ञापन पुलिस अधिकारियों को सौंपा।

छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में करीब सवा बजे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ हजरतगंज चौराहे पहुंचे और सरकार विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया।





हजरतगंज चौराहे से सपा छात्रसभा के कार्यकर्ताओं को उठाकर ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**▶▶ ढाई घंटे तक हिरासत में रखे गए प्रदर्शनकारी, ज्ञापन लेकर छोड़ा**

चौराहे से हटाने पर प्रदेश अध्यक्ष और पुलिस अधिकारियों में नोकझोंक हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उठा, उठाकर अपनी बस बैठाया और इकोगार्डन ले गई। वहां प्रदर्शनकारियों को 4:30 बजे तक हिरासत में रखा गया। विनीत कुशवाहा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पुलिस अधिकारियों को सौंपा। जिसमें यूजीसी नेट और नीट मामले में निष्पक्ष जांच की मांग के साथ व्यवस्था पर सवाल खड़े गए। ज्ञापन देने के दौरान कांची सिंह यादव, ममता शर्मा, वैभव सोनी, अमर यादव, अवनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## प्रमुख मुख्य अभियंता ने की चारबाग स्टेशन पर कार्यों की जांच

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर रेलवे के दिल्ली स्थित मुख्यालय बडौदा हाउस के प्रमुख मुख्य अभियंता विजय प्रताप सिंह शुक्रवार को राजधानी पहुंचे। डीआरएम कार्यालय में डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा और अन्य अफसरों के साथ बैठक की। इसमें चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन की जानकारी लेने के साथ स्टेशन की सेकेंड एंट्री पर चल रहे कार्यों को परखा। यात्री सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे स्टेशनों की जानकारी भी प्रमुख मुख्य अभियंता ने ली। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों एवं योजनाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

## चौक में जला ट्रांसफार्मर

**अमृत विचार, लखनऊः** शुक्रवार देर शाम 6:45 पर चौक के कटरा विजन के पास लगे 400 केवीए का ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण जल गया। जिसके चलते पूरे इलाके मे करीब 3 घंटे तक सप्लाई बाधित रही। इससे करीब 300 घर इससे प्रभावित रहे। तुरंत दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई को चालू किया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट / जोन** : लखनऊ–पू0उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / पू0उ0रे0 **नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0** : LJND-MPS-MUR-24 **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 14.06.2024 समय 18:17 बजे **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)**: 29.06.2024 समय 10:00 बजे **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 29.06.2024 समय 10:30 बजे **नीलामी का प्रकार** : Close Ended **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है** : E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

मुजाधि / वा0–62

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

**सं0 37 / 2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं.**: 1. **कार्य का विवरणः** टनकपुर स्टेशन पर मैकेनाइज्ड लॉउन्ड्री का प्रावधान। **अनुमानित लागत रुपयों में**: रू. 1,24,50,326.69 **बयाना राशि रुपयों में**: रू. 2,12,300 / – निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **09 माह**। **क्र. सं.**: 2. **कार्य का विवरणः** इज्जतनगर मंडल में वक्रों पर ट्रैक माउंटेड ऑटोमैटिक गेज फेस ल्यूब्रिकेटर की स्थापना। **अनुमानित लागत रुपयों में**: रू. 4,55,34,706.00 **बयाना राशि रुपयों में**: रू. 3,77,700 / – निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **06 माह**। **क्र. सं.**: 3. **कार्य का विवरणः** इज्जतनगर मंडल के 10 एन.जी.टी. स्टेशनों (रुद्रपुर सिटी, काठगोदाम, लालकुआँ, हल्द्वानी, काशीपुर, कन्नौज, कासगंज जंक्शन, बरेली सिटी, पीलीभीत एवं फर्रुखाबाद जंक्शन) पर वाटर फ्लो मीटर की स्थापना। **अनुमानित लागत रुपयों में**: रू. 10,00,000.00 **बयाना राशि रुपयों में**: रू. 20,000 / – निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **04 माह**। **1.** ई– निविदा दिनांक **12.07.2024** को **15.00 बजे** तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई– निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)

मुजाधि / डबलू–130 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें


## एक नजर

### शहर के कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई इलाको में शुक्रवार को घंटों सप्लाई बाधित रही। सेस-1 के औरंगाबाद खालसा, बेहटा, न्यू गरौड़ा में करीब 3 घंटे सप्लाई बाधित रही। वही उतरेठिया उपकेंद्र के सरन भट्ठा रोड, सतगुरूपुरम में घंटों बिजली गुल रही। इससे करीब 1000 लोग प्रभावित रहे। स्थानीय निवासियों के अनुसार बिजली गुल होने पर उपकेंद्र पर शिकायत के बावजूद कर्मचारी घंटो समस्या का समाधान नही करते। समस्या के बाबत नादरगंज के अवर अभियंता ने बताया कि हमारी ड्यूटी कही और लगी है। समस्या के निदान के लिए 1912 पर संपर्क पर करे। इंदिरा नगर सेक्टर-9 के कुंज बिहारी एक्लेव में रात 10 :30 से सप्लाई बाधित है, जिसे डेढ़ घंटे बाद भी सप्लाई को सामान्य नही किया जा सका।

### 5.50 लाख घरों पर सोलर रूफ टॉप संयंत्र लगाने का लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत शुक्रवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने 5 .50 लाख घरों पर सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। योजना के सफल कियान्वयन, निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति, बेहतर उपभोक्ता सेवा और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रसार के लिए सोलर रूफ टॉप संयंत्र की स्थापना के बाद समय नेट मीटर स्थापित करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से आदेशित किया गया है कि प्रत्येक वितरण खंड के अन्तर्गत पूर्व से सहायक अभियन्ता परीक्षण के कार्यालय में स्थापित मीटर परीक्षण शाला में आवश्यक टेस्टिंग टूल्स का इंतजाम किया जाए। साथ ही उपभोक्ता की ओर से उपलब्ध कराये गये नेट मीटर का परीक्षण समय से कराना सुनिश्चित किया जाए। जिससे आवेदकों का योजना के अन्तर्गत सब्सिडी और बिलों में बचत का लाभ मिल सके।

# जलभराव रोकने को औद्योगिक क्षेत्रों से अतिक्रमण हटवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में मंडलायुक्त ने दिए निर्देश**

**▶▶ एक्सप्रेसवे के दोनों ओर दो मीटर चौड़ी नाली भी बनवाएं**

**अमृत विचार :** उद्योग बंधु समिति की बैठक में मंडलायुक्त ने जलभराव रोकने के लिए बारिश से पहले औद्योगिक क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाकर सीवेज की सफाई और सड़कों का पैचवर्क कराने के निर्देश दिए। कहा कि उद्यमियों को किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए।

आयुक्त सभागार में शुक्रवार को हुई मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने की। उद्यमियों ने मंडलायुक्त को बताया कि औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनी नगर व बंथरा की इकाइयों में बारिश से जलभराव हो जाता है। इस पर मंडलायुक्त ने एनएचएआई, अपर जिलाधिकारी भूमि अधिग्रहण और उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर को अतिक्रमण/परिसम्पत्तियों को हटवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीपीआर बनाकर एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ जल निकासी के लिए दो मीटर चौड़ी नाली बनाने के निर्देश दिए।

संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि नादरगंज से सुनहरा रोड होते हुए रिंग रोड पर समाप्त होने वाली 5.7 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढीकरण कराने का लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन से बजट मांगा है। अपर आयुक्त न्यायिक शीलधर यादव, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग कंचन सुबोध समेत अन्य अधिकारी रहे।

# पॉश इलाके में वेलनेस सेंटर खोलने पर एडी ने मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्लम एरिया के बजाय पॉश इलाके में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने के मामले में अपर निदेशक (एडी) ने सीएमओ से जवाब मांगा है। शहर में मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर 108 वेलनेस सेंटर खुलने हैं। यह सभी सेंटर स्लम एरिया में खोले जाने का प्राविधान है। जिसका मकसद जरूरतमंद लोगों को उनके घर के पास विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा इलाज उपलब्ध कराना है।

लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने सेंटर खुलवाने में नियमों की अनदेखी की है। स्लम एरिया की बजाए पॉश कॉलोनियों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खुलवा दिए हैं। पॉश कॉलोनी में रहने वाले लोग इन केंद्रों पर इलाज के लिए बेहद कम जा रहे हैं।

**इन केंद्रों की हुई शिकायत :** त्रिवेणी नगर पीएचसी का संचालन सीएमओ आफिस के तत्कालीन डिप्टी सीएमओ की ससुराल में खुला है। उनकी पत्नी डब्लूएचओ में कार्यरत हैं। वहीं सीएमओ आफिस में तैनात रहे डिप्टी सीएमओ चिनहट स्थित अपने घर पर एक केंद्र खुलवाया है।

इसी तरह आशियाना पॉश कॉलोनी में पूर्व मंत्री घर पर भी एक केंद्र खुला है। इस मामले को लेकर आईजीआरएस हुई है। वहीं एडी आफिस से सीएमओ आफिस को पत्र भेजकर इन केंद्रों के बारे में जवाब मांगा गया है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के नोडल डॉ.बीएन यादव ने बताया मुझे अभी जल्द ही नोडल बनाया गया है। केंद्र आवंटन मामले में जानकारी नहीं है। मामले को दिखाकर केंद्रों को स्लम एरिया में शिफ्ट कराया जाएगा।

# एक दिन बाद शहर में मानसून आने की संभावना

कार्यालय संवाददता, लखनऊ



तेज धूप से बचाव के लिए दुपट्टा लपेटकर जातीं युवतियां। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हवा थामने से शुक्रवार को शहर का तापमान बढ़ गया और तेज धूप ने भी लोगों को परेशान किया। मौसम वैज्ञानिक ने एक दिन बाद मानसून आने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 39.2 और न्यूनतम 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, शुक्रवार सुबह से हवाओं का रुख थम गया। इससे तापमान में वृद्धि हो गई। हवाओं की रफ्तार 15 किमी प्रति घंटे के आसपास रही।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और निचले क्षोभमंडल में बंगाल की खाड़ी से आ रही नम पुरवा हवाओं के कारण मानसून आने की संभावना बढ़ गई है। मध्य क्षेत्र में पहुंचने में एक दिन से अधिक का समय लग सकता है। लू चलना बंद हो गई है।

### उरई में दिन और कानपुर में रात सबसे गर्म

उरई प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का दिन का अधिकतम तापमान 46 .6 डिग्री रिकार्ड किया गया। कानपुर में दिन का पारा 42 डिग्री रहा। यहां रात का तापमान प्रदेश में सबसे अधिक रहा, जो 29 .7 डिग्री रिकार्ड किया गया। प्रयागराज अधिकतम 42 और न्यूनतम 28 .6 रहा। आगरा 41 .5 और 27 .7 डिग्री रिकार्ड किया गया। बरेली का अधिकतम तापमान 39 .3 डिग्री और न्यूनतम 27 .4 डिग्री सेल्सियस रहा।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **12.07.2024** को 15:00 बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05402024 dated 21.06.2024 |
| 2 | **कार्य का नाम : 1.** सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता प्रतापगढ़ के अधिकार क्षेत्र में अंतु, मिश्रौली, जागेश्वरगंज, चिलबिला स्टेशन यार्ड में नाली का प्रावधान का कार्य और सुधार। **2.** सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता प्रतापगढ़ के अनुभाग में उपकर का पुनर्वास का कार्य। | |
| 3 | अनुमानित लागत | **1.** रू0 2,33,70,681.6, **2.** रू0 3,85,74,835.18 |
| 4 | धरोहर राशि | **1.** Rs. 2,66,900.00, **2.** Rs. 3,85,74,835.18 |
| 5 | कार्य समापन की अवधि | **1.** स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह **2.** स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह |
| 6 | निविदा डालने का प्रारंभ | 28.06.2024 |
| 7 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 12.07.2024 15:00 बजे |
| 8 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1877/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विकास भवन, लखनऊ**

**निविदा सूचना** दिनाँक 15–06–2024

यह कि स्वयं सेवी संस्थाओं एवं इच्छुक व्यक्तियों का जनपद लखनऊ के विकासखण्डों / ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित विभिन्न वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के संचालन सुनिश्चित करने हेतु चयन किया जाना है।

नवनिर्मित वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के नाम निम्न प्रकार है :–

1. सहिजना, विकासखण्ड मलिहाबाद
2. कठवारा, विकासखण्ड बी0के0टी0
3. मनमौना, विकासखण्ड काकोरी
4. तेज कृष्ण खेड़ा, विकासखण्ड काकोरी
5. बाजपुर गंगौरा, विकासखण्ड बी0के0टी0
6. नगवामऊ कला, विकासखण्ड बी0 के0टी0

नियम एवं शर्ते :–

1. यह कि उक्त वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों में लगभग 500 निराश्रित / बेसहारा गोवंशों का भरण–पोषण एवं संचालन का उत्तरदायित्व शत–प्रतिशत सुनिश्चित करना होगा।
2. चयनित स्वयं सेवी संस्थाओं एवं इच्छुक व्यक्तियों द्वारा अपने संसाधनों, जनसहयोग से गोसेवकों तथा गोवंश के भरण–पोषण की पूर्ण व्यवस्थाओं पर होने वाले व्यय का वहन सुनिश्चित करेगी।
3. वृहद गोसंरक्षण केन्द्र में रखे गये गोवंशों द्वारा उत्पादित गौ मूत्र एवं गोबर द्वारा औषधि आदि समस्त प्रकार के उत्पाद तैयार कराकर लाभ प्राप्त किया जाना है।
4. आश्रय स्थल में रखे गये गोवंशों द्वारा उत्पादित अनुपयुक्त अवशेष गोबर कम्पोस्ट द्वारा जैविक कृषि/बागवानी को बढ़ावा देने में लाभ प्राप्त किये जाने की कार्यवाही करना।
5. आश्रय स्थल में पंचगव्य पदार्थो आदि का निर्माण कर बायोगैस प्लांट आदि स्थापित कर अतिरिक्त आय सृजित करना।
6. यदि किसी स्वयं सेवी संस्थाओं एवं इच्छुक व्यक्तियों द्वारा पूर्व में किसी गोआश्रय स्थलों का संचालन किया गया है तो अनुभव सम्बन्धी प्रपत्रों की छायाप्रतियां संलग्न करें ताकि चयन के समय अनुभवी संस्थाओं एवं व्यक्तियों को प्राथमिकता प्रदान की जा सके।
7. स्वयं सेवा संस्थायें एवं इच्छुक व्यक्ति अपना भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2024 समय – 4:00 बजे तक मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विकास भवन, लखनऊ के कार्यालय में जमा करें।



**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन–2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक – 561/ ई0ई0–2/एल0 जे0एस0 दिनांक – 21/06/2024

**अल्प कालीन निविदा–सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 28/06/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 28/06/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of 09 Nos submiersible pump at defferent places of Yahiyaganj. Netaji Subhas Chandra Bose Ward , lko | 4700.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |
| 2 | Reparing of Murau Tola Tubewell Pump Room & Dozer Room Kunwer Jyoti Prasad Ward. Rajaji puram Lko | 3900.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त :–** 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–2**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**



अमृत विचार

**क्लासीफाइड**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना ललिया, जनपद बलरामपुर में सीज शुदा 06 दो पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक– 30/06/2024 को समय 10.00 बजे से थाना ललिया, जनपद बलरामपुर परिसर में नायब तहसीलदार बलरामपुर की उपस्थिति में होगा। इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए नियत तिथि व समय पर थाना ललिया परिसर मे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अग्रिम धनराशि 5000/– रूपये जमा करना होगा।

**प्रभारी निरीक्षक ललिया, जनपद– बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मानस प्रभा सिंह पुत्री राजकुमार सिंह, निवासिनी–ग्राम व पोस्ट दुधवन, थाना सरेनी तहसील लालगंज जिला रायबरेली पिनकोड– 229215, मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मानस प्रभा सिह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH शुद्ध व सही अंकित है परन्तु त्रुटिवश एलआईसी पॉलिसी बाण्ड में मेरा घरेलू नाम हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH अंकित हो गया है। यहकि मेरा मानस प्रभा सिंह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH SINGH व हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH दोनो नाम एक ही महिला के है अर्थात् मेरे है मैं दोनो नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पहले पति स्व. नसीमुद्दीन से उत्पन्न पुत्र मोहम्मद अरशद और पुत्रवधू अफसाना खान का चाल–चलन अच्छा न होने के कारण संबद्ध विच्छेद कर लिया है तथा चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी नैतिक–अनैतिक समेत अन्य सभी कार्यो से मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। कामिनी परवीन पत्नी नफीसुल हसन निवासी–जवाहर नगर पुखरायां कानपुर देहात।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शाहीन बानो पत्नी नवाज अहमद पुत्री शहजहाँ अली, निवासिनी मोह्न पुराना बाजार वार्ड नं0 8 मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।** शादी से पूर्व मैं शहनाज खातून के नाम जानी जाती थी। शादी के बाद मेरे अभिलेखों में शाहीन बानों अंकित है। मेरे पास कोई शैक्षिक अभिलेख नहीं मैं केवल साक्षर हूँ। यहकि शहनाज खातून व शाहीन बानों दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात मेरे है। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

**NOTICE**

I have lost my Ansal Akansha flat property papers like original builder buyer agreement, payment receipts and etc. Sunder Lal Agarwal S/o Mr. PC Agarwal, A 106 South City Raebareily Road Lucknow Ph: 9415007261

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा आधार कार्ड पर नाम उत्तम कुमार अंकित है। जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में उत्तम कुमार त्रिपाठी अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में भी उत्तम कुमार ही अंकित करें। **–उत्तम कुमार पुत्र राम सिहाते निवासी–ग्राम सिकंदरपुर बहराइच।**

**NOTICE**

I NIRMALA MISHRA W/O LATE SEP. JAGDISH DUTT MISHRA RESIDENCE 205 VISHNUPURI COLONY CIVIL LINE CITY AND DISTRICT GONDA U.P. DO HEREBY DECLARE THAT MY REAL NAME IS NIRMALA MISHRA NOT NIRMALA DEVI. I WISH TO BE KNOWN AS NIRMALA MISHRA.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राधा गुप्ता पत्नी स्व0 राधा रमण गुप्ता, निवासी–ई–4888, राजाजीपुरम लखनऊ** की हूं मेरा पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता है। मैं अपने पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता से हैरान परेशान, मार–पीट व गाली गलौज व गलत संगत से दुखी हूँ। सामाजिक मान मर्यादाओं में ध्यान रखते हुए अपने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी व उसके बच्चे से समस्त सम्बन्धों को समाप्त करती हूँ। उनके द्वारा भविष्य में किये जाने वाले किसी भी आसमाजिक कृत्य में संलिप्त होने पर व किसी भी लेन–देन के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हसीव पुत्र सलीम व पुत्रबधू शवनम के अलावा उसके बच्चों अय्यान, अदनान व खतीजा से संबंध विच्छेद कर रहीं हूं। इन सभी को मै अपनी चल व अचल संपत्ती से बेदखल करती हूं। उक्त सभी के कृत्यों व लेनदेन के लिए वे खुद जिम्मेदार होगें। इससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। **–रुखसाना वेगम पुत्नी सलीम निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित करना है कि निवास प्रमाण पत्र, खतौनी व बैंक खाते में मेरा नाम रेनू देवी पत्नी आत्माराम लिखा है जो सही है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शांती देवी अंकित है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम **रेनू देवी पत्नी आत्माराम निवासिनी अचलपुर तहसील तरबगंज थाना वजीरगंज जिला गोंडा** है

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या V 5309556 में नाम सोनू दर्ज है, जबकि आधार कार्ड, पैनकार्ड में अपना नाम SONU KUMAR अंकित करा लिया है। अब मुझे सोनू कुमार के नाम से ही जाना, है पहचाना जाता है। पासपोर्ट में सोनू कुमार अंकित किया जाए। **सोनू कुमार पुत्र रतिराम निवासी ग्राम व पोस्ट मरौचा तहसील पलिया कलां जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम SHIVAM TIWARI S/o JAGVIDIT TIWARI ये मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। मेरे मार्कशीट में JAG VIDIT TIWARI जगह JAGAVIDIT TIWARI हो गया है जबकि JAGAVI DIT TIWARI व JAGVIDIT TIWARI एक ही है। **शिवम् तिवारी पुत्र जग विदित तिवारी नि. ग्राम दयालापुर जगदीशपुर तह. गौरीगंज जनपद अमेठी उ.प्र. 227409**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Rahul Sahi और Rahul Pratap Sahi & Rahul Pratap Shahi कुछ अभिलेखों में लिखा है। उपयुक्त नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे Rahul Pratap Shahi के नाम से जाना पहचाना जाए। प्रार्थी राहुल प्रताप शाही S/O रमेश प्रताप शाही R/O 46 उमा कॉलोनी, कमला नेहरू नगर अजमेर रोड जयपुर, एफिडेविट नंबर UP86632577227750 W

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बैंक खाता नंबर 11243 एसबीआइ बभनान जिला गोंडा में संचालित है जिसमें आधार नहीं लगा है। मेरा नाम वास्तविक नाम शिवपूजन यादव पुत्र राम कुमार यादव निवासी महराजगंज ग्रंट थाना खोडारे है जबकि बैंक खाता खुलवाते समय मेरा नाम राम प्रकाश यादव पुत्र राम कुमार है। राम प्रकाश यादव व शिवपूजन यादव एक ही व्यक्ति के नाम है, भविष्य में आधार कार्ड में दर्ज नाम शिवपूजन यादव के नाम से जाना पहचाना जाए।



नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना
आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि०मी०
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि०मी०
- मटियारी चौराहा – 14 कि०मी०
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि०मी०
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि०मी०

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.
Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502


# सूर्योदय के साथ ही योगमय हुई राजधानी

## हर पार्क, संस्थान और कार्यालय परिसरों में लगे शिविर, विशेषज्ञों की देख-रेख में शहरवासियों ने लगाया ध्यान


केडी सिंह बाबू स्टेडियम में योग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहरवासियों के शुक्रवार की शुरुआत योग से हुई। योग दिवस पर पूरे जिले के पार्कों, स्टेडियम, कार्यालय परिसरों समेत सभी सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने सुबह-सुबह योग किया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अनुरक्षित पार्कों में 10 हजार से ज्यादा लोगों ने योगाभ्यास किया। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, सचिव विवेक श्रीवास्तव व अपर सचिव ने कार्यालय परिसर में योग किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क व जनेश्वर मिश्र पार्क में सर्वाधिक 5,461 लोगों ने योगाभ्यास किया।

बसन्तकुंज योजना स्थित जॉगर्स पार्क, कानुपर रोड योजना स्थित स्मृति उपवन एवं जोनल पार्क, लोहिया पार्क एवं गुलाब वाटिका, पटेल प्रतिमा पार्क, बेगम हजरत महल पार्क, राजा राम पाल सिंह पार्क व वीरांगना उदा देवी पार्क समेत अन्य पार्कों में लगभग 5,500 लोगों ने योगाभ्यास किया।


रेसीडेंसी में लोगों के साथ योग करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार


महानगर कल्याण मंडप में योग करतीं भाजपा नेत्री अपर्णा यादव।

### दिनचर्या में योग करें शामिल : ब्रजेश पाठक

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि काया निरोग रखनी है तो दिनचर्या में योग का शामिल होना बहुत जरूरी है। वह शुक्रवार को रेजीडेंसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने राज्य सभा सदस्य संजय सेठ, सदस्य विधान परिषद राम चंद्र प्रधान, विधायक मोहनलालगंज अमरेश रावत, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन समेत अन्य अधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया।

### डीजीपी ने अफसरों के साथ किया योग

पुलिस मुख्यालय प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी अमिताभ यश सहित कई शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। डीजीपी ने कहा कि योग से हमारी काया निरोगी होती है। हमें नित्यप्रति योग करना चाहिए।

### शरीर को संतुलित रखता है योग : धर्मपाल

समर विहार सेंट्रल पार्क में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व समाज सेविका नम्रता पाठक ने योगाभ्यास किया। इस दौरान धर्मपाल सिंह ने कहा कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने के लिए योग जरूरी है। विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने लोहिया पार्क में, पूर्वी विधानसभा क्षेत्र विधायक ओपी श्रीवास्तव ने इंदिरा नगर के स्वर्ण जयंती स्मृति विहार, एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह ने कैंट पार्क में पदाधिकारियों के साथ योगाभ्यास कर संदेश दिया।

### एसएसबी मुख्यालय पर मनाया गया योग दिवस

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को मोहनलालगंज कोतवाली परिसर, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के मुख्यालय व रेलवे स्टेशन से लेकर कई अन्य जगहों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने पुलिसकर्मियों को अलग-अलग योगासन के अभ्यास कराए। मोहनलालगंज में स्थित सशस्त्र सीमा बल चतुर्थ वाहिनी मुख्यालय परिसर में कार्यवाहक कमांडेंट अमित तिवारी व उप कमांडेंट अवनीश कुमार चौबे ने बल कर्मियों को योगाभ्यास कराया। वहीं मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन पर भारतीय योग संस्थान के चंद्र कुमार ने योग कराया।


योग शिविर में शामिल छात्रा को सम्मानित करते मिशन सुरक्षा के पदाधिकारी।

### संत गाडगे जलाशय पार्क में 150 लोगों ने किया योगाभ्यास

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** संत गाडगे जलाशय पार्क शारदा नगर में करीब 150 लोगों ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी, शारदा नगर के पार्षद हिमांशु अंबेडकर, डॉ. अरुण गुप्ता पूर्व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, राहुल कुमार और प्रीति अंबेडकर समेत अन्य लोगों को अभ्यास कराया। उधर, बिजनौर के सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र परिसर में सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक शशि प्रकाश सिंह, । कमांडेंट जितेंद्र कुमार ओझा और द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार तिवारी के साथ योग किया।


आरडीएसओ के तरणताल में जल योग करते तैराक।

### जलीय योग का प्रदर्शन कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय स्पोर्ट्स डेवलपमेंट की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आलमबाग मानक नगर स्थित अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन के तरणताल में जलीय योग का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में तरणताल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तैराकों ने उत्साह दिखाया। इस दौरान उत्कृष्ट, स्वस्तिक, अमय, आद्या ने शानदार प्रदर्शन कर सेहतमंद रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय गोताखोर व लक्ष्मण अवार्डी पुष्पा मिश्रा, तरणताल प्रबंधन से मुकेश कुमार पाल, शुभम कुमार सहित अनेक तैराक मौजूद रहे।

### मध्यांचल मुख्यालय में योग शिविर का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत सुबह 6 :30 हुई। जिसमें मध्यांचल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए योग किया। शिविर की अध्यक्षता निदेशक कार्मिक ने की।

### स्टेडियम में खिलाड़ियों ने दिखाए आसन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेल अधिकारियों के साथ खिलाड़ियों और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने योग किया। इस मौके पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय, हॉकी ओलंपियन सैयद अली, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रंजना गुप्ता, आरएसओ अजय कुमार सेठी समेत तमाम हस्तियां मौजूद रहीं।

### हनुमान भक्तों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गोमती तट के लेटे हुए हनुमान मंदिर स्थित बाबा नीब करौरी ध्यान केन्द्र में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर के बाद यहां पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

लेटे हुए हनुमान मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी, डॉ. पंकज सिंह भदौरिया, रिद्धि किशोर गौड़, नीरा गर्ग, कुलजीत तलवार, संजीव महेन्द्रू, गोपाल दयाल, आशीष अग्रवाल, अखिलेश कुमार, प्रहलाद अग्रवाल, कृष्ण नन्द राय मौजूद रहे।

## मन की शांति के लिए योग जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि मन की शांति व संतुलित जीवनशैली के लिए योग जरूरी है।। महापौर ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय स्थित झंडी वाले पार्क में योगाभ्यास किया।

इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिन्हें योग शिक्षकों ने योगाभ्यास कराया और दैनिक जीवन में योग का महत्व बताया। नगर आयुक्त ने कहा कि योग से समाज स्वस्थ होगा और सांस्कृतिक विकास भी होगा। इस दौरान नगर आयुक्त ने योग को जीवन में शामिल करने की शपथ दिलाई। नगर निगम के सभी जोन के 150 पार्कों में योग किया गया।


झंडे वाले पार्क में लोगों के साथ योग करतीं महापौर और नगर आयुक्त ।

### अस्पतालों में लगे शिविर, डॉक्टरों और स्टाफ ने लगाया ध्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन में योग शिविर लगाया गया। लोकबंधु अस्पताल और पीजीआई में भी शिविर लगे। पीजीआई में 650 लोगों ने योग किया। बलरामपुर अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग छात्र-छात्राएं मिनिस्ट्रियल स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने प्रतिभाग किया। लोहिया संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक के प्रांगण में आयोजित योग शिविर में संस्थान के निदेशक प्रो सीएम सिंह, डीन प्रो प्रद्युम्न सिंह के साथ संकाय सदस्य एवं एमबीबीएस एवं नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्राणायाम का अभ्यास किया।


योग दिवस पर कुछ ऐसा नजर आया लखनऊ विश्वविद्यालय। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


लखनऊ विश्वविद्यालय में योग करते यूको बैंक के अधिकारी व स्टाफ ।

### यूको बैंक ने मनाया योग दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूको बैंक और लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त आयोजन में बैंक और विवि के स्टाफ व छात्रों ने हिस्सा लिया। लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व यूको बैंक लखनऊ अंचल के प्रमुख आशुतोष सिंह के अलावा मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. नवजीवन रस्तोगी मौजूद रहे। प्रो. दिलीप अग्निहोत्री, प्रो. अजय द्विवेदी, गजेन्द्र शुक्ल, राजीव श्रीवास्तव ने भी योग किया।


इंदिरा नगर स्थित डीएवी विद्यालय के प्रांगण में योग करते शिक्षक एवं छात्र।

### डीएवी विद्यालय में छात्रों ने लगाए आसन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर स्थित डीएवी विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिक्षक करुणेश राय के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावकों ने योग का अभ्यास किया। सभी ने इस दौरान योग के महत्व को समझा और उसे अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।


सीएमएस राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के प्रांगण में योग करते शिक्षक, छात्र व अन्य।

### सीएमएस में हुआ योग मीट का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों में योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के विद्यालय परिसर में हुआ। जहां अंतर-विद्यालयी योग मीट के विजेता छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। मेयर सुषमा खर्कवाल ने बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थापिका डॉ. भारती गांधी, प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय व संत आसूदाराम आश्रम से पधारे योग गुरु अशोक केवलानी ने लोगों को जागरूक किया।


केन्द्रीय विद्यालय में योग करते छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक।

### केन्द्रीय विद्यालय में छात्रों ने किया प्राणायाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य संजीव कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विजय कुमार अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय, मनोज कुमार वर्मा निदेशक केंद्रीय संचार ब्यूरो, जयसिंह यादव क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, क्षेत्रीय संचार ब्यूरो डॉ. एस यादव उपनिदेशक, विद्यालय की उप प्राचार्या संगीता सक्सेना, प्रधानाध्यापक अरुणेश वैश्य, विद्यालय खेल प्रशिक्षक दीप चंद, शिक्षक व छात्र उपस्थिति रहे और योगाभ्यास किया।

## विश्वविद्यालयों में लगे शिविर, विशेषज्ञों ने कराए आसन-प्राणायाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में योग शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में आसन व प्राणायाम कराया गया। इस दौरान लोगों को स्वस्थ रहने के सुझाव भी दिए गए। शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।


भाषा विवि में योग करते कुलपति व अन्य।


नवयुग महाविद्यालय में योग करतीं शिक्षिका व छात्राएं।

**पद्मश्री की उपस्थिति में दिया गया संदेश :** लखनऊ विश्वविद्यालय में पद्मश्री डॉ. नवजीवन रस्तोगी मुख्य अतिथि की भूमिका में रहे। योग शिविर में विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के अतिरिक्त विवि के सभी विभागाध्यक्ष और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान पद्मश्री डॉ. नवजीवन रस्तोगी ने कहा कि योग शरीर के साथ मन को स्वस्थ रखता है। इसके सहारे शरीर संबंधी विकार दूर होते हैं।

**योग को जीवन में शामिल करने की अपील :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. एनबी सिंह की उपस्थिति में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिविर में कुल सचिव डॉ. भावना मिश्रा, साजिद आजमी, दीप्ति मिश्रा, प्रो. चंदना डे सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**रहो स्वस्थ, तुम्हें आसमां छूना है... :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में कुलपति प्रो. संजय सिंह और मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन हुआ। योग के दौरान दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विशेष अतिथि बने टाटा कंसल्टेंसी के प्रमुख अमिताभ तिवारी ने भी योग संबंधी जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर रोहित सिंह, विवि प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय, पाण्डेय राजीव नयन, डॉ. रंजीत कुमार, संजय सिंह, अमित कुमार राय, डॉ. कौशिकी सिंह उपस्थित रहीं।

**सेहत के टिप्स के साथ-साथ साफ सफाई का संदेश :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की उपस्थित में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विवि के सभी अनुभाग प्रमुख और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलसचिव रीना सिंह, सुशील कुमार गुप्ता, राजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**वैज्ञानिकों ने भी किए योगासन :** राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।

**नवयुग महाविद्यालय में छात्राओं ने सीखे आसन :** नवयुग महाविद्यालय में योगाचार्य प्रशांत शुक्ला ने आयुर्वेद और योग द्वारा शरीर को निरोगी रखने के उपाय बताए। प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. गीताली रस्तोगी, प्रो. शर्मिता हाजरा, डॉ. प्रतिमा घोष, प्रो. रशीदा खातून सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### निर्माणाधीन कांप्लेक्स में मिला अज्ञात युवक का शव

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई थाना क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव मिलने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर बृजेश तिवारी के मुताबिक, शुक्रवार को तेलीबाग चौराहे से वृंदावन जाने वाली सड़क के किनारे शराब ठेके के सामने निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स की तरफ पहुंचे लोगों ने एक अज्ञात युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शव कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर का कहना है कि प्रथम दृष्टया युवक मजदूर प्रतीत हो रहा है। शव मोर्च्युरी में रखवाया है। मृतक की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### लांड्री संचालक से लूट की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर पुलिस ने शुक्रवार को लक्ष्मीनगर में विमल लांड्री संचालक से लूट की साजिश रचने वाले ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को क्राइम ब्रांच और पुलिस ने मुठभेड़ में दो लुटेरों को दबोचा था। जिनसे ऑटो ड्राइवर का पता चला था। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह के मुताबिक, लांड्री संचालक शिवनारायण और उनके रिश्तेदार राजकुमार से असलहा के बल पर लूट की गई थी। घटना में शामिल आरिष और अभिनव शुक्ल को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। जिन्होंने मवैया निवासी ऑटो ड्राइवर अवधेश कुमार उर्फ बंटी के बारे में बताया। बंटी ने ही लूट की साजिश रची थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ऑटो चलाने के दौरान ही बंद मकान और दुकानों को चिह्नित करता है। इसके बाद आरिष और अभिनव लूट करते थे।

### दो बाइक चोर गिरफ्तार

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइकें चोरी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद हुई हैं। इंस्पेक्टर के मुताबिक, शुक्रवार को उप निरीक्षक प्रिंस कुमार टीम के साथ माल-इटौजा रोड स्थिति अमलौली पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक अलग-अलग दो बाइकों से आते दिखे। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो भागने लगे। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। कड़ाई से पूछने पर बाइकें चोरी की होने की बात कुबूल की। आरोपियों की पहचान रामनगर निवासी बालेन्द्र और रामबहादुर के रूप में हुई। दोनों ने बताया कि 19 जून को रामनगर स्थित देशी शराब के ठेके के पास से पैशन प्रो और 2 जून को आलमबाग नहरिया स्थिति अवध हॉस्पिटल के पास से राइडर बाइक चोरी की थी। इंस्पेक्टर ने बताया बालेन्द्र पर चोरी के कई मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में जेल भी भेजा जा चुका है।

# पौत्र से कहासुनी के बाद बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ बंथरा थाना क्षेत्र का मामला खेत में मरणासन्न हालत में मिला था बुजुर्ग

**अमृत विचार :** बंथरा में गुरुवार शाम एक बुजुर्ग ने पोते से हुई मामूली कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, बंथरा के बीबीपुर गांव निवासी गौरी शंकर (70) खेती किसानी करते थे। इसके साथ ही वह शराब के आदी थे। गुरुवार शाम खेत जोतने को लेकर गौरीशंकर के पौत्र रिंकू से कहा सुनी हो गई। इससे नाराज गौरी शंकर ने खेत पर पहुंच कर जहरीला पदार्थ खा लिया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे तो गौरी शंकर के मुंह से झाग निकलते और उल्टियां होते देख परिजन को सूचना दी। परिजन ने आनन-फानन उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बस अड्डे पर अश्लील हरकत करने वाले युवक को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग बस स्टेशन पर अश्लील हरकत कर रहे दो युवकों का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामले में वजीरगंज पुलिस ने फुटेज के आधार पर एक आरोपी को पकड़ा है।

इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक, फुटेज की मदद से कैसरबाग निवासी रचित सोनकर को पकड़ा गया। वह स्टेशन पर आने वाली बसों में पानी बेचता है। वहीं, दूसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। इंस्पेक्टर के मुताबिक, वीडियो पुराना है।

# पत्नी के दर्द से दुखी पति ने फंदे पर लटक दी जान

संवाददाता, लखनऊ, काकोरी

**अमृत विचार :** पारा थाना अंतर्गत डॉक्टर खेड़ा (पुराना पारा थाने) के समीप एक निजी अस्पताल में भर्ती पत्नी को दर्द से तड़पता देख पति देशराज (35) ने फंदे से लटककर जान दे दी। अस्पताल के डॉक्टरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक, मूलतः हरदोई जनपद के मल्लावां थाना अंतर्गत राघवपुर गांव निवासी देशराज खेतीबाड़ी करता था। पत्नी पूजा के फेफड़े में पानी भरने से परेशान थी। लम्बे समय से पत्नी का हरदोई के एक अस्पताल में इलाज करा रहा था।



देशराज (फाइल फोटो)

लेकिन पूजा की तकलीफ कम नहीं हुई। भाई ललिता प्रसाद ने बताया कि सोमवार को देशराज अपनी पत्नी को लेकर पारा के डॉक्टर खेड़ा स्थित कुसमा हॉस्पिटल में दिखाने आया था। जहां, डॉक्टरों ने पूजा की गंभीर हालत देख अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। उसने पत्नी को भर्ती करा दिया।

सूत्रों की मानें तो गुरुवार देर रात करीब डेढ़ बजे पत्नी दर्द से तड़पने लगी। उसके दर्द को देशराज सहन न कर सका। इसके बाद अस्पताल के गेट के पास बने शौचालय के दरवाजे से गमछे से फंदा लगा लिया। करीब आधे घंटे बाद अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ ने देशराज को फंदे से लटका देखा तो अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। डॉक्टरों ने देशराज के परिजनों को घटना बताई। पुलिस ने परिजनों से संपर्क पर पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया।देशराज के परिवार में पत्नी पूजा के अलावा बेटी शीतल, सौम्या बेटे गोपाल और शिवा का रो-रोकर बुरा हाल है।

▸▸ पांच दिन पहले पत्नी को इलाज के लिए लखनऊ लेकर आया था

### केजीएमयू में भी कराया पत्नी का इलाज

भाई ललित ने बताया कि देशराज ने पूर्व में पत्नी का इलाज केजीएमयू में भी कराया था। जहां राहत नहीं मिलने पर पूजा को हरदोई ले आया और घर के आसपास की क्लीनिक से इलाज कराने लगा। कोशिश करने के बाद भी के बावजूद पूजा की हालत जस की तस रही। डॉक्टरों की राय पर वह पूजा को पारा के कुसमा अस्पताल लाया था। बताया कि पूजा दर्द से चीखती थी, तो देशराज बेचैन हो जाता था। आत्मघाती कदम उठाने से पूर्व देशराज ने परिजनों से फोन पर बातचीत की थी। पारा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट एक दर्जन घायल, चार गंभीर

## मलिहाबाद के तिलसुआ गांव की घटना, दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** मलिहाबाद के तिलसुआ गांव में गुरुवार देर रात 11 बजे दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ से लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर, धारदार हथियार चले। इस दौरान दोनों तरफ से हवाई फायरिंग की गई। वारदात में एक दर्जन लोग घायल हो गए। इसमें चार की हालत गंभीर है। जिनका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, रंजिश में दोनों पक्षों में विवाद हुआ। दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

तिलसुआ निवासी रमेश का आरोप है कि वह गुरुवार देर शाम करीब साढ़े 11 बजे अपने घर में सोया था। तभी गांव के निरंजन सिंह उर्फ लल्ला यादव, अनुपम, रूपेश, जीतबहादुर सिंह, राजबहादुर सिंह, मानसिंह, जयसिंह, आकाश, सुधीर, सतिक, लल्लन, कुशाग्र यादव उर्फ राना, राजन, अनिल व टिंकू लोहे के रॉड, लाठी-डंडों, धारदार हथियार व असलहों से लैस उसके घर में घुस गए। अंदर सो रही महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर सभी ने पिटाई शुरू कर दी। जिसमें रमेश, इसकी दो पुत्रियां रीतू, सीतू, पत्नी सरला, पल्लवी को के सिर व नाक फट गयी। आरोपियों ने पल्लवी व सरला की सोने की चैन व झुमकी भी छीन ली। दहशत फैलाने के लिए आरोपियों ने दो राउंड फायरिंग की। बीच-बचाव करने आए अभय, पीयूष नीलू की भी उक्त दबंगों ने पिटाई कर दी। घायलों को अधमरा समझ दबंग हवाई फायर करते हुए भाग निकले।

**चार ट्रामा में भर्ती, मामला दर्ज :** प्रभारी निरीक्षक मलिहाबाद ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल एक दर्जन लोगों को सीएचसी पहुंचाया। जहां रमेश, अभय प्रताप सिंह, सीतू और पीयूष की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सुरक्षा के लिए गांव में पुलिस तैनात की गई है।



घायल सुशील यादव



घायल सीतू ( नाक पर पट्टी) व उसके परिजन। अमृत विचार

### आम चोरी करने की शिकायत की थी

पीड़ित रमेश का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने कई दिन पूर्व सरकारी व्यायाम साला में लगे आम चोरी कर लिए थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने पर की थी। इसी रंजिश को लेकर दबंगों ने घटना को अंजाम दिया है।

### भाजपा का झंडा लगाने से रखते थे रंजिश

दूसरे पक्ष के रामजीत रावत का आरोप है कि उसने अपने घर पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगा रखा है। जिसकी रंजिश काफी दिनों से रखते हैं। इसी को लेकर गुरुवार देर रात जब रामजीत अपनी बहन को लेकर घर आ रहा था, तो गांव के बाहर मंदिर के पास अतुल यादव, विशाल यादव, बालेंद्र कुमार, शिवम यादव, पीयूष, हर्षित, अभिषेक, आवेश, लोकेश, प्रियांशु, पंकज ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आये लल्ला यादव, सुशील यादव, विशाल यादव को भी ईंट-पत्थर, लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। दबंग विशाल व अतुल यादव ने तमंचे से फायरिंग की। जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गयी।

# बिजली चोरी करते 18 लोगों को पकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कुर्सी रोड, आदिल नगर, गुडंबा समेत कई जगह चला चेकिंग अभियान

**अमृत विचार :** बीकेटी के जीवीआरए उपकेंद्र के अंतर्गत कई क्षेत्रों में शुक्रवार को स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ करते हुए 18 लोग पकड़े गए।

बीकेटी एसडीओं विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि विजिलेंस टीम के साथ बिजली चोरी पकड़ने के लिए संयुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें आदिल नगर में 15 किलोवॉट, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में 7 किलोवॉट, सृष्टि आपर्टमेंट में 14 किलोवॉट और 10 किलोवॉट की चोरी करते ई-रिक्शा चालक को पकड़ा गया। पकड़े गये सभी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। उपखंड अधिकारी भरत कुमार सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान आज 18 लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। सभी पकड़े गये लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# घर के बाहर खड़ीं तीन बाइकें जलाईं

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी तीन बाइकों में आग लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, फरीदीपुर निवासी आर्यन शुक्ला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उनके भाई कृष शुक्ला को कुछ समय से जान से मारने की धमकी दी मिल रही थी।

सोमवार देर रात घर के बाहर खड़ीं तीन बाइकों में अज्ञात ने आग लगा दी। लपटें देख परिवार वाले पहुंचे। जब तक आग बुझाते बाइकें जल चुकीं थी। इंस्पेक्टर ने बताया अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव क्षेत्र में शुक्रवार को किशोरी का शव फंदे से लटका मिला। परिजन ने घटना का कारण पता होने से मना किया है।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक, क्षेत्र के एसबीआई कॉलोनी निवासी सौम्या रावत (15) का शव घर में फंदे से लटका होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया कि किशोरी के पिता की मौत हो चुकी है। मां प्राइवेट नौकरी कर घर चलाती है।

## सार-संक्षेप

### वन वे का उल्लंघन करने वाले बाइक सवार को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समता मूलक से बैकुंठधाम की तरफ वनवे व्यवस्था का उल्लंघन करते हुए तेज रफ्तार बाइक सवार पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। मामले में हजरतगंज कोतवाली में हेड कांस्टेबल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, जेसीपी की सुरक्षा में तैनात स्कार्ट टीम बैकुंठधाम के सामने से होते हुए समता मूलक की तरफ जा रही थी। इस रास्ते पर वनवे व्यवस्था प्रभावी है। इसका उल्लघंन करते बाइक सवार दो युवक बैकुंठधाम की तरफ आते दिखे। हेड कांस्टेबल मुनेश और अन्य पुलिसकर्मियों ने युवकों को रुकने का इशारा किया तो एक युवक बाइक से उतर गया। वहीं, दूसरा मौके से भाग निकला। पकड़े गए युवक की पहचान बालू अड्डा निवासी हसन अली उर्फ चिंटू के तौर पर हुई। उसे हजरतगंज पुलिस के सुपुर्द किया गया है। भागने वाला युवक बानू अड्डा निवासी मदीन है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### दो टप्पेबाज वृद्धा के उतार ले गईं गहने

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में सत्संग से लौट रही बुजुर्ग महिला से टप्पेबाजी का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर प्रद्यन कुमार सिंह के मुताबिक, कन्हैया कुंज बिहार कॉलोनी निवासी श्रीचंद्र सोहित्या ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनकी मां सत्ता देवी 12 जून को सत्संग में शामिल होने पूरन नगर गईं थी। शाम करीब सात बजे घर लौटने के लिए सर्राफा चौकी के सामने रिक्शे का इंतजार कर रहीं थी। इसी दौरान एक लड़की और महिला पहुंची और मां से बातचीत करने लगीं। इस दौरान मुंह पर पाउडर छिड़क दिया। इससे वह होशोहवास खो बैठीं। इसके बाद आरोपी मां से दो सोने के कड़े, तीन अंगूठी, झुमके और चेन उतार कर फरार हो गईं। किसी तरह घर पहुंचीं मां ने आपबीती सुनाई। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### दो कारों में भिड़ंत, बुजुर्ग दंपति घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट स्थित मैंगो फार्म के पास शुक्रवार को ओवरटेक करने के दौरान दो कार टकरा गई। हादसे में कार सवार बुजुर्ग दंपति घायल हो गए। वहां से निकल रहे सिपाही ने कार का शीशा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। दोनों का इलाज चल रहा है। वृंदावन सेक्टर-दो निवासी अनिल सिंह (65) पत्नी रेखा सिंह (62) के साथ शुक्रवार को जरूरी काम से गए थे। दोपहर घर लौटते हुए कैंट स्थित मैंगो फार्म के पास बगल में चल रही तेलीबाग के दुर्गेश चौहान की कार से टक्कर हो गई। टक्कर से अनिल की कार पलट गई। अनिल और पत्नी रेखा अंदर ही फंस गए। इंस्पेक्टर कैंट के मुताबिक, फिलहाल तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा थाना अंतर्गत गढ़ी चौकी के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे के बाद राहगीरों को जुटता देखकर ड्राइवर बस छोड़कर भाग निकला। पुलिस के मुताबिक, पैकरामऊ निवासी आबिद (22) मार्बल की दुकान पर काम करता था। पिता हामिद ने बताया घर पर निर्माण चल रहा था। आबिद मजदूर लाने गढ़ी चौकी के पास गया था। रास्ते में पुलिया के पास पीछे से आई तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दी। पहिये के नीचे आने से आबिद की मौके पर मौत हो गई। इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव ने बताया बस कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर ड्राइवर की तलाश की जा रही है। दूसरी ओर सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र किसान पथ पर शुक्रवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से सांवर लाल (40) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि संवार लाल राजस्थान के भिलवाड़ा के रहने वाले थे।

### मवेशी का शव मिला, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मवेशी का शव मिलने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भपटामऊ इंडिया हॉस्पिटल के सामने कूड़े दान के पास एक मवेशी का लोगों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जांच की तो भैंसे या पड़वे का सिर होना का पता चला। पुलिस के मुताबिक, किसी कुत्ते द्वारा मृत मवेशी का शव कूड़ेदान से खींचना प्रतीत हो रहा है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# इंस्पेक्टर का लाइसेंसी रिवाल्वर और लाखों का सामान चोरी

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

▸▸ परिवार के साथ मैहर देवी गए थे इंस्पेक्टर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर क्षेत्र में बंद मकान से इंस्पेक्टर का लाइसेंसी रिवाल्वर और लाखों का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के देवलोक कॉलोनी, स्कूटर इंडिया चौराहे के पास रहने वाले इंद्रजीत सिंह चौहान खीरी जिले के गोला थाना में इंस्पेक्टर हैं। इंद्रजीत की पत्नी अर्चना सिंह चौहान ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 18 जून को शाम करीब 4 बजे परिवार सहित मैहर देवी दर्शन करने गए थे। घर की देखरेख व रात में रुकने के लिए देवलोक कॉलोनी निवासी नौकरानी कांति देवी को रख गए थे। 20 जून को सुबह करीब 5:45 बजे कांति ने सूचना दी कि घर में घुसकर चोरों ने ताला तोड़ कर सामान पार कर दिया है। अंदर सामान बिखरा पड़ा है। कहा कि अपने घर में अकेली होने से वह उनके घर पर सोने नहीं जा सकी। अर्चना लौटीं तो पता चला कि अलमारी में रखे एक लाख रुपये के गहने और पति की लाइसेंसी रिवाल्वर, सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर और वाई-फाई बॉक्स भी चोर तोड़ कर उठा ले गए हैं। इंस्पेक्टर ने बताया मामला दर्ज कर चोरी का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्लाई फैक्ट्री में खड़ी डीसीएम चोरों ने की पार

अमृत विचार, मोहनलालगंज। कोतवाली क्षेत्र में फैक्ट्री से डीसीएम चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के गोपालखेड़ा गांव निवासी योगेश प्रताप सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनकी डीसीएम जिंदल प्लाई फैक्ट्री में किराये पर लगी थी। एक महीने से डीसीएम फैक्ट्री के अंदर खड़ी थी। गुरुवार रात चोर फैक्ट्री के अंदर खड़ी डीसीएम चुरा ले गये। सुबह कर्मचारियों ने फोन कर डीसीएम चोरी होने की जानकारी दी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर में मिला सेवानिवृत्त रेलवेकर्मी का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आशियाना स्थित एक घर में गुरुवार को रिटायर रेलवे कर्मी का शव मिला। नौकरानी के घर पहुंचने पर घटना का पता चला।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के सेक्टर- जी एलडीए कॉलोनी निवासी पीके सेन गुप्ता (71) रेलवे में स्टॉप वेरिफिकेशन अफसर पद से रिटायर थे। पत्नी वीना, बेटे शुभम के साथ फ्रांस में रहती हैं। भाई नीलसेन गुप्ता ने बताया कि पीके सेन ने घर में नौकरानी रखी थी। गुरुवार शाम नौकरानी पहुंची तो भाई के कमरे में पड़े होने की जानकारी दी। आनन-फानन भाई को लोकबंधु अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर छत्रपाल ने बताया परिवार की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई है।

# अभद्रता का विरोध करने पर व्यापारी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोसाईंगंज के मेले में हुई वारदात

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज के महावीर हनुमान मंदिर में मेला चल रहा है। गुरुवार को मेले में आई महिलाओं के साथ कुछ युवक अभद्रता कर रहे थे। इसका विरोध करने पर कास्मेटिक व्यापारी की पिटाई कर दी गई। कुछ लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। वीडियो वायरल होते ही गोसाईंगंज पुलिस हरकत में आई और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

हनुमान मंदिर के पास लगे मेले में लगी दुकान पर गुरुवार रात कुछ महिलाएं खरीदारी को पहुंची। वह सामान देख रही थीं, तभी युवकों का झुंड आ गया और महिलाओं से छेड़छाड़ शुरू कर दी। ग्राहकों से अभद्रता होते देखकर व्यापारी ने युवकों को वहां से जाने को कहा। युवक इस बात पर भड़क गये व्यापारी को दुकान से बाहर घसीट कर बेल्ट से पीटा। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि फुटेज में नजर आ रहे युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। व्यापारी से भी तहरीर देने के लिए कहा गया है। शुरुआती पड़ताल में चार से पांच युवकों के मारपीट में शामिल होने का पता चला है, जांच जारी है।

# वाहन बीमा कंपनी के अधिकारियों पर लगाया धोखाधड़ी करने का आरोप

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ 14 मई को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी पीड़ित की कार

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार निवासी अमरेंद्र कुमार सिंह ने सरोजनीनगर के सनी टोयोटा कंपनी की अधिकारी अलका उपाध्याय और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार के खिलाफ बीमा राशि हड़पने का मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक, अमरेंद्र ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उसकी फॉर्च्यूनर कार 14 मई को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। मरम्मत के लिए कार सरोजनीनगर के अमौसी स्थित सनी टोयोटा कंपनी में दी। ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से कार का बीमा 13 दिसंबर 2023 को कराया था। उन्होंने अलका उपाध्याय से इंश्योरेंस कंपनी की ओर से मरम्मत की रकम प्राप्त कर वाहन ठीक करके वापस करने का अनुरोध किया था। आरोप है कि टोयोटा की अधिकारी और इंश्योरेंस कंपनी के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार ने मिली भगत कर इंश्योरेंस की राशि हड़प ली। अब मरम्मत के नाम पर और रकम मांग रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**मारपीट** वृंदावन सेक्टर-12 की घटना, 25 हजार रुपये की मांग रहे थे रंगदारी

# पूर्व सैनिक की पत्नी व साली को पीटा, गहने लूटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई क्षेत्र में पूर्व सैनिक की पत्नी और साली की पिटाई कर गहने, रुपये लूटने और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पूर्व सैनिक की पत्नी ने कार वाशिंग सेंटर के संचालक और उसके सहयोगियों पर पीजीआई थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र के सेक्टर-12 निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी विनोद कुमार की पत्नी रीता देवी ने प्रार्थना-



पत्र दिया। बताया कि मंगलवार को कार से छोटी बहन संगीता के साथ कमांड अस्पताल जा रही थी। वो घर से थोड़ी दूर पहुंची ही थी कि कार वाशिंग सेंटर संचालक आनंद अपने साथियों के साथ पहुंचा और उन्हें रोककर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर कार से घसीट कर पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पर ड्राइवर को भी पीटा। शोर सुनकर जब पति विनोद कुमार मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी पीट दिया। आरोप है कि आनंद और उसके साथियों ने पिटाई कर चेन, कान की बाली और 60 हजार रुपये लूट लिए। रीता ने आनंद पर 25 हजार रुपये की रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि रीता और आनंद के बीच पहले भी कहासुनी हुई थी। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्मृति वाटिका पुल के नीचे युवक पर ईंट से हमला

**अमृत विचार :** महानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात स्मृति वाटिका पुल के नीचे सो रहे युवक पर ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, महानगर के पेपर मिल कॉलोनी निवासी पप्पी ने प्रार्थना पत्र दिया। उसका बेटा सीबू स्मृति वाटिका पुल के नीचे सो रहा था। इसी दौरान गुड्डू व उसके साथी बेटे से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर एक आरोपी ने सीबू की नाक पर ईंट मार दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मां-बेटे पर बांके से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** विकासनगर थाना अंतर्गत सेक्टर-12 में मामूली विवाद में परिचित ने युवक पर बांके से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता रिजवाना के मुताबिक, बकरीद पर मां मुन्नी व भाई तौफीक उनके घर आए थे। तौफीक का उनके घर में पड़ोसी रमजान से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। रमजान ने तौफीक पर बांके से कई वार कर दिए। इससे वह लहूलुहान हो गया। बेटे को बचाने पहुंची मां को भी आरोपी ने पीट दिया। इंस्पेक्टर विकासनगर के मुताबिक, आरोपियों की तलाश की जा रही है।


**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-6, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक: 188/EE-6/L.J.S/2024-25 दिनांक: 21/06/2024

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 28/06/2024 तक अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाऐं दिनांक 28/06/2024 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाऐं दिनांक 28/06/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-6 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. जलकल विभाग, जोन-6 के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय जोन-6 निवाजगंज प्रथम ठाकुरगंज में स्थापित 1.5 एच.पी सबमरसिबुल की रिबोरिंग कराते हुये टंकी रखवाने का कार्य, धरोहर राशि रू0 3300/- एवं निविदा मूल्य रू0 200/-

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

# शिक्षक भर्ती: तीन दिनों में आवंटित होंगे स्कूल

## 27 से 29 तक पूरी होगी प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ बेसिक शिक्षा परिषद सचिव ने बीएसए को जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद में 12,460 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत बचे हुए अभ्यर्थियों को तीन दिनों में विद्यालय आवटिंत कर दिए जाएंगे।

इस संबंध में परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। इन सभी अभ्यर्थियों को 2023 दिसंबर से लेकर 2024 जनवरी के बीच नियुक्त पत्र पहले दिया जा चुका है। लेकन मामला कोर्ट में जाने के बाद से विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया अटकी हुई थी। लेकिन अब 27 जून से 29 जून के बीच सभी शिक्षकों को विद्यालय भेज दिया जायेगा।

इस संबंध में सचिव परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, मथुरा, बदायूं, पीलीभीत, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, वाराणसी, चन्दौली जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, ललितपुर, जालौन, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, कानपुरदेहात, औरैया. फर्रुखाबाद, कन्नौज, बलिया, शामली जनपद के जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है वहां तैनाती की जायेगी।

सचिव ने बताया कि जिस तरह से शिक्षकों को विद्यालय आवंटित होने है उसकी गाइडलाइन भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों के लिए जारी की गई है।

## सरकारी विद्यालयों में पहुंचेगी गुणवत्तापूर्ण खेल किट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ प्राथमिक विद्यालय के लिए 5000, उच्च प्राथमिक विद्यालय लिए 10 हजार निर्धारित है बजट

**अमृत विचार:** प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के खेलकूद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। हर विद्यालय में खेल किट की खरीदारी प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने आदेश दिया है।

समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना व बजट वर्ष 2024- 25 में प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रति प्राथमिक विद्यालय के लिए 5,000 और उच्च प्राथमिक विद्यालय 10,000 रुपये की दर से खरीदारी के लिए राशि जारी की गई है। इसके साथ ही संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संशोधित दिशा-निर्देश खेलें भी और खिले भी जारी किया किया गया है।

> नये शैक्षिक सत्र में सभी विद्यालयों में समय से खेल किट की खरीदारी करानी होगी, इसके लिए आदेश जारी कर दिए गये हैं। किट गुणवत्तापूर्ण रहे इसका विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है।
> -डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा

**विद्यालय स्तर पर गठित होगी समिति :** खरीदारी के लिए विद्यालय स्तर की क्रय समिति गठित की जाएगी। खरीद केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी स्पोर्ट्स गाइडलाइन के तहत की जाएगी।

**पारंपरिक खेलों को करेंगे प्रोत्साहित :** स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों व समूह में (टीम के रूप में) खेले जाने वाले खेल खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल, हैंडबॉल को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

**विशिष्ट श्रेणी वाले बच्चों का रखना होगा ध्यान :** खेल समिति की जिम्मेदारी होगी कि विशिष्ट श्रेणी (शारीरिक रूप से दिव्यांग दृष्टिबाधित) के छात्रों के लिए खेल गतिविधियों में शतरंज, कैरम, क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स दिव्यांग सुरक्षित खेल गतिविधियां करायी जाएं।

**स्पोर्ट क्लब का गठन होगा :** विद्यालय में स्पोर्ट्स क्लब का गठन करने के भी निर्देश दिए गए हैं। खेलकूद प्रभारी की ओर से कम से कम 10 छात्रों को नामित किया जायेगा। सदस्य खेल गतिविधियों, प्रतियोगिताओं में खेलकूद प्रभारी शिक्षक को अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।खेल में शामिल हर बच्चे का विवरण रखना होगा।

## प्रशिक्षकों की तैनाती के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ई-मेल

**अमृत विचार, लखनऊः** खेल विभाग में रिक्त 75 फीसदी पदों पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ई-मेल भेजा है।


**पं0 राम चरित्र मिश्र पी0जी0 कालेज, पड़ेला कादीपुर, सुलतानपुर**

**आवश्यकता है**

प्राचार्य 1 पद,
**प्रवक्ता–** स्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कत, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, प्राचीन इतिहास, समाजकार्य, भौतिकविज्ञान, रसायनविज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, माइक्रोबायोलाजी, सैन्यविज्ञान, गणित एवं बी0कॉम0 8 पद प्रत्येक।
**प्रवक्ता** परास्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कृत, गृहविज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भौतिकविज्ञान, रसायनविज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, गणित एवं एम0कॉम0 6 पद प्रत्येक।
प्रवक्ता बी0एड0– पांच पद।
योग्यता एवं वेतनमान– विश्वविद्यालय एवं यू0जी0सी0 के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर दो रंगीन फोटो व शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रति महाविद्यालय कार्यालय में प्रेषित करें।

**प्रबन्धक**
9415879178, 9454193729



**कार्यालय नगर पालिका परिषद कर्नलगंज–गोण्डा**

पत्रांक–272/न0पा0परि0कर्न0 / 2024–25 दिनांक: 21.06.2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज–गोण्डा की सीमान्तर्गत आने वाले समस्त दुकानदारो, प्रतिष्ठानों, व्यापारियों एवं भवन स्वामियो को सूचित किया जाता है, कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक (एकल प्रयोग प्लास्टिक) वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, ब्रिकी एवं उपभोग को पूर्णतयाः प्रतिबन्धित कर दिया गया है। इस प्रकार सिंगल यूज प्लास्टिक के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, ब्रिकी एवं उपभोग करते पाये जाने पर नियमानुसार अर्थदण्ड निर्धारित कर वसूल किया जायेगा।

साथ ही साथ यह भी सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज–गोण्डा की सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गो, नाला–नालियों, सड़क–फुटपाथ पर स्थायी / अस्थायी अतिक्रमण कर अपनी दुकान आदि रखी गयी है। जिसके कारण यातायात बाधित होता है, स्वयं द्वारा दुकान, सड़क, फुटपाथ, नालियों, गलियों पर किये गये अवैध अतिक्रमण को 05 दिवस के अन्दर स्वयं से हटा ले, अन्यथा उक्त अवैध अतिक्रमण को नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज द्वारा हटवाने की कार्यवाही की जायेगी। यह भी सूचित किया जाता है, कि साप्ताहिक लगने वाली बाजार में लिंक मार्गो पर दुकाने न लगायी जायें बाजार हेतु चिंन्हित स्थलो पर ही दुकानो लगायी जायें अतिक्रमण हटाने पर आने वाला व्यय अतिक्रमण कर्ता से भू–राजस्व की भातिं वसूल किया जायेगा।

**डी डी सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**कर्नलगंज–गोण्डा**


## एक नजर

### यूपी बोर्ड : जुलाई में भरे जायेंगे परीक्षा फार्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त हाईस्कूल व इंटर कॉलेजों में परीक्षा फार्म जुलाई माह में भरे जायेंगे। इस बारे में विभाग की ओर से बताया गया कि हर साल अगस्त में परीक्षा फार्म भरे जाते थे लेकिन इस बार जुलाई माह से प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें दसवीं और 12वीं के परीक्षा फार्म भरे जायेंगे। वहीं कक्षा नौ और 11 में रजिस्ट्रेशन भी शुरू होंगे। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग ने उन निजी इंटर कॉलेजों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू दी है जिन्होंने अभी तक केन्द्र सरकार के यू-डायस पोर्टल छात्रा नामांकन संख्या व छात्रों को ब्योरा अपलोड नहीं किया है।

### जल्द ही जारी होगा प्रवेश परीक्षा परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा का परिणाम जल्द ही जारी किया जायेगा। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि प्रवेश परीक्षा इस बार 20 जून को हुई थी। जिसमें अलग–अलग विषयों के लिए परीक्षा हुई इसमें करीब पौने पांच लाख परीक्षार्थी पंजीकृत थे इसमें करीब 1 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। परिणाम की घोषणा अगले सप्ताह तक हो सकती है।

### सिखों के छठे गुरु हरगोविंद साहिब का प्रकाश पर्व आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** यहियागंज स्थित गुरुद्वारा तेग बहादुर में 22 जून को सिक्खों के छठे गुरु हरगोविंद साहिब का 429वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व सत्कार से मनाया जाएगा। गुरुद्वारे में कार्यक्रम सुबह 5 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। शाम को 7 से 10 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। गुरुद्वारे को विशेष प्रकार के फूलों और लाइटों से सजाने का काम शुरू हो गया है। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ. गुरमीत सिंह के संयोजन में पटियाला से आए प्रिंसपाल सिंह शबद कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। कथा वाचक ज्ञानी जगजीत सिंह जाचक और कथा वाचक ज्ञानी गुरमीत सिंह गुरु हरगोबिंद साहिब के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। इस मौके पर गुरुद्वारे में आने वाले श्रद्धालुओं को मिस्सी रोटी व लस्सी का लंगर वितरित किया जाएगा।

## 11 विभूतियों को मिलेगा निशान-ए-उर्दू सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ उर्दू पढ़ाओ – उर्दू बचाओ सेमिनार आज

**अमृत विचार :** फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में शनिवार को 'उर्दू पढ़ाओ – उर्दू बचाओ' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कई विभूतियों को निशान-ए-उर्दू सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक एसएन लाल ने बताया कि सम्मानित होने वालों में नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह, डॉ. हरिओम, प्रो. साबिरा हबीब, कुलसुम तलहा, डॉ. एस नसीम सुबूही, मनीष शुक्ला, डॉ. फायज़ा अब्बासी, डॉ. सरवत तक़ी, परवेज़ मलिकज़ादा, तबस्सुम फात्मा व श्वेता श्रीवास्तव अज़ल शामिल हैं। इनमें नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह का निधन हो चुका है। उनका सम्मान उनके भाई नवाब मसूद अब्दुल्लाह ग्रहण करेंगे।

सेमिनार में डॉ. मसीउद्दीन ख़ान, डॉ. यासिर जमाल, डॉ. नुज़हत फात्मा व अतिया बी को अपने पेपर पढ़ने के लिए आमंत्रित किया गया है। कई विद्यालयों में लेख प्रतियोगिता कराई गई थी जिसमें 86 लेख प्राप्त हुए हैं। इन लेखों को डॉ. सरवत तक़ी, ज़र्रीन हयात व एसएन लाल ने पांच लेखों को पुरस्कार के लिए चुना है।



एकेटीयू के प्रबंधन संकाय के कार्यक्रम में मौजूद छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

## आदित्य मिस्टर व अंशिका मिस फेयरवेल बनीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रबन्धन संकाय के एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि सरोज पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलन कर किया।

इस दौरान हुए विभिन्न खेलों के अंकों के आधार पर एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र आदित्य शुक्ला व अंशिका सिंह को क्रमशः मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम का मंच संचानल एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा आंचल कुमारी व सोनल पाण्डेय ने किया। रजनीश शर्मा, दुर्गावती सिंह, रोमी पाण्डेय व अमित वर्मा क्रमशः मिस्टर परफार्मर वेस्ट पर्सनालिटि, बेस्ट ड्रेस्ड व स्टार आफ द डे चुने गए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-आदिलपुर, वि0ख0 -तेजवापुर, बहराइच।**

पत्रांकः मेमो / राज्य वित्त/15वां वि0 आयोग /स्वच्छ भारत मिशन / मनरेगा / आरजीएसए / 2024–25/ दिनांक 21.06.2024

**राज्य वित्त, 15वां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, आरजीएसए आदि योजना अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की निविदा आमंत्रण के सम्बन्ध में।**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत आदिलपुर, विकास खण्ड–तेजवापुर** में वर्ष 2024–25 ग्राम निधि, राज्य वित्त, पंद्रहवां वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, आरजीएसए योजना के अन्तर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईंट सीधा, खंजड़, ईट, गिटटी 40 एमएम, पत्थर गिटटी 20 एमएम, सीमेंट, सरिया, बालू, लाल मोरंग, हयूम पाइप, इंटरलाकिंग ब्रिक, एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर सामग्री, साईन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण, सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फागिंग मशीन, कूड़ादान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केन्द्र निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, पंचायत भवन मरम्मत, पंचायत भवन संसाधन तथा फर्नीचर, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, कम्प्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कंटीला तार, प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य, सैनिटाइजर का छिड़काव, गो–आश्रय केन्द्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक, पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक 25.06.2024 को पूर्वाहन 3.00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बाक्स में आमंत्रित की जाती है, उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा, जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**मो0 जावेद** — ग्राम प्रधान
**पाटेश्वर प्रताप सिंह** — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत–आदिलपुर, वि0ख0–तेजवापुर, बहराइच।


## सार-संक्षेप

### हर्षित के आतिशी शतक से कल्पना फाउंडेशन जीता

**अमृत विचार, लखनऊ :** हर्षित तिवारी के आतिशी शतक की बदौलत कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने मेगा ट्रेंडस को हरा कर एसएमआर क्रिकेट कप अंडर–16 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अब उसका मुकाबला एसएमआर क्रिकेट क्लब से होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेगा ट्रेंडस 27.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 192 रन बनाए। अमन यादव ने 61 गेंदों में 18 चौकों की सहायता से 90 रनों की पारी खेली। कल्पना फाउंडेशन की ओर से हर्षित तिवारी ने 3 और अभय राज सिंह ने 2 विकेट चटकाये। जवाब में कल्पना फाउंडेशन ने 13.2 ओवर में बिना विकेट खोए जीत दर्ज की। हर्षित ने आतिशी शतक जड़ा। उन्होंने 53 गेंदों में 12 चौके और 9 छक्कों की सहायता से नाबाद 114 रन बनाए। समयक ने 29 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्के की सहायता से नाबाद 68 रनों की पारी खेली।



हर्षित तिवारी

### सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिन (नाबाद 43) और फैजान खान (41) की उम्दा पारी व पुष्कर सिंह (3 विकेट) की गेंदबाजी से सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने एसडीएस क्रिकेट अकादमी को 2 विकेट से हराकर अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। एसडीएस क्रिकेट अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.3 ओवर में 139 रन पर सिमट गयी। प्रज्जवल यादव ने 38 व आनंद यादव ने 30 रन बनाए। सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी से पुष्कर सिंह ने 3 एवं शुभम यादव, श्रेयांश सरोज व अंशुमान मिश्रा ने 2–2 विकेट चटकाए। जवाब में सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने 29.1 ओवर में 8 विकेट पर 141 रन बनाकर मैच जीत लिया। फैजान खान ने 31 गेंदों पर 6 चौके से 41 रनों की पारी खेली। सचिन ने 45 गेंदों पर 6 चौके से नाबाद 43 रन बनाए। एसडीएस क्रिकेट अकादमी से रियांश सिंह ने 3 विकेट लिये। क्षितिज को 2 विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच सचिन चुने गए।



सचिन

### गौरव ने द क्रिएटर्स क्लब को दिलाई जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच गौरव वर्मा के हरफनमौला खेल की बदौलत द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट लीग सी डिवीजन जेके स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 30 रन से हरा दिया। सूर्या ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए मैच में द क्रिएटर्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 205 रन बनाए। प्रत्यूष सोमवंशी ने 52 और सुंदरम कुमार दुबे ने 34 रनों की पारी खेली। जेके स्पोर्ट्स क्लब की ओर से अनिल यादव ने 3 और जैनुल हक ने 2 विकेट चटकाये। जवाब में जेके स्पोर्ट्स क्लब की टीम 36.4 ओवर में 175 रन ही जोड़ सकी। अनिल ने शानदार बल्लेबाजी की उन्होंने 101 गेंदों में 12 चौकों की सहायाता से नाबाद 91 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। द क्रिएटर्स क्लब की ओर से गौरव वर्मा ने 3 और राहुल ने 2 विकेट चटकाए।



गौरव वर्मा




किक बॉक्सिंग डिप्लोमा कोर्स में शामिल खिलाड़ी। अमृत विचार

### पहले दिन ततामी स्पर्धा के बारे में दी गई जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किक बॉक्सिंग में प्रशिक्षक के लिए डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत शुक्रवार को कैसरबाग स्थित प्रदेश ओलंपिक सभागार में हुई। उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने किया। पहले दिन ततामी इवेंट (फाइट–मैट पर) के बारे में जानकारी दी गई। अंतरराष्ट्रीय रेफरी अरविंद शेरवालिया व राष्ट्रीय कोच मोहम्मद अब्दुल सलाम ने प्रशिक्षण दिया। 22 जून को परीक्षा होगी और उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व लाइसेंस वितरित किए जाएंगे। शाम 5 बजे होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय होंगे। समारोह की अध्यक्षता किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सैयद रफत करेंगे।

## ताइक्वांडो : मायरा, नायरा, राधिका, अक्षिता आराध्या व उर्वशी ने जीते स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मायरा कुशवाहा, नायरा शाह, राधिका डिमरी, आराध्या वर्मा, अक्षिता गौतम व उर्वशी ने लखनऊ ओलंपिक गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2024 के पहले दिन स्वर्णिम सफलता हासिल की।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में हुई चैंपियनशिप के सब जूनियर बालिका अंडर-18 किलो वर्ग में अक्षिता गौतम ने स्वर्ण जीता। यशस्वी सिंह ने रजत, अनन्या अग्रहरि व नायरा यादव ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालिका अंडर-20 किलो वर्ग में इशिका सिंह ने स्वर्ण, सनाया अग्रहरि ने रजत, हुदा फातिमा व दृश्या श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीते। सब जूनियर बालिका अंडर-22 किलो वर्ग में मिहिरा रस्तोगी ने स्वर्ण, कुसुम ने रजत, सौम्या सिंह व माही पाल ने कांस्य पदक जीते। सब जूनियर बालिका अंडर-24 किलो वर्ग में राधिका दिमरी ने स्वर्ण, इलमा इजहार ने रजत, गौरवी शुक्ला व लक्ष्मी चौधरी ने कांस्य पदक जीते।

चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने किया। स्वागत लखनऊ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष राजकुमार ने किया। लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मणि जुगरान, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार, संयुक्त सचिव हिमप्रीत सिंह व मयंक भारती, उपाध्यक्ष मुख्तार अहमद, कार्यकारिणी सदस्य विशाल कुमार मिश्रा मौजूद रहे।




ताइक्वांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि डॉ.सैयद रफत।

## पेंटिंग में झलका कबीर का दर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** संत कबीर अकादमी, कबीर ट्रस्ट उड़ान के तीन दिवसीय 'साधो, जग दर्शन का मेला' की दूसरी संध्या पर उर्दू अकादमी में कबीर पर आधारित पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार, इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश, कबीर ट्रस्ट की संगीता जायसवाल और दस्तक की वीना राना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

जन गायक महिंदर पाल और भारतेंदु ने जन संवेदना के कबीरी गीत गाए। इस मौके पर योग, जीवन आनंद और शांति पर अपर मुख्य सचिव और योग गुरु अनिल कुमार की कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रीति, रश्मि, श्वेता, अंशिका, संगीता, अभिषेक आदि की टीम ने नृत्य नाटिका 'हमन है इश्क मस्ताना' की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में हुई काव्य गोष्ठी में प्रिया, अरशद, शुभम, पीयूष, सूफी सिद्धार्थ, अर्चना त्रिवेदी, रश्मि, आदर्श, हिमांशु और मानसी आदि ने कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन अय्यूब और दीपक ने किया।


**जलकल विभाग, नगर निगम, जोन-4 गोमती नगर, लखनऊ।**

प0सं0– 121/निविदा/ईई–4/2024–25, दिनांक– 21/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु जलकल विभाग नगर निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक–पृथक निविदाएं दिनांक 28.06.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश (नान रिफन्डेबल) कैश काउण्टर जोन–4 में जमा करके दिनांक 28.06.2024 अपरान्ह 2.00 तक प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर प्राप्त व खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। निविदा के साथ धरोहर राशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारंटी जो अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के नाम बंधक को जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि की निविदा मान्य नहीं होगी। शेष नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

| क्र0सं0 | कार्य विवरण | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गोमती नगर जोन–4 अन्तर्गत आई0एम0एम0 हॉस्पिटल से जयसवाल हाउस 3/8 विक्रान्त खण्ड तक 6'' व्यास की 108 मीटर पी0वी0सी0 पाइप लाइन डलवाये जाने हेतु। | रू0 450.00 | रू0 8500.00 |
| 2 | गोमती नगर जोन–4 अन्तर्गत अजय मार्बल्स से आई0एम0एम0 हॉस्पिटल विक्रान्त खण्ड तक 6'' व्यास की 112 मीटर पी0वी0सी0 पाइप लाइन डलवाये जाने हेतु। | रू0 450.00 | रू0 8500.00 |

अधिशासी अभियन्ता, जोन–4


## लखनऊ के तैराकों ने दिखाई श्रेष्ठता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सिद्धार्थनगर में हुई उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर व जूनियर समन्वय तैराकी में जीते कई पदक

**अमृत विचारः** सिद्धार्थनगर में हो रही उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर व जूनियर समन्वय तैराकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन लखनऊ मंडल ने 4 गुणा 100 बालिका मिडले रिले के ग्रुप-2 में स्वर्ण पदक जीता। लखनऊ टीम मे सृष्टि, इंदिरा, दक्षिता व वंशिका शामिल थी। लखनऊ ने 4 गुणा 50 बालिका मिडले रिले के ग्रुप-3 में रजत पदक जीता।

लखनऊ खेल छात्रावास की टीम को 4 गुणा 50 बालक मिडले रिले ग्रुप-3 और को 4 गुणा 100 बालिका मिडले रिले ग्रुप-1 में रजत पदक मिला। बालिका 1500 मी. फ्री स्टाइल के ग्रुप -2 में लावण्या को रजत और शिप्रा सिंह ने कांस्य पदक जीता। बालक 50 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक के ग्रुप-1 में आर्यन यादव ने रजत और बालक 50 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक में चैतन्या को कांस्य पदक मिला।

बालिका 50 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक के ग्रुप-2 में इंदिरा मिश्रा को रजत व वंशिका राय को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बालिका 50 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक में शुभांगी राय को रजत और बालिका 100 मी.बटर फ्लाई स्ट्रोक के ग्रुप-1 में वंदना साहनी को कांस्य पदक मिला। बालक 100 मी.बटर फ्लाई स्ट्रोक के ग्रुप-2 में कृष्ण को रजत और बालिका 100 मी.बटर फ्लाई स्ट्रोक के ग्रुप-2 में दक्षिता सिंह ने रजत पदक जीता। बालक 100 मी.बटर फ्लाई स्ट्रोक के ग्रुप-3 में आणर्व को रजत, बालिका 100 मी.बटर फ्लाई स्ट्रोक के ग्रुप-3 में सांची तिवारी को रजत, बालक 200 मी.बैक स्ट्रोक के ग्रुप-1 में विजय राम निषाद को रजत और बालिका 200 मी.बैक स्ट्रोक के ग्रुप-1 में कलावती निषाद को स्वर्ण पदक मिला। बालिका 200 मी.बैक स्ट्रोक के ग्रुप-2 मे रिधिमा भल्ला को कांस्य पद मिला।

## उत्तर प्रदेश और केरल के बीच दृष्टिबाधित क्रिकेट सीरीज के मैच कल से

▶▶ केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जाएंगे मैच

**अमृत विचार , लखनऊः** उत्तर प्रदेश व केरल की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम के बीच तीन मैचों की सीरीज शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 23 व 24 जून को खेली जाएगी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दि ब्लाइंड द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दि ब्लाइंड इन इंडिया एवं उत्तर प्रदेश ब्लाइंड स्पोर्ट्स् एसोसिएशन की देखरेख में होने वाली सीरीज का पहला मैच 23 जून को सुबह 9:00 बजे से और दूसरा मैच दोपहर 3:00 बजे से खेला जायेगा। फाइनल मुकाबला 24 जून को सुबह 8:30 बजे खेला जाएगा।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दि ब्लाइंड के सचिव अनीश रजा, चेयरमैन मुनव्वर अंजार और कोषाध्यक्ष मधु यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान लखनऊ के शौकत अली और उप कप्तान बांदा के दिनेश कुमार होंगे।

लखनऊ की टीम में आदिल (प्रतापगढ़), आदित्य मिश्रा (सिद्धार्थनगर), फैजान अंसारी (सिद्धार्थनगर), अंकित राजपूत ( एटा), गोकुल ( बारावंकी), रवि वर्मा (हरदोई), गौरव बिंद (भदोही), बालमुकुन्द चतुर्वेदी- (मिर्जापुर), मोहम्मद फैसल (अलीगढ़), विक्रम (पन्ना), विकास पासवान (देवरिया), अमित यादव (फतेहपुर), शुभम (हमीरपुर) और आरिफ मलिक (शामली) हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद, रायबरेली**

पंत्राकः 122 /अधि0अधि0न0प0स0 / निर्माण – (ईओ) निविदा / 2023–24 दिनांकः 21/06/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग / पंचायत निधि के अन्तर्गत नाला सफाई कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें नगर पंचायत के टी 4 व टी 5 युक्त पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28–6–2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक अमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 03. 30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत सलोन रायबरेली में खोली जायेगी। टी4 व टी5 मूलरूप से प्रस्तुत करते हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 27–6–2024 तक उनका मूल्य जमाकर कार्यालय नगर पंचायत सलोन रायबरेली से प्राप्त किए जा सकते है, जो कि विक्रय के पश्चात् वापस नहीं होंगे। धरोहर धनराशि रहित निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/टी0डी0आर के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सलोन, रायबरेली के नाम बंधक हो, मान्य होगी। अन्य रूप में धरोहर धनराशि मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् अवशेष 08 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा कर एग्रीमेन्ट तहरीर करके कार्य निश्चित रूप से प्रारम्भ करना होगा, अन्यथा अग्रिम जमा जमानत धनराशि जब्त करके अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। कार्य व नियम शर्तो आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पंचायत सलोन से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (GST सहित) | अग्रिम जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | नगर पंचायत सलोन में रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग में मानिकपुर रोड़ मोड़ से ब्लाक आफिस तक दाहिने साइड की पटरी पर बने नाला की सिल्ट सफाई का कार्य। | 420000.00 | 7200.00 | 500.00 | 01 सप्ताह |
| 2 | नगर पंचायत सलोन में रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग में मानिकपुर रोड मोड से ब्लाक आफिस तक बांये साइड की पटरी पर बने नाला की सिल्ट सफाई का कार्य। | 390000.00 | 6700.00 | 400.00 | 01 सप्ताह |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत सलोन**
**रायबरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सलोन**
**रायबरेली**



उत्कर्ष ललित कला अकादमी में कला प्रदर्शनी देखतीं महिला। अमृत विचार

## ‘कण-कण में राम’ कला प्रदर्शनी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्कर्ष ललित कला अकादमी ने शुक्रवार को अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में अपनी सातवीं अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी 'कण- कण में राम' शुरू की। राम मंदिर न्यास ट्रस्ट के प्रवक्ता शरद, ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, डॉ. वीणा विद्यार्थी और डॉ. राजेंद्र सिंह पुंडीर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। विभिन्न प्रदेशों से मिलीं 250 कलाकृतियों में से 75 उत्कृष्ट कृतियों का चयन कर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कृतियों का पुरस्कार वितरण एवं अशोक सिंघल सम्मान तथा पद्मश्री बाबा योगेंद्र कला सम्मान समारोह का आयोजन कला स्रोत आर्ट गैलरी 23 जून को दोपहर 12 बजे होगा।

# 1400 से 26 हजार पहुंचा गृहकर, 13,923 में निपटा

## जीआईएस सर्वे से गलत हुए गृहकर मूल्यांकन का शिविर में किया गया समाधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सर्वे से एक आवासीय भवन का गृहकर 1,400 से बढ़कर 26 हजार पहुंच गया तो व्यवसायिक का 16 हजार से 20 हजार तक। भवन स्वामियों को समय से भुगतान करने पर छूट भी नहीं मिली। नगर निगम के समाधान दिवस में निस्तारण तो हुआ लेकिन, ज्यादातर भव स्वामी संतुष्ट नहीं हुए।

नगर निगम के त्रिलोकी नाथ हॉल में शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में गृहकर समाधान दिवस आयोजित हुआ। उन्होंने सभी जोनल के अधिकारी व जीआईएस सर्वे की टीम के साथ भवन स्वामियों की शिकायतें सुनीं।

कानपुर रोड सेक्टर जी चौराहा से आईं सुषमा शुक्ला ने बताया कि उनके मकान का हर वर्ष 1400 रुपये गृहकर आता था। पिछले वर्ष जीआईएस सर्वे में गलत मूल्यांकन की वजह से कर बढ़कर 26 हजार रुपये हो गया है। भुगतान करने पर छूट भी नहीं मिली। सुषमा की आपत्ति दर्ज करके अभिलेखों की जांच की गई। इसके बाद उनका गृहकर संशोधित कर 13,923 रुपये किया गया। इससे सुषमा संतुष्ट नहीं दिखीं। समाधान दिवस में कुल 302 शिकायतें आईं।

किस जोन में आईं कितनी आपत्तियां : जोन-1 में 40, जोन-2 में 24, जोन -3 में 64, जोन -4 में 8, जोन-5 में 35, जोन-6 में 60, जोन-7 में 57, जोन-8 में 14 समेत कुल 302 लिखित आपत्तियां आईं। सभी का साक्ष्य व भवन की वर्तमान फोटो के आधार पर परीक्षण समाधान कर दिया गया।



बढ़े हुए गृहकर की जानकारी देते सरोजिनीनगर के राम प्रवेश। अमृत विचार

**केस 1 :** बालागंज निवासी नीरज ने बताया कि मां फूलमती के नाम मकान है। सर्वे से उनका वार्षिक गृहकर 426 रुपये से बढ़कर 1,998 रुपये हो गया। हर वर्ष समय पर गृहकर जमा करने पर 10 फीसद छूट मिलती थी, लेकिन इस बार नहीं दी गई।

**केस 2 :** नवीन गौरी सरोजनी नगर से आए राम प्रवेश ने बताया कि 600-600 स्क्वायर फीट की दो दुकान हैं। दोनों का गृहकर हर वर्ष 16,399 रुपये आता था। वर्ष 2023 में जीआईएस सर्वे से गलत मूल्यांकन की वजह से 20 हजार से अधिक हो गया है। ब्याज अलग से लगा है। पहले 1,800 रुपये छूट मिलती थी, इस बार नहीं है।

**केस 3 :** खदरा निवासी चंद्रा देवी ने बताया कि छोटा सा मकान है। जिसका हर वर्ष 800 रुपये गृहकर जमा करते थे। जीआईएस सर्वे से बढ़कर 4,300 रुपये कर दिया। समाधान भी हुआ तो 1100 रुपये में। यह भी जमा करना मुश्किल है।

### इस तरह कम हुआ बढ़ा गृहकर

जोन-1
- सुधाकर मोहन अवस्थी, वार्षिक मूल्य 12,096 से 5,400
- सईद, वार्षिक मूल्य 91,800 से 58,164

जोन-2
- पूर्णिमा, वार्षिक मूल्य 32,400 से 15,300

जोन-3
- अतुल प्रभाकर, वार्षिक मूल्य 26,730 से 12,186
- बृजेश कुमार श्रीवास्तव, वार्षिक मूल्य 64,638 से 23,940
- अजय कुमार मिश्रा, वार्षिक मूल्य 13,608 से 8,505

जोन-4
- राजीव कुमार सिंह, वार्षिक मूल्य 48,600 से 22,275
- राजीव सक्सेना, वार्षिक मूल्य 61,020 से 20,520

जोन-5
- छमता यादव, वार्षिक मूल्य 27,600 से 10,800
- मो. हफीज जयसवाल, वार्षिक मूल्य 32,400 से 28,800

जोन-6
- रुखसाना फातिमा, वार्षिक मूल्य 20,088 से 9,000
- विजय कान्त शर्मा, वार्षिक मूल्य 10,300 से 7,200

जोन-7
- श्री नरायन सिंह वार्षिक मूल्य 38,700 से 18,625
- नरेश सिंह पाल, वार्षिक मूल्य 42,768 से 24,615

जोन-8
- सुषमा शुक्ला, वार्षिक मूल्य 26,438 से 13,923
- अंजली एब्रोल, वार्षिक मूल्य 50,400 से 30,600

## इहलोक के साथ परलोक संवारने की सीख दे गया नाटक यम का दरबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** म्यूजिक एकास्टिक्स ह्यूमैनिटी आर्ट थियेटर वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से 40 दिवसीय कार्यशाला में तैयार नाटक यम का दरबार का मंचन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में किया गया। बृजेश कुमार चौबे द्वारा लिखित व निर्देशित इस नाटक में दर्शकों को सही और सच्ची राह पर चलने की सीख दी गई।

नाटक में यमराज एक ऐसे व्यक्ति के प्राण लेकर जाते हैं जिसने अपने जीवन में अनेक अपराध किये होते हैं। यमराज द्वारा उसे ले जाए जाने के बाद ईश्वरीय दरबार में उसका पूरा लेखा-जोखा पेश किया जाता है। नाटक में आयुष प्रजापति, अभय प्रताप सिंह, यजत सिंह, वैभव सिंह, देवांश रावत, अनामिका रावत, अमन चौहान, आदर्श मिश्रा, अथर्व मिश्रा प्रमुख भूमिकाएं कीं।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## सार-संक्षेप



एसएसबी मुख्यालय पर योग करते अधिकारी व जवान। अमृत विचार

### एसएसबी जवानों व अधिकारियों ने किया योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सीमांत मुख्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें सीमांत मुख्यालय के आईजी रत्न संजय, एनके प्रसाद, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), रजनीश लांबा, उप महानिरीक्षक, कमल कान्त, उप महानिरीक्षक के साथ जवानों ने भी योग किया। एसएसबी जवानों के साथ मैक्स सुपर हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर्स एवं कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान योग की प्राणायाम, अनुलोम- विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, गौमुखासन, कपाल भाति आदि का अभ्यास कराया गया।



छात्रा को शील्ड देते प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल व अन्य। अमृत विचार

### बाल निकुंज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज स्कूल एण्ड कालेज की सभी पांच शाखाओं में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रात: 8 बजे से योग के विभिन्न आसनों को सही से करने और इससे होने वाले फायदे तथा अनेकों रोगों से बचाव की जानकारियां दी गयीं। कालेज में प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी विजेताओं को आयुष विभाग की डॉ. तृप्ति सिंह व कालेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल द्वारा शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



योग दिवस के मौके पर प्रतिभागियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति ने मनाया योग दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति की ओर से चिरंजीव भारती स्कूल में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर एके सिंह, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल संजय गुप्ता उपस्थिति रहे। प्रदेश संरक्षक उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति, विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल राजा, डायरेक्टर चिरंजीव भारती, शैलेश कुमार शैलू, प्रदेश संयोजक उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति राज दुबे, मैनेजिंग डायरेक्टर डेनियल हेल्थ केयर संजय मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी क्षेत्रीय पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, कमलेश सिंह,अमर सिंह राठौड़, श्याम राय विशिष्ट शामिल रहे।

# लोड न बढ़ाने पर तालकटोरा एसडीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**उपभोक्ताओं से ठीक व्यवहार न करने का भी आरोप**

**अमृत विचार:** आवेदन करने के एक महीने बाद भी फैक्ट्री का लोड न बढ़ाने, ट्रैरिफ प्लान न बदलने और उपभोक्ताओं के साथ सही व्यवहार न करने के कारण मध्यांचल एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने शुक्रवार को एसडीओ महेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया। उन्हें मुख्य अभियंता सेंट्रल जोन के कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

ऐशबाग के अधिशासी अभियंता ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तालकटोरा स्थित मेसर्स मुकुंद लाल इंडस्ट्रीज के संचालक ने इंडस्ट्रीज के बिजली मीटर का लोड बढ़ाने टैरिफ प्लान बदलवाने के लिए ऐशबाग खंड कार्यालय में आवेदन किया था। इस मामले में मौके पर जांच कर उपखंड अधिकारी (एसडीओ) को तकनीकी रिपोर्ट लगानी थी। उपखंड अधिकारी ने बिना कारण एक माह तक कोई कार्रवाई नहीं की।

इसी बीच 19 जून को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। इसमें मेसर्स मुकुंद लाल इंडस्ट्रीज के संचालक ने अपनी समस्या रखी। जिलाधिकारी ने तुरंत अधिशासी अभियंता को तलब कर लिया। डीएम के समक्ष अधिशासी अभियंता को असहज होना पड़ा। इसके बाद उन्होंने एसडीओ की शिकायतों की जांच की। इसमें लोड बढ़ाने के मामले में उनकी भूमिका संदिग्ध मिली, साथ ही कई अन्य उपभोक्ताओं के साथ गलत व्यवहार के मामले भी सामने आए।

एसडीओ की लापरवाही से विभाग को राजस्व की हानि भी हुई है।अधिशासी अभियंता ने पूरे मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी थी। जिसकी आधार पर मध्याचंल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) ने एसडीओ तालकटोरा महेंद्र कुमार को निलंबित कर मुख्य अभियंता सेंट्रल जोन के कार्यालय में संबद्ध कर दिया है।

## जुआ खेलने से रोकने पर दिया तीन तलाक

**रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार :** पत्नी ने जुआ खेलने से शौहर को रोका तो गुस्साये शौहर ने पहले चप्पल से पीटा। इसके बाद तीन तलाक दे दिया। परेशान आठ बच्चों की मां ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामला थाना रामनगर के ग्राम गुरुबक्स गंज का है। नूरजहां पत्नी मो. शमीम ने रामनगर थाने पर दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि जुआ खेलने मना करने पर नाराज उसके पति ने गत 13 जून को उसकी लात-घूंसों व चप्पल से पिटाई की इसके बाद तीन तलाक दे दिया।

# बिना मान्यता वाले स्कूलों पर दर्ज होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** राजधानी के किसी भी ब्लाक में बिना मान्यता स्कूल चलता मिला तो एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। इस आशय के आदेश बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं।

सभी ब्लाकों के विद्यालयों के प्रगति की समीक्षा करते हुए शुक्रवार को बीएसए ने सभी बीईओ से विद्यालयों को सिम वितरित किए जाने की प्रगति भी जानी।बीईओ ने बताया कि अधिकांश विद्यालयों में सिम वितरण कर दिया गया है। विद्यालय खुलते ही शेष सिमकार्ड वितरित कर दिए जाएंगे।

**कक्षा 1 व 2 की किताबों के साथ पहुंचेगी वर्कबुक :** इस बार विद्यालयों में कक्षा एक और दो की किताबों के साथ ही वर्कबुक वितरित की जाएगी। ये वर्कबुक एनसीईआरटी के अनुसार होगी।

**मान्यता आवेदन के भौतिक सत्यापन में तेजी लाएं :** बीएसए ने बीईओ को निजी विद्यालय की मान्यता के लिए मिले सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए हैं।

**डिजिटलाइजेशन में ढिलाई पर करें कार्रवाई :** विद्यालय से जुड़ी सभी पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन में लापरवाही करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी बीएसए ने दिए हैं।

# आज और कल दो लाख लोगों को झेलना होगा बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ



**जर्जर तार बदलने का कार्य किया जायेगा**

**अमृत विचार :** मानसून से पहले निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए तैयारियां शुरू कर गई है। ऐसे में अनुरक्षण कार्य के चलते 22 और 23 जून को शहर के कई इलाकों में बिजली संकट रहेगा। इससे करीब 2 लाख की आबादी प्रभावित रहेगी।

डालीगंज खंड़ के गोयल उपकेंद्र के अतर्गत आरएसआई कॉलोनी में जर्जर तार बदलने का कार्य किया जायेगा। इसके चलते 9 से शाम 3 बजें तक आपूर्ति बाधित रहेगी। विकास नगर के कल्याणी पार्क की एलटी सप्लाई के खराब कंडक्टर और नया एबी केबल को बदला जायेगा। इसके कारण मयूर विहार और कल्याणी पार्क के आसपास की सप्लाई सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इंजीनियरिंग कॉलेज के ब्राइट वे,सेक्टर एच,जानकीपुरम,शिव विहार,गौशाला के अलावा अलीशा नगर में अनुरक्षण कार्य के कारण सुबह 10से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी। इसके अलावा अहिबरनपुर डालीगंज के पक्का पुल फीडर के तहत बाबा का पुरवा ट्रांसफार्मर और गुलजार शाह मजार के 400केवीए के डीटीआर पर कार्य किया जायेगा। जिसके कारण इसके आसपास के क्षेत्रों मे सुबह 9 से 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। नादरगंज के गहरू उपकेंद्र से पोषित चंद्रावल पर ट्रिपिंग के समस्या के कारण अनुरक्षण कार्य किया जायेगा। इससे बिजनौर, चंद्रावल,माती,परवर पश्चिम, परवर पूरब,नूरनगर,भदरसा और उसके आसपास के बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इसके अलावा इंदिरा भवन से जुडे इलाकों में 23 जून को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

## पैमाइश कर दिलाया भूमि पर कब्जा

**अमृत विचार, बाराबंकी :** तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर में करीब 50 वर्षों से चले आ रहे भूमि विवाद की पैमाइश कर कब्जा दिलाया। इस दौरान एसडीएम आर. जगत साईं की मौजूदगी में कई थानों की पुलिस बल के साथ रैपिड रिस्पांस फोर्स भी मौके पर मुस्तैद रही।

तहसील फतेहपुर के मोहम्मदपुर गांव में सुंदरलाल, छोटेलाल, हरिलाल, श्यामलाल व सुरेश की पुश्तैनी जमीन है जिस पर पट्टीदार प्यारेलाल, देशराज, श्रीपाल, राम आधार आदि भी अपना हक जता रहे थे। जिसका मुकदमा 1975 से चल रहा था। 2016 में जब प्यारेलाल, देशराज व अन्य लोगों ने उक्त भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की, तो सुंदरलाल का पक्ष कोर्ट से स्टे ले आया व भूमि पर से दोनों पक्षो के कब्जा खत्म हो गया। 2016 से इस भूमि पर मुकदमा चल रहा था। सुंदरलाल पक्ष ने एक साल पहले सीओ स्तर से मुकदमा जीत लिया था।

# हाजियों की मौत के लिए मंत्रालय जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अनीस मंसूरी ने इस मामले में प्रधानमंत्री से सीधे तौर पर हस्तक्षेप करने की मांग की**

**अमृत विचार :** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने हज-2024 में शहीद हज यात्रियों पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरे घटनाक्रम का ज़िम्मेदार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया है।

उन्होंने कहा कि हम पिछले दो सालों से उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत से हज पर जाने वाले यात्रियों की परेशानियों से आगाह कराते आ रहे हैं लेकिन हमारी बातों को संज्ञान में नहीं लिया गया। जिसका नतीजा है कि हज़ारों लोगों के शहीद होने के वीडियो वायरल हो रहे हैं।

अनीस मंसूरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि इस मामले में सीधे तौर पर हस्तक्षेप करते हुए काउंसिलेट जनरल ऑफ इंडिया जेद्दा के ज़िम्मेदार अधिकारियों और हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ लियाक़त अली आफाक़ी को तत्काल तलब करके उनकी जांच करवाएं।

अनीस मंसूरी ने कहा कि सऊदी अरब से भारतीय हज यात्रियों के शहीद होने की वायरल वीडियो से पूरे देश के मुसलमानों में ग़म और गुस्सा है, लेकिन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जो शरीअत की हिफाज़त के दावे करता है लेकिन इस मसले पर चुप्पी साधे है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के सिर गिनवा कर शासन और सत्ता की दलाली करने वाले मौलाना भी इस मसले पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

यही मौलाना हज यात्रियों की रवानगी के समय झंडी दिखाने के लिए बेताब रहते हैं। उन्होंने कहा कि कल शनिवार से हाजियों की वापसी हो रही है।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः– 189/ई0ई0–6/एल0जे0एस0 2024–25 दिनांकः 21/06/2024

अल्प कालीन निविदा–सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 28/06/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 28/06/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of 1.50 HP Submersible Pump at Durga Mandir Para Ganv near Pandey Guest House Rajaji Puram, Lko. | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |
| 2 | Repairing of 10 Nos submersible pump at different places Haiderganj Ward, Kanhiya Madhopur I Ward and Sadatganj Ward, Lko. | 4100.00 | Rs. 250 | 07 दिवस |
| 3 | Repairing of 10 Nos submersible pump at different places Haiderganj I Ward and Kanhiya Madhopur II Ward Lko. | 2100.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# मंत्रियों के सामने अयोध्या डीएम व राजू दास में तू-तू, मैं-मैं

अयोध्या कार्यालय

- स्थल पर से ही हटा ली गई राजूदास की सुरक्षा
- राजू दास ने लगाया हत्या की साजिश रचने का आरोप

**अमृत विचारः** प्रदेश के दो मंत्रियों के सामने ही डीएम और हनुमानगढ़ी के संत राजू दास आमने-सामने आ गए। तू-तू मैं-मैं हुई। स्थल से ही दास के सुरक्षा हटा ली गई। गनर को वापस बुला लिया गया। उन्होंने सुरक्षा हटाए जाने पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। घटना रामनगरी के एक होटल में गुरुवार रात लगभग 11 बजे की है। सरयू अतिथि भवन में रात मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह मौजूद थे। उनके साथ जिले के कुछ विधायक, दूसरे जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अफसर भी मौजूद थे। बताया गया है कि चुनाव की समीक्षा की जा रही थी। इसी दौरान अपनी बात रखने के लिए हनुमानगढ़ी के संत राजू दास भी पहुंच गए। दास बताते हैं कि उन्होंने अयोध्या में बंदिशों को लेकर शिकायत शुरू की तो अधिकारियों ने नाराजगी जताई। बात आगे बढ़ गई। सूत्रों के मुताबिक इस बीच डीएम के साथ राजू दास की जमकर बहस हुई। तू-तू मै-मै से मौजूद लोग सन्नाटे में आ गए। कोई कुछ बोल नहीं पाया। इसी दौरान उनकी सुरक्षा हटा ली गई। बाहर निकले तो सुरक्षा कर्मी ने बताया कि उसको जाने के लिए फोन आ गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले उनके एक सुरक्षा कर्मी को हटा लिया गया था। सुरक्षा को हटाया जाना दुखद बताया।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक था। समीक्षा में हमारी बात सुनी गई। किस पर काम किया जाना चाहिए इस पर भी चर्चा हुई। वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं, अयोध्या के लोग, व्यापारियों की पीड़ा पर बोले तो अधिकारी परेशान हो गए। उनको अच्छा नहीं लगा। आरोप लगाया कि प्रशासन समाजवादी मानसिकता से चल रहा है। कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें धमिकयां मिल रही हैं। उनको लक्ष्य किया जा रहा है। ऐसे समय में सुरक्षा हटा ली गई। यह दुखद है। हत्या की साजिश रचने का आरोप भी लगाया। लेकिन पीएम मोदी और सीएम योगी पर उनको पूरा भरोसा है। इसकी चिंता नहीं है। सनातन और हिदुत्व के लिए काम करते रहेंगे।

### सुरक्षा लेकर लोगों को प्रताड़ित करने का उद्देश्य : डीएम

हनुमानगढ़ी के संत राजू दास से की गई टिप्पणी पर डीएम नीतीश कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य सुरक्षा प्राप्त कर लोगों को प्रताड़ित करना है। सुरक्षा समिति की बैठक में उनकी सुरक्षा पर विचार किया गया था। आपराधिक इतिहास खोजा गया तो बड़ा आपराधिक इतिहास मिला। सन् 2013, 2017 और 2023 में इनके खिलाफ मुकदमें दर्ज हैं। कहा कि वह कभी अयोध्यावासियों को गाली देते हैं तो कभी प्रशासन को। यह ठीक नहीं है।

## सार-संक्षेप

### प्रशिक्षित योग गुरु ने कराया योगाभ्यास



10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा संगठन के निर्देशानुसार पशिचम मंडल–1 अंतर्गत रामलीला पार्क नौबस्ता में प्रशिक्षित योग गुरु पूनम हेकरवाल के सानिध्य में विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), पार्षद अनूप कमल सक्सेना, उपाध्यक्ष नोटेश किशोर दीक्षित, वॉर्ड अध्यक्ष अंकित राजपूत, वॉर्ड अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, अवधेश शुक्ला, आलोक मिश्रा, मुन्ना मिश्रा, अनुराधा जयसवाल व किरन राणा समेत भाजपा पदाधिकारीगण एवं स्थानीय क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### अतीक अहमद की लखनऊ में संपत्ति होगी कुर्क

**प्रयागराज, अमृत विचार :** माफिया अतीक अहमद क़ी अब तक करोड़ों क़ी सम्पत्ति को कुर्क करने के बाद भी सम्पत्तियां खत्म होने का नाम नही ले रही है। पुलिस को अतीक क़ी एक और सम्पत्ति लखनऊ के एसपीजीआई के पास होने क़ी जानकारी हुई है। जिसकी खोजबीन शुरु कर दी गयी है। माना जा रहा है कि जल्द ही उसके दातावेजों क़ी जांच कराते हुए इसे भी कुर्क किया जायेगा। माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग से जुड़े लोगों की संपत्ति ओर खोजबीन में जुटी पुलिस को लगातार एक नई जानकारी मिल रही है। इस जमीन को राजस्व विभाग से सत्यापित कराया जाएगा। जिसके बाद पुष्टि होने पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जायेगा। जबकि इससे पहले पुलिस ने लखनऊ में ही एक मकान को कुर्क कर चुकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक माफिया का बेटा असद, जिस फ्लैट में रहता था। उसकी भी जांच क़ी जा रही है। लखनऊ के एसजी पीजीआई के पास भी अतीक ने एक जमीन ली थी।

### शारीरिक और मानसिक अभ्यास का नाम है योग

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। योग एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य, योग के लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष योग दिवस स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर मनाया जा रहा है। नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ, जया वर्मा सिन्हा, रेलवे बोर्ड के सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर, अनिल कुमार खंडेलवाल, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे शोभन चौधुरी आदि मौजूद रहे और योग किया। कहा गया कि योग जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मददगार होता है। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग सत्र में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सरल और उपयोगी योग आसन और योग क्रियाएं भी की गईं।



योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

# घर से भागे प्रेमी युगल घाघरा में कूदे, युवक का शव मिला

## एक ही गांव से फरार हुए थे दोनों, युवती का नहीं मिला सुराग

संवाददाता, निघासन (लखीमपुर)



अभिषेक अवस्थी (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** एक ही गांव से एक साथ भागे प्रेमी युगल ने लखीमपुर खीरी की सीमा पर बहराइच जिले में स्थित घाघरा बैराज पहुंच गए और दोनों ने एक साथ नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने युवक का शव बरामद कर लिया, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका है। शव बरामद होने से मृतक के घर में चीख पुकार मची हुई है।

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव ढखेरवा निवासी सरोज अवस्थी के पुत्र अभिषेक अवस्थी का पड़ोस के ही भारत भार्गव की पुत्री पूजा भार्गव के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार सुबह अभिषेक अपनी बाइक से पूजा को लेकर गांव से भाग निकला। गुरुवार को दोनों लखीमपुर-खीरी व बहराइच जिले की सीमा पर बहराइच के थाना सुजौली क्षेत्र में स्थित घाघरा बैराज से छलांग लगा दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को नदी में उतारकर तलाश कराई तो अभिषेक अवस्थी का शव नदी से बरामद हुआ। कुछ दूरी पर तलाश कर रहे गोताखोरों को पूजा का दुपट्टा भी मिला है। घटनास्थल से बाइक भी बरामद हुई है। बाइक की डिग्गी से लड्डुओं के प्रसाद का डिब्बा मिला है। इससे परिजन अनुमान लगा रहे हैं कि युवक-युवती घर से गायब होने के बाद पहले शारदा नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर गए, जहां दोनों ने प्रसाद चढ़ाया। इसके बाद किसी डर से वापस घर न आकर ढखेरवा होते घाघरा बैराज पहुंचे और घाघरा नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। इधर, घटना के बाद बड़ी संख्या में मौके पर स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी।

उधर, युवती के पिता ने गुरुवार को पढ़ुआ थाने में आरोपी अभिषेक अवस्थी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। शव बरामद होने की सूचना मिलने पर मृतक के घर पर कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

## थानाध्यक्ष समेत 3 मुकदमे में तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** प्रधानाध्यापक को मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने, मुकदमे में फंसाने और अन्य आरोपों में लंभुआ थानाध्यक्ष समेत तीन लोगों को कोर्ट ने मुकदमे में तलब किया है।

लंभुआ थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी प्रधानाध्यापक रामकेश सिंह ने अधिवक्ता अच्छेराम यादव के जरिए थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा, दरोगा मलखान सिंह और गांव के राजकुमार सिंह पर मानवाधिकार कोर्ट में केस दायर किया है। अधिवक्ता ने बताया कि राजकुमार सिंह पर गांव के संजय पाल ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें रामकेश सिंह और धर्मेंद्र सिंह गवाह हैं। इसी मुकदमे में गवाही से रोकने के लिए राजकुमार ने साजिश के तहत रामकेश और धर्मेन्द्र पर गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया। रामकेश ने थानाध्यक्ष को अर्जी देकर कहा कि कथित घटना से उसका कोई संबंध नहीं है। लेकिन थानाध्यक्ष और विवेचक मलखान सिंह मामले की सही जांच नहीं कर रहे हैं।

# जमीन अधिग्रहण के विरोध में टंकी पर चढ़ गए किसान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** आवास विकास परिषद पर जबरन जमीन अधिग्रहण करने का आरोप लगाते हुए गांव राजपुर के 50 से अधिक किसान शुक्रवार की सुबह तड़के बिलोबी तिराहा के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। किसान जमीन अधिग्रहण को निरस्त करने की मांग उठाते हुए प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। योग दिवस के कार्यक्रम से अफसर सीधे मौके पर पहुंचे। उधर, आवास विकास परिषद के एक्सईएन के आने पर सीडीओ टंकी पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उन्होंने भूमि का अधिग्रहण न होने और मामले का दो दिन में निस्तारण का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग माने और करीब 10 घंटे के बाद टंकी से नीचे उतरे। इस दौरान पुलिस व प्रशासन के हाथ पांव फूले रहे।



विलोबी हाल के सामने पानी की टंकी पर चढ़े किसान। अमृत विचार

गांव राजापुर और पिपरिया गांव के 200 से ज्यादा किसानों की करीब 317 एकड़ कृषि योग्य उपजाऊ भूमि को आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए अधिग्रहण किए जाने को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने वर्ष 2010 में नोटिफिकेशन किया था। उसी के बाद से ही किसान बराबर इसका विरोध कर रहे हैं। गुस्साए किसान पानी की टंकी पर पहुंच गए और करीब 50 से अधिक किसान पानी की टंकी पर चढ़ गए। योग दिवस में अधिकारियों को जब इसकी जानकारी हुई तो एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ और शहर कोतवाल अंबर सिंह मौके पर पहुंचे।

# बलरामपुर में तालाब में मिले सगे भाइयों के शव

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** घर से खेलने निकले सगे भाइयों के शव घर से करीब 300 मीटर दूर तालाब में मिले। गांव में कोहराम मचने के साथ साथ मातमी सन्नाटा भी पसरा है।

गेंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के परानपुर गांव निवासी अमजद ने बताया कि उनके दो पुत्र मोहम्मद शाद (5) व मोहम्मद हमजा (3) गत गुरुवार शाम को घर से खेलने निकले थे। काफी देर घर नहीं आये तो परिवार के लोग तलाश करने लगे। गांव व आसपास के गांवों व बाजार में तलाश किया, लेकिन नहीं मिले। काफी देर तलाश करने के बाद घर से तीन सौ मीटर की दूरी पर तालाब में दोनों बालकों के शव मिले। अमजद के दो ही पुत्र थे। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी। देर रात दोनों बालकों को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि घटना की सूचना नहीं मिली है।

## पूर्व विधायक केस में सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण टल गई। सुनवाई 29 जून को होगी। पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ ने दर्ज कराए थे।

# रोज रामलला की प्राचीन शैलियों के वस्त्र बनाते हैं 12 कारीगर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** प्रभु श्री रामलला टाट से निकलकर अब ठाठ में पहुंच गए हैं। अब भव्य मंदिर में रामलला की सेवा पूजा राजशाही अंदाज में की जाती है। रामलला रोजाना नए-नए वस्त्र धारण करते हैं। इन वस्त्रों को दिल्ली में तैयार किया जाता है। इसे प्रशासनिक सुरक्षा में राम जन्मभूमि परिसर पहुंचाया जाता है। राम मंदिर में विराजमान पांच वर्ष के रामलला के लिए वस्त्र तैयार किए जाते हैं। जो देश की आर्ट शैलियों पर हथकरघा व खादी ग्रामोद्योग से जुड़े लोगों द्वारा तैयार होते हैं। इसके लिए दिल्ली में विशेष प्रकार की एक वस्त्र निर्माण कार्यशाला खोला गया है। जिसमें प्रतिदिन 12 कारीगर कार्य करते हैं। कार्यशाला के प्रबंधक फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी बताते हैं कि मंदिर की तरह इस कार्यशाला को भी पवित्र रखा जाता है।

# हैलट में बनेगा प्रदेश का पहला डायग्नोस्टिक हब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट में जल्दी ही एक छत के नीचे सभी तरह के रोगों की जांच उपलब्ध होगी। इसके लिए इमरजेंसी के पास प्रदेश का पहला डायग्नोस्टिक हब बनाया जाएगा। इस संबंध में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बीच समझौता हुआ है। पावर ग्रिड सीएसआर फंड के तहत लैब बनाने के लिए 10.32 करोड़ रुपये देगा।




समझौते की जानकारी देते प्राचार्य प्रो .संजय काला व पावर ग्रिड कारपोरेशन के महाप्रबंधक जग विजय सिंह। अमृत विचार

हैलट अस्पताल में आने वाले मरीजों को अभी जांच कराने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान तक दौड़ लगानी पड़ती है। यूजर चार्ज जमा करने के लिए तीसरी जगह जाना पड़ता है। इससे तीमारदारों के साथ मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी समस्या का समाधान करने के लिए प्राचार्य ने डायग्नोस्टिक हब बनाने की पहल करते हुए जगह चिह्नित की थी। शुक्रवार को इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक जग विजय सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्राचार्य ने बताया कि यह प्रदेश का पहला डायग्नोस्टिक लैब हब होगा, जहां एक छत के नीचे सभी प्रकार की विशिष्ट और जटिल जांचों की सुविधा मिलेगी।

## बच्ची से अधेड़ ने किया दुराचार

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** घर के बाहर खेल रही बच्ची को बहला फुसलाकर गांव के ही प्रौढ़ ने अपनी हवस का शिकार बनाया। लहूलुहान अवस्था में उसे अस्पताल मे भर्ती कराया है। देहात कोतवाली के दक्षिणी क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की मासूम बच्ची घर से बाहर खेलते हुए बाग की ओर चली गयी। गांव का ही वीरेन्द्र चौहान (47) मासूम को बहला फुसलाकर खेत की ओर ले गया। जहां वह बच्ची के साथ दुराचार किया।

## वर्ग पहेली-108

**बाएं से दाएं**

1. 1. पतन या ह्रास का समय 2. बुढ़ापा 3. पतझड़ की ऋतु।
4. अनेक दिशाओं में जाने वाला।
6. जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य, दुर्लभ।
8. 1. उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में होली के दिनों में मस्ती और उन्मुक्तता से गाए जाने वाले भदेस गीत और नाच–गान। इन सारे नाच–गानों के बीच–बीच में टेक की तरह 'जोगीड़ा सारा.. रारा.. रारा.. रारा.. रारा... रा रा' आता है 2. वसंत ऋतु में गाया जाने वाला चलता गाना 3. जोगीड़ा गाने वालों का दल या समाज।

**ऊपर से नीचे**

1. सफ़ेद बालों को काला करने की दवा या रसायन लेप, केशकल्प।
2. अश्लील, फूहड़, फ़ोश।
3. 1. गंगा की प्राप्ति 2. मृत्यु 3. गंगातट पर दाह संस्कार का होना।
5. 1. अंश या हिस्सा पाने वाला 2. साझेदार, (शेयरहोल्डर)।
6. दूना, दोगुना।
7. समधी के पिता।



### वर्ग पहेली -107 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 घा | | | 2 घो | 3 सी | |
| | टि | | 4 सं | | मं | |
| 5 सी | ता | | 6 शो | णि | त | |
| | ई | | धि | | | 7 दु |
| | | 8 कु | त | 9 बा | | रं |
| | | ढं | | ज़ा | | दे |
| 10 आ | वे | गी | | र | | श |

## सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 8 | 3 | | |
| | 1 | | | | | 4 | 8 | |
| 5 | | 4 | 9 | | | 2 | | 7 |
| | 6 | | 5 | | | 7 | | |
| 7 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | 3 | | 1 | |
| 4 | | 8 | | | 2 | 1 | | 6 |
| | 7 | 6 | | | | | 3 | |
| | | 2 | 7 | | | | 5 | |

### सुडोकू - 20 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जून शनिवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–पूर्णिमा–06 .37 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 23 जून 05 .12 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल– मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–मूल 17 .54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज प्रेमी जन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। बाहर का भोजन करने से बचें वरना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अपने गुरुजनों से विवाद न करें। किसी आवश्यक काम को लेकर आपको धन उधार लेना पड़ सकता है।

**वृष:** आज आपको काफी विचारवान होने की आवश्यकता है। घर के सभी सदस्यों से मिलजुल कर रहें। व्यवसाय को लेकर आपके मन में चिंता हो सकती है। खर्च बढ़ने के कारण आप आवश्यक कार्यों पर कम ध्यान दे सकते हैं।

**मिथुन:** आज आपका मनोबल बढ़ेगा। जीवनसाथी की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। घर के रखरखाव आदि में आप काफी ध्यान देंगे। पुराने लोन को चुकता कर सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय काफी अच्छा है।

**कर्क:** आज ऑनलाइन कारोबार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव की भावना रहेगी। घर के जरूरी कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी क्षमताओं की लोग प्रशंसा करेंगे।

**सिंह:** आज किसी प्रिय मित्र से वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। व्यर्थ के लड़ाई–झगड़ों में आपको पड़ने से बचना चाहिए। लोग आपकी भावनाओं का अनादर कर सकते हैं। नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं।

**कन्या:** आज विरोधियों से आपकी सीधी टक्कर हो सकती है। भविष्य के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। आपको शांत होकर विचार करना चाहिए। व्यापार में आपको कठिन परिश्रम के बाद ही धन लाभ होगा। कारोबार में आपके संबंधों में सुधार आएगा।

**तुला:** आज आप किसी कठिन डील को अपने पक्ष में ला सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। नई संपत्ति लेने का सोच सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर बनाकर रखें।

**वृश्चिक:** आज अति उत्साह में आपके काम बिगड़ सकते हैं। घर में लोगों के साथ अनबन हो सकती है। आपको शांत होकर अपना काम करना चाहिए। थोक व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा।

**धनु:** आज सहकर्मियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आप व्यापार में लाभ बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे। व्यापार में धन लाभ होने से आपके ऊपर से आर्थिक दबाव कम होगा। वैवाहिक संबंध मधुर व मजबूत रहेंगे। उच्च शिक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

**मकर:** आज कारोबार में तकनीकी मामलों के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं। यात्राओं को टालना फिलहाल आपके लिए हितकर होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा कमजोर रहेगा। क्रोध और तनाव से आपको बचना चाहिए। किसी से भी अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कुंभ:** आज टेक्सटाइल के कारोबार से जुड़े लोगों का व्यापार बढ़ेगा। बौद्धिक लोगों की संगत में रहना उत्तम होगा। उधार में दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके घर कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। आप उनसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन:** आज शाम के समय किसी उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामले सुलझने की संभावना बन रही है। आप लोगों को अपने पक्ष में ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना का विकास होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .32
परदेसी बाबू — रात : 07 .00

&pictures
राधे — सुबह : 11 .03
जिंदगी न मिलेगी दोबारा — रात : 08 .00

SONY PIX
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 09 .42
जॉन विक 3 — रात : 08 .58

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01 .48
सूर्यवंशी — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
दिल — सुबह : 10 .24
अंधाधुन — रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति– अगर मैं मर गया तो तुम दूसरी शादी करोगी?
पत्नी– नहीं मैं अपनी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगी।
पत्नी– अगर मैं मर गई तो तुम दूसरी शादी करोगे?
पति– मैं भी तुम्हारी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगा।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से लाल हो गई और बीवी का चेहरा देखकर पति डर के मारे पीला पड़ गया।

लेडी टीचर– लोफर और ऑफर में क्या फर्क है।
स्टूडेंट–बहुत आसान है मैम
आई लव यू अगर लड़का कहे तो लोफर
लड़की कहे तो ऑफर
स्टूडेंट की बात सुन टीचर हैरान...

अपुत्रस्य गृहं शून्यं दिश : शून्यास्त्वबान्धवा : ।
मूर्खस्य हृदयं शून्यं सर्वशून्यं दरिद्रता ॥

पुत्रहीन के लिए घर सुना हो जाता है जिसके भाई न हो उसके लिए दिशाएं सूनी हो जाती हैं, मूर्ख का हृदय सूना होता है, किंतु निर्धन के लिए सब कुछ सूना हो जाता है।

## संपादकीय

# लंबित सुधारों का समय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों और सिफारिशों पर कारोबारियों, नीति निर्माताओं और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों की नजर बनी हुई है। गत वर्ष अक्टूबर के बाद पहली बार होने वाली इस बैठक में, परिषद के पास बहुत सारे नियमित काम हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम और कैसीनो पर 28 फीसदी शुल्क जैसे पिछले फैसलों से संबंधित स्पष्टीकरण और समीक्षाएं शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि परिषद जीएसटी की जटिल, बहु-दर संरचना को तर्कसंगत बनाने की योजना को पुनर्जीवित करने जैसी बड़ी चीजों के लिए भी वक्त निकालेगी। परिषद के लिए अपने लंबित सुधार संबंधी एजेंडे पर जोर देने का यह सही समय है ताकि इसे मूल रूप से परिकल्पना के मुताबिक वास्तव में एक अच्छा और सरल कर बनाया जा सके। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद समय-समय पर जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक करती है, जिसमें कर दरें, नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक मुद्दे शामिल होते हैं। देश में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। सात वर्ष में यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप हो और नागरिकों व व्यवसायों पर कर का बोझ कम करे। बिजली, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे बाहर रखे गए मदों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवसाय जगत इन इनपुट के लिए क्रेडिट का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। यानि छोटी कंपनियों के लिए अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ सभी व्यवसायों के लिए इस प्रणाली को सरल बनाने की गुंजाइश है। हालांकि जीएसटी परिषद जीएसटी से संबंधित निर्णय लेती है, लेकिन केंद्र सरकार को, राजनीतिक संरचना से परे, लंबित सुधारों को शुरू करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें सुधार की गुंजाइश है। यह हमारी सुधरती अर्थव्यवस्था का मजबूत संकेत हैं।

# मांसाहार, शाकाहार और पशु वध



डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें,लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्याय संगत होगा?

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। बहस में मांसाहार और शाकाहार पर विचार व्यक्त किए जा रहे हैं और जो एक विशेष धार्मिक मत के त्योहार पर प्रारंभ हुई थी। मांसाहार के लिए होने वाले पशु-वध पर बात करें तो जंतु-जगत जिसमें मानव भी सम्मिलित है,अपने आहार के लिए अन्य जीवन को नष्ट तो करता ही है। हरे पौधे ही प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी से अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं,जंतु नहीं। उन्हें तो वनस्पतियों द्वारा बनाए गए भोजन पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। क्योंकि यह भोजन उन वनस्पतियों के शरीर के अंदर ही भंडारित होता है,इसलिए उन्हें वनस्पतियों के प्राण भी लेने ही होंगे।

निश्चित रूप से वनस्पतियां भी जीवित होती हैं। हम लोग तमाम अन्य प्राणियों के प्राण भी लेते ही हैं। हम लोग न मालूम कितने बैक्टीरिया और वायरसेज को मार देते हैं। दही तो लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया का संवर्धन ही होता है,हम इसे आराम से खाते हैं। हम अनेक कृमियों और अपने लिए हानिकारक कीटों को भी नष्ट करते ही हैं। ऐसा करते समय हम किंचित भी अपराध बोध से ग्रस्त नहीं होते हैं। अंतर कहां पर है? अंतर इन जीव-जंतुओं की चेतना के स्तर में है। एक बैक्टीरियम, एक स्पंज,एक कॉकरोच,एक बकरे और एक मानव की चेतना के स्तर में अंतर होता है। यह अंतर उनके मस्तिष्क अथवा तंत्रिका तंत्र में अंतर के कारण होता है।

यदि लोग आत्मा की बात करते हैं तो जैसा कि कहा जाता है। आत्मा हर जीव-जाति या 'योनि' में एक समान ही होती है, तब तो फिर किसी भी जीव का वध एक समान ही होना चाहिए। तब तो एक पौधे, एक अमीबा, एक बकरे और एक मानव का वध एक समान ही होना चाहिए,लेकिन क्या ऐसा वास्तव में है? क्या एक पौधे को मारना,एक चींटी को मारना, एक कॉकरोच को मारना,एक बकरे को मारना और एक मानव को मारना एक समान ही है? नहीं, ऐसा नहीं है। यह अंतर चेतना के अंतर के कारण ही है। एक पौधा पीड़ा का अनुभव नहीं करेगा, एक स्पंज भी ऐसा नहीं करेगा,एक बकरा पीड़ा और डर का अनुभव करेगा और एक मनुष्य इन बातों के अतिरिक्त

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अत : जो प्राणी दु :ख और कष्ट का अनुभव करता है,हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी।

अन्य प्रकार से प्रभावित भी होगा। उसके परिजन दुःखी होंगे,उस व्यक्ति के सारे विचार नष्ट हो जाएंगे,उसकी बुद्धिमत्ता से समाज वंचित हो जाएगा।

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है,हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु-वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी। क्या हम बंगालियों जिनको मछली प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है से यह कहें कि वह मछली खाना बंद कर दें? क्या हम चीनी लोगों से कीड़े-मकोड़े और अन्य प्रकार के जीव जंतुओं को खाना बंद करने के लिए कहें? क्या हम संसार के अरबों मांसाहारी लोगों को 'पापी' मानें? मैं ऐसा नहीं करना चाहूंगा।

बहुत से ठंडे प्रदेशों,जहां केवल मास और लाइकेन होते हैं और जिन्हें रेनडियर तो खा सकते हैं,लेकिन मानव नहीं, में हम मानव को उन मॉसेज और लाइकेंस को खाने पर विवश करें? नहीं,हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। बायोलॉजिकली भी हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। यदि मानव को उन प्रदेशों में रहना है तो उसे रेनडियर को खाना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर मैं यही कह सकता हूं कि हम जीव-दया का सिद्धांत अपने मन में सदैव रखें,लेकिन हम इसके लिए कट्टर न हों। इसके अतिरिक्त हम नियम अपने लिए तो बनाएं अन्य के लिए नहीं। हम दूसरों को अपने नियम मानने पर विवश न करें। हम हमारे नियमों को दूसरों के द्वारा न माने जाने पर उन्हें 'पापी' न कहें। हम उनके ऐसा करने पर उन्हें एक 'निम्न स्तर' का मानव न मानें। हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें,लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्यायसंगत होगा?

एक बात और है। यह बात तो भोजन के लिए पशु वध की थी। यहां तो लचीला हुआ जा सकता है, लेकिन धर्म के नाम पर देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के नाम पर,उस 'ऊपर वाले' को प्रसन्न करने के नाम पर पशु वध को किसी भी सूरत में सही कैसे कहा जा सकता है? इन कार्यों के पीछे जो भी कारण बताए जाते हैं,यदि हम उनको तर्क के तराजू पर तौलें तो वह सब खोखले ही सिद्ध होंगे। मैं मनुष्य के लिए हानिकारक वायरसेज, बैक्टीरिया, कृमियों, कीटों और पशुओं का वध करना चाहूंगा। मैं संक्रमण होने पर उन हानिकारक जीवों को मारने के लिए दवाई खाना पसंद करूंगा। एक आदमखोर जंतु को भी और कोई उपाय न रहने पर मार ही दिया जाता है,क्योंकि मनुष्य की चेतना उस पशु की चेतना से बेहतर होती है। अपने आप को और अपनी जाति को जीवित रखना सबसे बड़ा धर्म है। यह वह मूल बायोलॉजिकल गुण है जिसके कारण जातियों में विकास हुआ और वह जीवित रह पाईं जिसके कारण जीवन के प्रारंभिक रूपों से आज के विविध रूप उत्पन्न हुए। इसलिए हमें खाना भी खाना होगा और अपनी रक्षा भी करनी होगी,लेकिन ऐसा हम दूसरों को जितना कम कष्ट पहुंचाकर कर सकें,उतना अच्छा है। मनुष्य अपने भोजन के लिए दूसरों को कुछ कष्ट तो पहुंचाता ही है। वह मधुमक्खियों से उनका शहद छीन लेता है और गाय-भैंसों के बच्चों से उनका दूध,लेकिन यह कष्ट जितना कम हो सके उतना अच्छा है। मैं धर्म के नाम पर एक तार्किक दृष्टिकोण रखना पसंद करूंगा।

एक अंतिम प्रश्न और है। अब कृत्रिम शहद और कृत्रिम दूध भी बन गया है। उनका सेवन उचित ही है। वैसे पशुओं से प्राप्त दूध एक जंतु उत्पाद ही है। हां,अब वनस्पतियों से भी दूध प्राप्त कर लिया गया है। आज पौधों की जेनेटिक इंजीनियरिंग करके उनसे मानव के समान गुणों वाला दूध भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रयोगशालाओं में कृत्रिम मांस भी बना लिया गया है। यह एक जंतु कोशिका को संवर्धित करके बना लिया जाता है। वैसे ही जैसे वनस्पति कोशिका से वनस्पति प्राप्त की जा सकती है। इस कृत्रिम मांस को बनाने और उसे खाने में हम किसी भी प्राणी को किंचित भी कष्ट नहीं पहुंचा रहे होते हैं। यह पौष्टिक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है और उचित मात्रा में लेने पर यह किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं होता है। क्या इसे भी खाना मना होना चाहिए? यदि हां, तो क्या इसके पीछे केवल कुछ धार्मिक कारण ही कहे जाएंगे? क्या वह धार्मिक कारण समुचित होंगे? क्या यह मांस जीवित माना जाएगा अथवा मृत? और क्या इसकी कोशिकाओं में आत्माएं मानी जाएंगी? वैज्ञानिक रूप से तो जीवित कोशिकाओं से बना मांस जीवित ही होता है। ठीक वैसे ही,जैसे जीवित वनस्पति कोशिकाओं से बना कोई आलू जीवित होता है। भले ही वह प्राकृतिक रूप से बना हो अथवा कृत्रिम रूप से।

## प्रसंगवश

# कभी अनपढ़ भी हो सकता है प्रधानमंत्री

केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मध्य प्रदेश के धार जिले के एक कार्यक्रम में बोर्ड पर "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" सही ढंग से नहीं लिख पाईं,बहुत गलत लिखा। इसकी खूब खिल्ली उड़ रही है। दरअसल संविधान में लोकसभा सदस्य या मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित ही नहीं है। तब इस तरह के नमूने तो आते ही रहेंगे। कभी अनपढ़,अंगूठा टेक व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री भी हो सकता है। नेहरू मंत्रिमंडल में मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा मंत्री थे। वे थे तो विद्वान,किंतु अंग्रेजी व अन्य बाहरी भाषाओं के,अपनी स्वदेशी हिंदी के नहीं। तत्समय हिंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लखनऊ के एक अस्पताल में बीमार चल रहे थे। ऐसे में प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री महादेवी वर्मा ने कलाम साहब को पत्र लिखकर निराला जी के सही ढंग से इलाज कराने की मांग की। कलाम साहब ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त को पत्र लिखा। पत्र कुछ यूं थाः 'यूपी से महादेवी नाम की औरत ने मुझे खत लिखकर वाकिफ कराया है कि लखनऊ के एक अस्पताल में निराला नाम का शख्स जेर इलाज है। आप गौर करके उसका सही इलाज करवा दीजिए'। गुप्ता जी ने इलाज की समुचित व्यवस्था तो की,किंतु वह खत पत्रकारों को दिखा दिया कि देखो देश का शिक्षा मंत्री महादेवी जी और निराला जी को नहीं जानता। मेरी नौकरी के कालखंड में एक मंत्री जिले के मुआयने पर आए। शायद पढ़े लिखे नहीं थे। कार्यालय घूमे तीन-चार जगह फाइलों में हाथ लगाया,तो कुछ मिट्टी उंगली में लग गई। उन्होंने बस यह टिप्पणी की "गंदगी है, आप लोग धूल साफ करिये"। तात्पर्य यह है कि संविधान में ऐसे संशोधन किए जाएं कि अशिक्षित और अल्प शिक्षित मंत्री न बन सकें। समुचित योग्यता तो सांसद और विधायक की भी होनी चाहिए। नीति के श्लोकों में भी अनपढ़ के लिए कहा गया है,"न शोभते सभा मध्ये हंस मध्ये बको यथा"।। कुरान शरीफ की पहली पांच आयतें,जो हिरा की गुफा में नाजिल हुईं,उनका पहला शब्द था "इकरा" यानी पढ़ो। समूची संसद को इस पर ध्यान देना चाहिए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# बड़ी अर्थव्यवस्था पर प्रति व्यक्ति आय में पीछे



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है,जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है।

भारत अपनी विविध संस्कृति,बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास के साथ सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह मील का पत्थर आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार में देश की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित करता है। हालांकि इस प्रभावशाली रैंकिंग के बावजूद, भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं से काफी पीछे है।

यह असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करती है और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह आर्थिक स्वास्थ्य और आकार का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय की गणना जीडीपी को देश की जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है,जो प्रत्येक नागरिक द्वारा अर्जित औसत आय को दर्शाती है,जबकि उच्च जीडीपी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक है,उच्च प्रति व्यक्ति आय बेहतर जीवन स्तर और धन वितरण का संकेत देती है।

भारत की कम प्रति व्यक्ति आय के पीछे कारण भारत की जनसंख्या दोधारी तलवार है। उच्च जनसंख्या घनत्व, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालता है जिससे पूरे मंडल में जीवन स्तर में सुधार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद,धन वितरण असमान बना हुआ है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है,जबकि एक छोटा प्रतिशत पर्याप्त धन का आनंद लेता है। यह असमानता प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को खराब करती है और समावेशी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है,जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है जिसमें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाभों की कमी शामिल है। अल्प रोजगार भी बड़े पैमाने पर है,जहां व्यक्तियों को ऐसी नौकरियों में नियोजित किया जाता है,जो उनके कौशल और क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग नहीं करते हैं जिससे उत्पादकता और कमाई कम हो जाती है। हालांकि भारत ने शैक्षिक पहुंच में सुधार लाने में प्रगति की है,लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा असमान रूप से वितरित है। शिक्षा में यह अंतर निम्न कुशल नौकरियों और कम कमाई की क्षमता में तब्दील हो जाता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हो रहा है, फिर भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब स्वास्थ्य परिणाम, कुपोषण और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा कार्यबल की समग्र उत्पादकता और आर्थिक योगदान को प्रभावित करते हैं।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की यात्रा सराहनीय है,लेकिन इसकी जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के बीच असमानता महत्वपूर्ण संरचनात्मक चुनौतियों को उजागर करती है। इन मुद्दों के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार की पहल आशाजनक हैं,लेकिन निरंतर प्रयास और प्रभावी कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आर्थिक विकास सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर में तब्दील हो।

इन चुनौतियों का समाधान करके, भारत न केवल अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकता है,बल्कि अपनी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य भी सुनिश्चित कर सकता है। तकनीकी प्रगति और बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत को अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए,नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# दक्षिण में धार्मिक संरक्षणशीलता

त्रिवेंद्रम के प्राचीन पद्मनाभ मंदिर गया था,जो एक विष्णु मंदिर है। यहां विष्णु अनंत शय्या पर सो रहे हैं। इसलिए इस शहर का नाम तिरुअनंतपुरम है। इस मंदिर में पुरुषों को बस कमर के नीचे एक धोती में प्रवेश करना होता है,स्त्रियां पूरी साड़ी में होती हैं।

इस मंदिर के बारे में कहा गया है कि यह एक दूसरे प्रमुख वैष्णव क्षेत्र तिरुपति से भी अधिक संपत्तिवान मंदिर है। देखा गया है कि जहां विष्णु हैं,वहां संपत्ति की महिमा अधिक है, जबकि शैव मंदिर में संपत्ति की प्रधानता नहीं है।

प्रचारित है कि यहां कुछ बंद दरवाजे खोलकर कैग ने स्वर्ण और हीरे-जवाहरात की एक लाख करोड़ की संपत्ति का उद्धार किया था और अभी एक रहस्यमय दरवाजा बंद है जहां इससे भी अधिक संपत्ति है। मेरे देखने-समझने में यही आया कि ये सब अफवाहें हैं। इस मंदिर के चारों तरफ सुंदर प्राचीन मूर्तियां हैं,यक्ष और देवताओं की। एक जगह अद्भुत रूप से महाभारत के अश्वत्थामा का मंदिर है। मेरे लिए सबसे विस्मयजनक यह था कि ट्रावनकोर के राजा द्वारा लगभग तीन सौ साल पहले पुनर्निर्मित यह मंदिर अभी तक अपने प्राचीन स्वरूप में है। इसमें आधुनिक भव्यता का रत्ती भर प्रवेश नहीं है,यहां तक कि मुख्य गर्भ गृह में बिजली की लाइट भी नहीं है। इसकी जगह पवित्र अंधकार में डूबे सैकड़ों दीप जल रहे हैं। यहां तक कि अनंत निद्रा में खुद विष्णु स्पष्ट नहीं दिखते। फिर भी ज्यादातर दक्षिण भारतीय भक्त टूट पड़े हैं यहां और पद्मनाभ रूप में खो गए हैं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

त्रिवेंद्रम के इस प्रसिद्ध मंदिर में हर तरफ एक शांत धार्मिक परिवेश है,जहां कुछ भी मजेदार नहीं है। यहां लोग सैलानी नहीं हैं,सचमुच के ईश्वर भक्त हैं।

यदि काशी और अयोध्या के मंदिर पुनर्निर्मित होकर आधुनिक सुख और सुविधाओं से चमक रहे हैं और भीड़ को आकर्षित करते हैं,पद्मनाभ मंदिर में उसकी अपनी प्राचीन दिव्यता बरकरार है, जो भक्तों को आकर्षित करती है। दक्षिण भारत के लोगों में धार्मिक संरक्षणशीलता ज्यादा है, जबकि उत्तर भारत के उन्मादी धार्मिक लोगों ने धर्म को पान मसाला बना दिया है।

-फेसबुक वॉल से

# अव्यवस्थित नगर में तब्दील हो गया है स्वप्नलोक



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है,जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं।

"तुम्हारे शहर में ये शोर सुन-सुनकर तो लगता है कि इंसानों के जंगल में कोई हांका हुआ होगा।" दुष्यंत कुमार की गजल का यह शेर सरोवर नगरी नैनीताल की मौजूदा हालातों को बखूबी व्यक्त करता है। इंसानों और वाहनों की बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 180 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। अंग्रेज यहां के पारिस्थितिक एवं पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता,शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी।

आज ये सभी खतरे में हैं। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। 24 अक्टूबर, 1884 को काठगोदाम रेल यातायात से जुड़ गया। फिर यात्रीगण कालाढूंगी के बजाय काठगोदाम से पैदल नैनीताल आने लगे थे। इस दरम्यान नैनीताल नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज आगरा एंड अवध की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था। तब नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के सर्वशक्तिमान ओहदेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर, प्रांत के आला अधिकारी समेत सभी कारकुन काठगोदाम से घोड़े की सवारी अथवा पैदल नैनीताल आया करते थे। कालांतर में ब्रेबरी तक तांगे आने लगे। ब्रेबरी से घोड़ों में बैठकर अथवा पैदल नैनीताल आया जा सकता था। 1893 में नैनीताल तक तांगे पहुंच गए थे। नैनीताल की बसावट के करीब सात दशक बाद 1915 में यहां मोटर सड़क पहुंची। तब तक नैनीताल विश्व मानचित्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका था। लेफ्टिनेंट गवर्नर समेत सभी अंग्रेज हुक्मरान और उनके परिजन नगर के भीतर हाथ रिक्शा और घोड़ों की सवारी किया करते थे। 1901 में जब नैनीताल की ग्रीष्मकालीन आबादी 7609 थी, सिर्फ 520 बंगले और दूसरे मकानात थे। अंग्रेज नैनीताल के नाजुक पर्यावरण के मद्देनजर यहां निश्चित सीमा से अधिक आबादी को बसाने के सख्त खिलाफ थे।

कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर कैप्टन ए. डब्ल्यू. इबट्सन ने 19 जुलाई,1929 को नगर पालिका,नैनीताल की वार्षिक रिपोर्ट में लिखी एक टिप्पणी में कहा था-"इस समय नैनीताल की एक स्वास्थ्यप्रद नगर की छवि है,पर भविष्य में इस छवि को बनाए रखने में कुछ जटिल समस्याएं नजर आ रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह नगर अति इंसानों से भर गया है।" जब कैप्टन इबट्सन ने यह टिप्पणी की उस दौर में नैनीताल की आबादी करीब बारह हजार थी। 1937 में नगर पालिका ने नैनीताल की मालरोड में नियंत्रित यांत्रिक यातायात की अनुमति प्रदान कर दी। मालरोड में यांत्रिक यातायात की अनुमति दिए हुए दो साल भी नहीं बीते थे भू-वैज्ञानिकों ने मालरोड के अतिरिक्त अन्य स्थानों में वाहनों की आवाजाही का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक ए. एल. कॉल्सन ने 5 अगस्त,1939 की अपनी एक रिपोर्ट में नैनीताल नगर के भीतर वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की सिफारिश की। इसके बाद मालरोड में वाहनों की आवाजाही को हतोत्साहित करने की दृष्टि से लेक ब्रिज शुल्क की व्यवस्था की गई। अब यह व्यवस्था नगर पालिका की आमदनी का मुख्य स्रोत बन गई है। 22 जनवरी,1942 को नगर पालिका ने मालरोड में दस पैदल रिक्शे चलाने की अनुमति दी। प्रारंभ में सभी रिक्शों का स्वामित्व एवं संचालन नगर पालिका के पास ही था।

1947 में भारत आजाद हो गया। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। संरक्षणवादी नीतियों को भी अपने साथ ले गए। 1960 के दशक में मालरोड में यांत्रिक यातायात नहीं के बराबर था। राजभवन को छोड़कर मालरोड के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में गाड़ियों का संचालन प्रतिबंधित था। 1980 के दशक तक भी नगर में यांत्रिक यातायात नियंत्रित संख्या में था। यहां हवाखोरी को आने वाले अधिकांश सैलानी पैदल टहलना पसंद करते थे। देश के शीर्ष राजनेताओं को भी पैदल चलने में संकोच नहीं होता था। वीआईपी कल्चर इस कदर हावी नहीं था। मारुति संस्कृति आने के बाद नैनीताल का पूरा परिदृश्य बदल गया। नैनीताल नगर में मोटर मार्ग बाजार क्षेत्र,अश्व मार्ग और पैदल मार्ग सहित सड़कों की कुल लंबाई करीब एक सौ किलोमीटर के आसपास है। इसमें वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब 18 किलोमीटर है। बाकी पैदल मार्ग हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार नैनीताल में निजी एवं टैक्सी चौपहिया वाहनों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। यहां मकानों की संख्या करीब दस हजार के आसपास पहुंच गई है। पर्यटक सीजन के दिनों प्रशासन द्वारा निश्चित संख्या में ही पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की आज्ञा दी जाती है। बावजूद इसके पीक सीजन में प्रतिदिन करीब ढाई-तीन हजार पर्यटकों के निजी वाहन नैनीताल आते हैं। इनकी निरंकुश रफ्तार के चलते पैदल चलने का अर्थ जीवन को खतरे में डालना हो गया है। अनियंत्रित, अनियोजित एवं अदूरदर्शी विकास ने स्वप्नलोक को एक अव्यवस्थित और अति भीड़भाड़ वाले नगर में बदल दिया है। इंतजामिया नैनीताल नगर की भार वहन क्षमता का आकलन कर तद्नुसार गाड़ियों की संख्या नियंत्रित करने के बजाय पार्किंग बनाने पर जोर दे रहे हैं। जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगीं तो पार्किंग बनाने का क्या लाभ?

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है,जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों में आम पर्यटकों को नहीं श्रद्धालुओं को आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिनका धर्म और अध्यात्म से कोई नाता न हो। ऐसे पर्यटक हमारे धार्मिक स्थलों की महत्ता और स्थानीय पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध होंगे।

# ब्याज से आय पर राहत

नई सरकार के लिए आगामी पूर्ण बजट बेहद चुनौती पूर्ण होगा,ऐसा माना जा रहा है। हाल के अंग्रेजी अखबार की सुर्खी बने एक आर्थिक जगत के समाचार के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज से होने वाली आय पर आयकर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग विभिन्न बुनियादी योजनाओं के वित्त पोषण में किया जा सकेगा। अभी तक बैंक में जमा राशि का ब्याज एक वर्ष में 40000 से अधिक होने पर टैक्स काटा जाता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

टैक्स में राहत यो भी जरूरी हो गई थी। क्योंकि देश में घरेलू जमा राशियों में काफी कमी आई है। ऐसे में बैंको को अपनी जमा राशियों को बढ़ाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर बजट के प्राविधानों में ब्याज में टैक्स से राहत मिलती है तो इसे एक अच्छी पहल माना जा सकेगा। अभी तक 40000 के ऊपर ब्याज होने पर 10 प्रतिशत टीडीएस के रूप में स्वतः काट लिया जाता है और अगर पेन कार्ड नहीं है तो टीडीएस के रूप में 20 प्रतिशत काट लिया जाता है। वहीं अभी तक ब्याज में छूट की रकम वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50000 है। देखना है इस पूर्ण बजट में वित्त मंत्री द्वारा इस मद में कितनी राहत की घोषणा होती है।

## एक नजर

### यशवर्धन ने एशियन जूजुत्सु चैंपिनयशिप में जीता रजत

कासगंज, अमृत विचार : शहर के 16 वर्षीय खिलाड़ी यशवर्धन ने उज्बेकिस्तान के बुखारा में हुई एशियन जूजुत्सु चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। शहर के मुहल्ला नाथूराम निवासी राकेश बिड़ला एडवोकेट के नाती एवं रंजन बिड़ला के पुत्र यश वर्धन बिड़ला ने 14 से 17 जून तक उज्बेकिस्तान के बुखारा में हुई एशियन जूजुत्सु चैंपियनशिप 70 किलोग्राम में रजत पदक जीता है। परिवार के लोग यशवर्धन को मिली सफलता से खुश हैं।

### नौचंदी एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग की मौत

बरेली, अमृत विचार : नौचंदी एक्सप्रेस में शुक्रवार को बुजुर्ग यात्री की तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। 14241 नौचंदी एक्सप्रेस के एस-7 कोच की बर्थ नंबर 65 पर अमेठी के थाना जायस के गांव मकदूमपुर निवासी 76 वर्षीय रामनाथ सफर कर रहे थे। वह परिवार के साथ मुजफ्फरनगर जा रहे थे। बरेली से पहले अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने टीटीई को बताया तो कंट्रोल रूम से मेसेज दिया गया। बरेली जंक्शन पर मेडिकल टीम ने जांच की तो बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

### मुठभेड़ के बाद तीन चोर गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर : पुलिस और चोरों के एक गिरोह के बीच गुरुवार देर रात हुई मुठभेड़ के बाद तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापति ने शुक्रवार को बताया कि इस मुठभेड़ में तीन अभियुक्तों- सुनील खडंग, प्रताप खडंग और अंकित जोशी को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से प्रत्येक पर 25,000-25,000 रुपये का ईनाम था। मुठभेड़ में तीनों अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए

# जज ने शासन से की सुरक्षा की मांग

विधि संवाददाता, बरेली

**ज्ञानवापी प्रकरण के जज रहे रवि कुमार दिवाकर को जान से मारने की धमकी देने का मामला**

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी प्रकरण की सुनवाई के बाद कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों से धमकी मिलने पर बरेली सेशन कोर्ट में तैनात अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर ने जिला जज के जरिए प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर समुचित सुरक्षा मांगी है।

जज रवि कुमार दिवाकर ने इस पत्र में बताया है कि बनारस में तैनाती के दौरान भी उन्हें इस्लामिक आगाज मूवमेंट का धमकी भरा पत्र मिलने पर उन्होंने 8 जून 2022 को केस दर्ज कराया था। इस संगठन ने पत्र में उन्हें काफिर और बुतपरस्त हिंदू न्यायाधीश बताते हुए कहा था कि भारत का मुसलमान अच्छी तरह जानता है कि वह ज्ञानवापी मस्जिद को प्रधानमंत्री के दबाव में मंदिर घोषित कर देंगे और मुगलों को आततायी लुटेरा बता देंगे। आरएसएस और तमाम अनुषांगिक संगठनों के साथ मोदी ने गुजरात की तरह यूपी में दंगा कराने की साजिश रच ली है।

बता दें कि गुरुवार को ही लखनऊ सेशन कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की ओर से भी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी को पत्र भेजकर इस्लामिक कट्टरपंथियों की ओर से जज रवि कुमार दिवाकर की हत्या की साजिश की जानकारी दी थी। पत्र में बताया गया था कि इंस्टाग्राम पर जज रवि कुमार दिवाकर के फोटो के साथ धमकी पोस्ट करने वाले भोपाल के अदनान खान को एटीएस ने गिरफ्तार किया, जिससे इस साजिश के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

### भाई की सुरक्षा वापस लेने का भी जिक्र

जज रवि कुमार दिवाकर ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में शाहजहांपुर में तैनात सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी के पद पर तैनात अपने छोटे भाई दिनेश कुमार दिवाकर की सुरक्षा वापस लिए जाने का भी जिक्र किया है। कहा कि उनके भाई को शासनादेश के तहत सुरक्षा प्राप्त थी लेकिन एसपी शाहजहांपुर अशोक मीना ने मई में निजी रंजिश के कारण उनकी सुरक्षा वापस ले ली। क्योंकि उनके भाई ने न्यायिक मजिस्ट्रेट रहते विवेचकों की ओर से प्रस्तुत कई प्रार्थनापत्र निरस्त किए थे।

### मुजफ्फरपुर पहुंची यूपी एटीएस, दो से पूछताछ

लखनऊ, अमृत विचार : ज्ञानवापी प्रकरण में सुनवाई करने वाले न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर को जान से मारने की धमकी देने के मामले में उप्र. एटीएस की टीम शुक्रवार सुबह बिहार के मुजफ्फरपुर पहुंची और यहां के पक्कीसराय क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पूर्व में अस्पताल संचालक रहे राशिद और दानिश नामक दो भाइयों के घरों में तलाशी ली और पुलिस मुख्यालय में घंटों पूछताछ की। एटीएस ने दोनों को तीन दिनों के अंदर लखनऊ स्थित एटीएस थाने में हाजिर होने का नोटिस भी दिया। बताते चलें कि लखनऊ एटीएस ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कई पोस्ट की जांच की थी। इसके बाद आतंकी गतिविधियों और धार्मिक कट्टरता को लेकर लखनऊ एटीएस थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

# संज्ञान के चरण में अदालत धाराएं जोड़ या घटा नहीं सकती : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि संज्ञान लेने के स्तर पर शिकायतकर्ता के दावे को स्वीकार करके पुलिस रिपोर्ट में अपराधों को न तो जोड़ा जा सकता है और न ही घटाया जा सकता है।

पुलिस रिपोर्ट के आधार पर सीआरपीसी की धारा 190 के तहत अपराधों का संज्ञान लेते समय संबंधित मजिस्ट्रेट या न्यायाधीश द्वारा शिकायतकर्ता या आरोपी को सुनवाई का अवसर नहीं दिया जाता है और इसलिए आरोपी को सुने बिना अपराधों को जोड़ना निश्चित रूप से उनके प्रति पूर्वाग्रहपूर्ण होगा। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पुलिस रिपोर्ट पर आधारित किसी मामले में मजिस्ट्रेट संज्ञान लेते समय धाराओं को जोड़ या घटा नहीं सकता है, क्योंकि ऐसा केवल सीआरपीसी की धारा 216, 218 या 228 के तहत आरोप तय करने के समय ही ट्रायल कोर्ट द्वारा संभव है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज बजाज की एकलपीठ ने ऊषा और अन्य की अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया, जिसमें अपीलकर्ताओं ने विशेष न्यायाधीश, मथुरा द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी। अपीलकर्ताओं ने अपने आवेदन में कोर्ट को बताया कि शिकायतकर्ता ने एक आवेदन प्रस्तुत कर प्रार्थना की थी कि अपीलकर्ताओं के खिलाफ आईपीसी की धारा 325 और 307 के तहत भी संज्ञान लिया जाना चाहिए, जिसे न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि कोई अन्य अपराध, जो आरोप पत्र में शामिल नहीं है, लेकिन अभियुक्त के खिलाफ प्रथम दृष्टया बनता है, तो ट्रायल कोर्ट ऐसे अपराधों के संबंध में अभियुक्त के खिलाफ आरोप तय करने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र और शक्तियों का प्रयोग कर सकती है। हालांकि, किसी अपराध का संज्ञान लेने के चरण में न्यायालय द्वारा उक्त अभ्यास नहीं किया जा सकता है।

# न्यायिक आदेश के लिए खाली मुद्रित प्रोफार्मा का प्रयोग स्वीकार्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**न्यायिक मजिस्ट्रेट आजमगढ़ की ओर से पारित संज्ञान और सम्मन आदेश किया रद**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मजिस्ट्रेट द्वारा न्यायिक आदेश पारित करने के लिए खाली मुद्रित प्रोफार्मा का उपयोग करने के मामले में कहा कि न्यायिक आदेश पारित करने के लिए खाली मुद्रित प्रोफार्मा का प्रयोग स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि यह न्यायाधीश द्वारा न्यायिक बुद्धि का प्रयोग न करने का द्योतक है।

समय-समय पर मजिस्ट्रेटों द्वारा केवल रिक्त स्थान भरकर एक मुद्रित प्रपत्र पर संज्ञान लेने का न्यायिक आदेश पारित करने की प्रथा को सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा निंदित भी किया गया है। यह ध्यान देने योग्य है कि यद्यपि संज्ञान लेने के समय कोई विस्तृत आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन न्यायिक आदेश पारित करने के लिए रिक्त मुद्रित प्रपत्र पर रिक्त स्थान भर देने मात्र से ही कर्तव्य की पूर्ति नहीं हो जाती है। आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने के आदेश सहित किसी भी न्यायिक आदेश को पारित करते समय न्यायालय को न्यायिक विवेक की आवश्यकता होती है और संज्ञान लेने का आदेश यांत्रिक तरीके से पारित नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की एकलपीठ ने रोशन लाल उर्फ रोशन राजभर और अन्य द्वारा दाखिल सीआरपीसी की धारा 482 के तहत याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया, जिसमें जुलाई 2022 के संज्ञान/सम्मन आदेश और न्यायिक मजिस्ट्रेट, आजमगढ़ की कोर्ट में लंबित आपराधिक मामले की कार्यवाही को चुनौती दी गई थी।

### घर में आग लगने से कालीन कारोबारी के बेटे की मौत

**आगरा :** जिले के थाना सदर क्षेत्र अंतर्गत काबेरी विहार कॉलोनी में तीन मंजिला घर में आग लगने से कालीन कारोबारी के बेटे की मौत हो गयी।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसे गुरुवार देर रात कावेरी विहार में एक घर में आग लगने की सूचना मिली। घर में कालीन कारोबारी केजी वशिष्ठ व उनका 35 वर्षीय बेटा भारत वशिष्ठ अकेले थे। घर में आग लगने का पता चलने पर भारत ने पहले उन्हें घर से बाहर निकाला और फिर वह पुनः घर के अंदर गया और इस बार वह आग की लपटों में फंस गया। पुलिस और दमकल कर्मियों ने आग बुझाकर भारत के शव को बरामद किया।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को वृन्दावन पहुंचकर बांकेबिहारी के दर्शन किए व देश की अखण्डता, एकता व सलामती के लिए ईश्वर से कामना की। :एजेंसी

# श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो पलटी, सात लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**केदारनाथ धाम से लौटते समय लखनऊ के सात लोग हादसे का शिकार हो गए**

**अमृत विचार :** केदारनाथ धाम से लौटते समय लखनऊ के सात श्रद्धालु रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। चालक को झपकी आने से स्कार्पियो अचानक अनियंत्रित होने के बाद हाईवे पर पलट गई, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जाती है।

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शुक्रवार तड़के लखनऊ के गोसाईगंज निवासी अनु वर्मा, मुकेश वर्मा, अंकुर वर्मा, मोहित वर्मा, सौरभ यादव, अभय, आदेश शर्मा केदारनाथ धाम से अपने घर लौट रहे थे। यहां रोजा थाना क्षेत्र के चकभिटारा के पास गुजरते समय अचानक ड्राइवर को नींद आ गई, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होने के बाद नीचे खाई में जाकर पलट गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गाड़ी से निकाला। इसके बाद सभी को एंबुलेंस में जिला चिकित्सालय भेज दिया। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही। पुलिस ने गाड़ी को खाई से निकालकर गुर्री चौकी भेज दिया। हादसे की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

# संदिग्ध गवाही पर उम्रकैद कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**हाई कोर्ट ने हत्या के दोषी की सजा माफ की**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 46 साल पुराने एक हत्या मामले के दोषी को बरी करते हुए ऐसी स्थिति को कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया, जहां पूरा मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी की गवाही पर टिका हो।

कोर्ट ने मजबूत और विश्वसनीय साक्ष्य के महत्व को रेखांकित करते हुए माना कि यह न केवल जांच एजेंसी की बल्कि अदालतों की भी जिम्मेदारी है कि वह जांचों का निष्पक्ष रूप से किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित न हो। जांच में पूर्वाग्रही मानसिकता के संकेत नहीं मिलने चाहिए और दोषियों को कानून के तहत जवाबदेह ठहराने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक स्थिति का प्रभाव कुछ भी हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने इंद्रपाल और सोहनवीर की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि मुकदमे के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य की उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्वीकार्यता का आकलन करने के लिए मौखिक गवाही और दस्तावेजी साक्ष्य दोनों का संचयी प्रभाव सर्वोपरि है। साक्ष्य की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए कोर्ट को विभिन्न कारकों पर विचार करना चाहिए, जिसमें संगति, पुष्टि, प्रासंगिकता और प्रमाणिकता शामिल है। इसके अलावा न्यायालय को गवाहों के आचरण, गवाही की स्पष्टता और सुसंगतता तथा दस्तावेजी साक्ष्य की सत्यता का मूल्यांकन भी करना चाहिए। गवाहों की जांच वहां और भी आवश्यक हो जाती है, जहां उसे एक गवाही पर किसी का पूरा जीवन टिका हो। घटना वर्ष 1978 में एक गांव में घटित हुई थी, जिसमें सूचनाकर्ता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि वह अपने बेटे के साथ जब घर के बाहर सो रहा था, तभी अभियुक्त उसके घर में घुस आए और उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली चलने की आवाज सुनकर शिकायतकर्ता (मृतक का भाई) की नींद खुली तो उसने देखा कि आरोपी और सह-आरोपी मृतक से कुछ कदम दूर पिस्तौल लेकर खड़े थे। घटना के पीछे मकसद था कि सह- आरोपी का मृतक की चचेरी बहन से अवैध संबंध था और इस संबंध को रोकने का प्रयास करने के परिणामस्वरूप उसकी (करमवीर) हत्या कर दी गई। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी और सह- आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिससे व्यथित होकर उन्होंने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की।

अपील के लंबित रहने के दौरान ही सह-आरोपी की वर्ष 2011 में मौत हो गई। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह केवल अपराध के समय घटनास्थल पर खड़ा था। इस कारण उसे अपराध में सह-अभियुक्त बना दिया गया जबकि हत्या जैसे कृत्य में एक हद तक एकजुटता होनी चाहिए। केवल एक सामान्य इरादे के आधार पर आईपीसी की धारा 302 लागू नहीं हो सकती है, जब तक कि आरोपी ने अपराध को आगे बढ़ाने के लिए कोई कार्य न किया हो। मौजूदा मामले में रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर यह सिद्ध नहीं होता है कि आरोपियों ने अपराध को अंजाम दिया है, क्योंकि चश्मदीद गवाह हमलावरों की पहचान नहीं कर सका है। इस आधार पर अपीलकर्ता संदेह का लाभ पाने का हकदार है। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अपराध में अपीलकर्ता की भूमिका गवाही में गंभीर विरोधाभास के आधार पर संदिग्ध है। अतः मौजूदा अपील स्वीकार करते हुए अपीलकर्ता की सजा रद कर दी गई।

### स्कॉर्पियो ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में खिरनी सौंधन मार्ग पर तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन की मिलक निवासी 20 वर्षीय मोंटी अपने दोस्त 22 वर्षीय दीप कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर मोबाइल की मरम्मत कराने के लिए खिरनी आया था। लौटते वक्त खिरनी सौंधन मार्ग पर नारंगपुर पुलिया के पास आदमपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कोर्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में मोंटी की मौत हो गई जबकि दीप कुमार का इलाज चल रहा है।

## उत्तराखंड

# उत्तराखंड में बारिश का येलो अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक हवा चलने और तीव्र बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। नैनीताल समेत पर्वतीय क्षेत्रों में शुक्रवार को भी झमाझम बारिश हुई।

उत्तराखंड में 22 जून से प्री-मानसून सक्रिय हो रहा है। इसके साथ ही राज्य के पर्वतीय और मैदानी इलाकों में आकाशीय बिजली चमकने और तीव्र हवा के साथ बारिश होने का अनुमान जताया गया है। इधर मौसम परिवर्तन की वजह से राज्य के मैदानी इलाकों में तापमान में काफी कमी आई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस और हल्द्वानी में 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।


नैनीताल में शुक्रवार को बारिश के दौरान नैनी झील का दृश्य। ● अमृत विचार

मैदानी इलाकों में लोगों को उष्ण लहर से राहत मिली है। मैदानी इलाकों में अब ठंडी हवा चल रही है। साथ ही पहाड़ों में बारिश का भी दौर रहा। नैनीताल में 35 मिमी, लैंसडॉन में 32.5 मिमी, ज्योलीकोटी में 30.5 मिमी, सल्ट में 16 मिमी, जौलीग्रांट में 11.5 मिमी और मसूरी में 2.4 मिमी बारिश हुई है। पर्वतीय क्षेत्रों में भी तापमान में काफी गिरावट आई है। टिहरी में पारा 27.1 और मुक्तेश्वर में 26.3 डिग्री तक पहुंचा है।

### पूर्णागिरि में 24 जून से 1 अक्टूबर तक रात को नहीं होंगे दर्शन

**टनकपुर, अमृत विचार :** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए मां पूर्णागिरि धाम में 24 जून से रात को देवी दर्शन नहीं हो सकेंगे। ये निर्णय श्रीमां पूर्णागिरि मंदिर समिति ने मानसून सीजन के मद्देनजर लिया है। 1 अक्टूबर तक दरबार में रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक मुख्य मंदिर बंद रहेगा। यहा जानकारी पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी।



# गंगोत्री हाईवे पर एमपी के यात्रियों की बस पलटी

ब्यूरो, देहरादून

● **पांच यात्री हुए घायल, बस में सवार थे 31 यात्री**

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यमुनोत्री दर्शन के बाद गंगोत्रीधाम के दर्शनार्थ जा रहे तीर्थयात्रियों की बस गंगोत्री हाईवे पर पलट गई। इसमें पांच लोग घायल हो गए। बस में 31 यात्री सवार थे।

मध्य प्रदेश के तीर्थयात्री टूरिस्ट बस से गुरुवार को यमुनोत्री गए थे। यमुनोत्री के दर्शन के बाद तीर्थयात्रियों से भरी बस शुक्रवार को गंगोत्री धाम के दर्शन के लिए रवाना हुई थी। गंगोत्री हाईवे पर बस सुबह सवा छह बजे करीब झाला के पास पहुंची ही थी कि अचालक बेकाबू हो गई। चालक का बस से नियंत्रण हट गया और बस बीच सड़क पर पलट गई। जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त बस में कुल 31 लोग सवार थे, जिसमें से पांच तीर्थयात्रियों की हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद सभी यात्रियों को अन्य वाहनों से गंगोत्री भेज दिया गया। बीच सड़क पर बस पलटने के कारण गंगोत्री नेशनल हाईवे भी अवरुद्ध हो गया। जिससे दोनों और लंबा जाम लग गया। बाद में पुलिस ने बस को साइड में कराकर जाम खुलवाया। हर्षिल थाना प्रभारी एसआई उमेश नेगी ने बताया कि पांच यात्रियों को हल्की खरोंचे आई। उन्हें आपातकालीन 108 सेवा के वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर्षिल भेज दिया गया। जबकि अन्य यात्री दूसरे वाहन से धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। बीस दिनों में चारधाम यात्रा पर यह तीसरी घटना है। इससे पहले 31 मई को यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा बैंड के पास भी यात्रियों से भरी बस पलट गई थी। हादसे में बस में सवार कर्नाटक के 15 यात्रियों को चोटें आई थी। बीती 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में ट्रेंपो ट्रेवलर पहाड़ी से खाई में गिर गया था। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी।


गंगोत्री हाईवे पर पलटी तीर्थयात्रियों की बस। ● अमृत विचार

# जल संरक्षण और संवर्द्धन को जल आंदोलन के रूप में लें

ब्यूरो, देहरादून

● **अपर मुख्य सचिव ने कहा, जल संरक्षण के लिए आधुनिक और कारगर तकनीक का हो इस्तेमाल**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए प्रभावी योजना बनाने को शुक्रवार को सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण व संवर्द्धन को जल आंदोलन के रूप में लें। जल संरक्षण के लिए आधुनिक और कारगर तकनीक के इस्तेमाल किया जाए।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि नगर निकायों, प्राधिकरणों, पंचायतीराज और वन विभाग द्वारा जन सहभागिता से कन्टूर ट्रेंचेज, रिचार्ज पिट, चाल-खाल और चेक डैम बनाए जाएं। महिला व युवक मंगल दलों और जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वालों का सहयोग लिया जाए। राज्य और जनपद स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाए। वर्षा जल संचय की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। नगरीय क्षेत्रों भूमि का जल स्तर बढ़ाने के लिए सरकारी भवनों के रूफटॉप वाटर को प्रचलित माध्यमों से जमीन तक पहुंचाया जाए। वर्षाकाल में पेयजल लाइन के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में तत्काल मरम्मत की जाए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आदि कैलाश में योग शिविर में की घोषणा

# मास्टर प्लान बनाकर गुंजी में बनाया जाएगा शिवधाम : धामी

ब्यूरो, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आदि कैलाश में श्रद्धालुओं और आईटीबीपी के जवानों के साथ योग किया। उन्होंने पार्वती सरोवर के निकट शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने गुंजी में मास्टर प्लान लागू कर शिवधाम बनाने की घोषणा की।

सीएम धामी ने योग के विभिन्न आसन करते हुए कहा कि योग में मानव जीवन को सुखमय बनाने की ताकत है। योग तन, मन और आत्मा का संगम है। उन्होंने आदि कैलाश के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बडी संख्या में पर्यटकों की आमद से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। ऊनी कालीन उद्योग भी यहां की आर्थिकी का आधार रहा है, इसे बढावा देने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में नगरीयकरण में निर्मित होने वाले भवनों के निर्माण में स्थानीय वास्तुकला का ध्यान रखते हुए शत-प्रतिशत होमस्टे पर आधारित पर्यटन विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने परिवहन सुविधा के मानकीकरण तथा इनरलाइन परमिट निर्गत करने की प्रक्रिया का सरलीकरण पर भी ध्यान देने को कहा। इस क्षेत्र में देश व दुनिया से आने वाले पर्यटकों को बिचौलियों से कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े तथा सीमांत क्षेत्र में अशांति नहीं हो इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में गुंजी को मास्टर प्लान के माध्यम से शिवधाम बनाया जाएगा जिसमें स्थानीय लोगों के भी सुझाव लिए जाएंगे।

गुंजी, नाभीढांग, कुटी, नौटी, बूंदी के लोगों को विकास कि मुख्य धारा से जोड़ने के लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रयासरत है। इस दौरान केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा, धारचूला विधायक हरीश धामी, ब्लॉक प्रमुख धन सिंह धामी, दायित्वधारी गणेश भंडारी, लोनिवि सचिव डॉ. पंकज पांडेय, मंडलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, डीएम रीना जोशी, सीडीओ नंदन कुमार, एसपी रेखा यादव, आयुष योग प्रशिक्षक मौजूद रहे।


आदि कैलाश में योग करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### 24 वर्षों में आए 4.12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु

**काशीपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड गठन के वर्ष 2000 से पिछले वर्ष 8 जुलाई 2023 तक 24 वर्षों में चारधाम यात्रा पर करीब 4.12 करोड़ श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक 1.74 करोड़ बद्रीनाथ पहुंचे। वहीं केदारनाथ 1.11 करोड़, 69.12 लाख गंगोत्री और 57.37 लाख यात्रियों ने यमुनोत्री धाम की यात्रा की। यह खुलासा उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उपलब्ध कराई सूचना से हुआ है। उपलब्ध सूचना के अनुसार पिछले 24 वर्षों में चारधाम यात्रा पर कुल 41253952 श्रद्धालु आए हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 910 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज प्रति कुन्तल** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राजमा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |

# अर्थशास्त्रियों, एमएसएमई व कृषि संगठनों संग बजट को लेकर चर्चा

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 की तैयारियों को लेकर की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि अलग अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इन बैठकों में कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। इसी तरह से एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवी बैठक थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज



- **वित्त राज्य मंत्री सचिव, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी बैठक में हुए शामिल**

चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए।

एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है।

## 1.5 करोड़ तक के कारोबार वाली कंपनियों के लिए छूट बढ़ाएं : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया।

- **जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का दिया सुझाव**

जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है। जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वैश्विक व्यापार अनुसंधान निकाय ने कहा कि राज्य के भीतर आपूर्ति की अधिकता से पता चलता है कि अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी नियमों को सरल बनाने की जरूरत है। जीटीआरआई ने 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट की सीमा को मौजूदा 40 लाख रुपये से बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

# चुनाव के बाद 39.67 लाख करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बाद 5 जून से 21 जून के बीच देश में 39.67 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसे शेयर बाजार में मोदी सरकार 3.0 को सलामी के बाद बजट पूर्व रैली का संकेत माना जा रहा है। चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने फरवरी माह में अंतरिम बजट पेश किया था। अब चुनावी परिणाम के बाद नई सरकार वित्त वर्ष के शेष बचे महीनों के लिए जुलाई में बजट पेश करेगी। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री होंगी जो अंतरिम के बाद पूर्ण बजट भी पेश करेंगी। आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली की शुरुआत हो चुकी है। 12 से 21 जून के बीच सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 6 दिन नया हाई रिकॉर्ड बनाया है।

2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने अंतरिम बजट पेश किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार बदलने से जुलाई में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मोदी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। साल 2019 में अंतरिम बजट वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पेश किया था। अरुण जेटली के निधन के बाद पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला था। लेकिन नई सरकार में निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री बनने पर पूर्ण बजट देश के सामने रखा था। 10 वर्षों में यह पहली बार होगा कि अंतरिम बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री ही पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। इससे सरकार की पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद हैं, जो शेयर बाजार को भी पसंद हैं।

### गिरावट का इतिहास पर डरने की नहीं बात



आर्थिक सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट वाले दिन 1 फरवरी 2024 को शेयर बाजार में मामूली गिरावट हुई थी। संसेक्स 106.81 अंक यानि 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 71,645.30 और निफ़्टी 28.25 अंक यानि 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 21,697.45 पर बंद हुआ था। वर्ष 2014 और 2019 में नई सरकार के गठन के बाद पेश होने वाले बजट के दिन बाजार नेगेटिव में बंद हुआ था। लेकिन इसका मतलब यह बिलकुल नहीं निकाला जा सकता है कि जुलाई में पेश होने बजट के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद होगा।

### 7 बार बजट वाले दिन बाजार गिरा, 5 मौकों पर चढ़ा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार चढ़ा है।

### कैपिटल एक्सपेंडिचर पर जारी रहेगा फोकस

शेयर बाजार से संबंधित टैक्स दरों में अंतरिम बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ था। साथ ही अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था। इसका मतलब यह है कि सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो जीडीपी 6 से 8 रुपये तक बढ़ता है। इसके बाद सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी थी। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट और बढ़ा सकती है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600-55800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,850 |
| सोना रवा | 72,700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71800 |
| सिल्वर (पक्की) | 900 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,250 |
| चांदी आभूषण | 91,000 |

# कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः 7% एवं 7.02% पर लगभग स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03% और 6.96% रही थीं। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मई 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99% और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84% थे।

कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर 7% रही। एक माह पहले अप्रैल में यह 7.03 प्रतिशत थी।



- **श्रम मंत्रालय के अनुसार सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई में कम होकर 7% रही**

वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कुछ बढ़कर 7.02% रही। यह अप्रैल, 2024 में 6.96% थी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। अप्रैल, 2024 में कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई 1,263 अंक जबकि ग्रामीण कामगार के लिए 1,275 अंक था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि हैं। राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया। बिहार में सीपीआई कृषि श्रमिक और ग्रामीण कामगार, दोनों में गिरावट देखी गई। जम्मू-कश्मीर में कृषि श्रमिकों का सूचकांक स्थिर रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## राष्ट्रीय

# हाईकोर्ट ने पूछा- पोर्श मामले में क्यों बदला आदेश

## नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में लेना क्या कैद के समान नहीं है?

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूछा कि पुणे पोर्श कार हादसा मामले में नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में ले लेना तथा सुधार गृह में रखना क्या कैद के समान नहीं है? न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी।

अदालत ने कहा, दो लोगों की जान गई। यह दर्दनाक हादसा तो था ही, लेकिन किशोर भी मानसिक अभिघात में था। खंडपीठ ने पुलिस से यह भी पूछा कि कानून के किस प्रावधान के तहत पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत देने के आदेश में



संशोधन किया गया और उसे कैद में किस आधार पर रखा गया।

19 मई की सुबह किशोर कथित तौर पर नशे में तेज रफ्तार में पोर्श कार चला रहा था और उसने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पुणे के कल्याणी नगर में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों- अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। सत्रह-वर्षीय किशोर को उसी दिन किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा जमानत दे दी गई। बोर्ड ने किशोर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा तथा आदेश दिया कि किशोर को उसके माता-पिता और दादा की देखभाल एवं निगरानी में रखा जाए। त्वरित जमानत दिये जाने पर देश भर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को किशोर को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे एक सुधार गृह में भेज दिया। किशोर की बुआ ने पिछले सप्ताह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उन्होंने किशोर की तत्काल रिहाई की मांग की। पीठ ने शुक्रवार को याचिका पर दलीलें सुनते हुए कहा कि पुलिस ने जेजेबी द्वारा पारित जमानत आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में आज तक कोई आवेदन दायर नहीं किया है। अदालत ने कहा कि इसके बजाय जेजेबी के जमानत आदेश में संशोधन के अनुरोध के साथ आवेदन दायर किया गया था। खंडपीठ ने कहा कि संबंधित याचिका के आधार पर जमानत आदेश में संशोधन किया गया और किशोर को सुधार गृह भेज दिया गया।

### खंडपीठ ने कहा- यह किस प्रकार की रिमांड है



खंडपीठ ने कहा कि यह किस प्रकार की रिमांड है? रिमांड की शक्ति क्या है? यह किस तरह की प्रक्रिया है, जहां किसी व्यक्ति को जमानत दी गई है और फिर उसे हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजने का आदेश दिया जाता है। पीठ ने कहा कि नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल और निगरानी से दूर ले जाया गया और एक सुधार गृह भेज दिया गया। अदालत ने सवाल किया कि पुलिस ने जमानत रद करने के लिए अर्जी क्यों नहीं दी। इसने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि यह मंगलवार 25 जूनको पारित किया जाएगा। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने कहा कि बोर्ड द्वारा पारित रिमांड आदेश पूरी तरह वैध थे और इसलिए किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं थी।

# कांग्रेस का नीट पेपर लीक को लेकर भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**नीट विवाद**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी), 2024 की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया।

यादव ने कहा कि पार्टी युवाओं के हित के लिए शांतिपूर्वक विरोध कर रही है और तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक कि नीट-स्नातक परीक्षा में बैठने वाले लाखों छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता। यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि छात्रों को न्याय मिले। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की राज्य इकाई के कार्यालय में एकत्र हुए और भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और विभिन्न थानों मे ले जाया गया। बाद में इन्हें रिहा कर दिया गया।

### भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या बन गया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश में 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं। बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं। भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।

## एक नजर

### झारखंड में सामूहिक दुष्कर्म के बाद आठ वर्षीया बच्ची की हत्या

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले में एक आठ वर्षीया बच्ची के साथ तीन नाबालिग सहित चार लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में एक 20 वर्षीय युवक और तीन नाबालिग शामिल हैं, जिनकी उम्र 16 वर्ष है। बरहरवा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मंगल सिंह जामुदा ने संवाददाताओं को बताया कि घटना बुधवार रात की है। बच्ची के परिचित आरोपी उसे मैदान पर ले गए और दुष्कर्म किया और फिर वे उसे एक सुनसान इमारत में ले गए जहां उन्होंने फिर से उससे दुष्कर्म किया।

### टीएमसी विधायक को सीबीआई का समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने टीएमसी विधायक तापस साहा को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने कथित भर्ती घोटाले के संबंध में तेहट्टा से विधायक साहा को समन जारी किया। उन्होंने कहा कि हमने तपस साहा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। साहा ने कहा कि वह सीबीआई के समक्ष पेश होंगे।

# कोर्ट ने शराब त्रासदी पर सरकार को फटकारा

**चेन्नई, एजेंसी**

मद्रास हाईकोर्ट ने कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के लिए शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए उसे राज्य में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति के कुमारेश बाबू की खंडपीठ ने यह निर्देश अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की विधि इकाई के सचिव आई एस इनबादुरई द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए दी। खंडपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवायी की अगली तिथि 26 जून तय की। जनहित याचिका में राज्य सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वह कल्लाकुरिची जिले में अवैध रूप से शराब बेचने के अपराध की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मामले में की गई कार्रवाई के अलावा पिछले साल विल्लुपुरम के मरकानम में हुई इसी तरह की घटना के बाद की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। जब मामला सुनवाई के लिए आया तो पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह मामला लोगों के जीवन से जुड़ा है और इसलिए अदालत जानना चाहती है कि अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने क्या कार्रवाई की और पिछले एक साल में राज्य में कितने मामले दर्ज किए गए।



### शराब त्रासदी में 48 की मौत : तमिलनाडु मंत्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा.सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को कहा कि कल्लकुरिची में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 48 हो गई है, जिसमें तीन महिलाएं भी हैं। पुदुचेरी के जिपमेर अस्पताल में इलाज करा रहे पीड़ितों से मिलने के बाद उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से प्रभावित लोग इलाज के लिए अस्पताल आने में संकोच कर रहे थे इसलिए उनके महत्वपूर्ण अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। इसलिए सरकार ने शराब पीने वालों की पहचान की, उनके घर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया।

## रेणुकास्वामी को दिये थे बिजली के झटके, जांच में खुलासा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रही कर्नाटक पुलिस ने कहा है कि कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से संपर्क किया था जबकि एक अन्य आरोपी ने ये बात स्वीकारा कि पीड़ित को बिजली के झटके दिए गए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो-अभिनेता दर्शन ने कानूनी कार्रवाई से बचने और हत्या की साजिश एवं

- **कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से किया था संपर्क**

सबूत नष्ट करने में लगने वाले खर्चे के लिए अपने दोस्त से 40 लाख रुपये लिए थे और राशि बरामद कर ली गई है। पुलिस ने 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर हिरासत आवेदन में जांच पर जानकारी साझा की। पुलिस ने कोर्ट से दर्शन और तीन अन्य की हिरासत और पवित्रा गौड़ा व शेष आरोपियों की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया। मामले में दर्शन और गौड़ा सहित कुल 17 लोग आरोपी हैं। अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया और उसकी हत्या कर दी गई। उसका शव 9 जून को सुमनहल्ली में नाले के पास मिला था। अभिनेता और अन्य आरोपियों - धनराज डी, विनय वी और प्रदोष - ने जांच में सहयोग नहीं किया और तथ्यों को छिपाने की कोशिश की।

## 64 करोड़ के ड्रेनेज घोटाले का जेल में बंद आरोपी देगा सिविल सेवा परीक्षा

**इंदौर (मप्र)।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 64 करोड़ रुपये के ड्रेनेज घोटाले के आरोपियों में शामिल सहायक लेखा परीक्षक (ऑडिटर) को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की सिविल सेवा परीक्षा में बैठने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद रामेश्वर परमार को राज्य सेवा परीक्षा 2024 के 23 जून को आयोजित प्रारंभिक दौर में शामिल होने की अनुमति दे दी। इंदौर नगर निगम में सहायक लेखा परीक्षक के रूप में पदस्थ परमार ड्रेनेज घोटाले में गिरफ्तारी के बाद जेल में है। उसने राज्य सेवा परीक्षा में बैठने के लिए कोर्ट में अस्थायी जमानत की याचिका दायर की थी। अदालत ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वह आरोपी को रविवार को पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र तक ले जाने और वापस जेल लाने के इंतजाम करे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पंकज कुमार पांडे ने बताया कि परमार और इंदौर नगर निगम के अन्य ऑडिटर पर आरोप है कि उन्होंने ड्रेनेज के नाम पर फर्जी बिलों की भुगतान से पहले जांच नहीं की।

## हिमाचल में बस पलटने से चार लोगों की मौत, तीन घायल

**शिमला।** हिमाचल के शिमला जिले में कुद्दु-दिलतारी मार्ग पर शुक्रवार तड़के बस के पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 6.45 बजे उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बस कुद्दु से दिलतारी की ओर जा रही थी। बस में सात लोग सवार थे।

शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि दुर्घटना में बस सवार बिरमा देवी और धन शाह की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक करम दास और परिचालक राकेश ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जानलेवा लू : मृतक संख्या हुई 143

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली जानलेवा लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 लोगों की मौत हुई और करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि लू से मौतों का आंकड़ा इससे अधिक होने की आशंका है, क्योंकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी संबंधी बीमारी एवं मृत्यु निगरानी के तहत संकलित किए गए आंकड़ों में राज्यों की ओर से प्रदान की अद्यतन जानकारी शामिल नहीं है।

कई चिकित्सा केंद्रों ने अब तक लू से जान गंवाने लोगों की संख्या को 'अपलोड' नहीं किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही तापघात के कारण 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा संदिग्ध तापघात के कारण नौ लोगों की

**गर्मी का प्रकोप**



- **स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक करीब 41789 लोग तापाघात से पीड़ित, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

जान गई, जिससे मार्च से जून की अवधि में लू से मरने वालों की संख्या 114 से बढ़कर 143 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 35 मौतें हुई हैं, इसके बाद दिल्ली (21) और बिहार तथा राजस्थान (17-17) का स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि वे गर्मी की स्थिति जारी रहने तक केंद्र के तहत आने वाले अस्पतालों का दौरा करें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रभावित मरीजों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है या नहीं।

## हज यात्रा के लिए 365 डॉक्टर और दो लाख ओपीडी

**नई दिल्ली।** देश में एक लाख 75 हजार 25 हज यात्रियों की चिकित्सा देखभाल के लिए 356 डॉक्टर और चिकित्साकर्मी नियुक्त किए गए हैं और दो लाख ओपीडी आयोजित हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था शीर्षक से दस्तावेज जारी करते हुए कहा कि 1,75,025 लोगों ने इस वर्ष भारत से हज यात्रा की, जिनमें से 40,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष सउदी अरब की खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए 24 घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है। इस वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं में दंत चिकित्सा देखभाल को भी जोड़ा गया है। चिकित्सा दलों ने हज यात्रियों से संपर्क भी किया। जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद आलम ओनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। इनके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **कमिंस और जम्पा की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश 28 रन से हारा**

स्टा र तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जम्पा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। जम्पा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये। वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया।

दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिये 72 रन ही चाहिये थे।

इससे पहले मिचेल ने आस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया। इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए। उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा।

### पैट कमिंस ने टी-20 विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी-20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई। 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा। यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी। कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। आस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी। ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैंफर (2021), श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (2021) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा भी यह कमाल कर चुके हैं।



## पेरिस ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

# भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

## बांग्लादेश से मिल सकती है कड़ी टक्कर, भारतीय कोच को रोहित और कोहली से विराट पारी की उम्मीद

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।



बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें। विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिये टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली।

एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है।

हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है। हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं। एक ईकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है। वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना आस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

**टीमें : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**मैच का समय : रात आठ बजे से।**

### बल्लेबाजों से शांतो को जीत का यकीन

**नॉर्थ साउंड।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, लेकिन उन्होंने सुपर आठ चरण में भारत के खिलाफ अगले मैच समेत बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में तीन मैच जीतकर सुपर आठ के लिये क्वालीफाई किया था, लेकिन सुपर आठ चरण के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने उसे डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। अब उसका सामना भारत से है। शांतो ने कहा कि अगले दो मैच महत्वपूर्ण हैं। इन्हें जीतकर हम बेहतर स्थिति में होंगे और हम दोनों मैच जीतने की कोशिश करेंगे। यह पूछने पर कि क्या टीम बल्लेबाजी में फॉर्म के लिये जूझ रही है, शांतो ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि हम अच्छा क्यों नहीं खेल पा रहे। हर खिलाड़ी सक्षम है और अतीत में अलग-अलग जगहों पर अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है कि यहां अच्छा क्यों नहीं खेल पाये। हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी है लेकिन वे खेल नहीं पा रहे।

## खेल डायरी

### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन।** विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विम्बलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6.7, 3.6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विम्बलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैम्पियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.4, 4.6, 6.4 से मात दी। अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा।

### वाणी कपूर की चेक लेडीज ओपन में मजबूत शुरुआत

**बेरॉन (चेक गणराज्य)।** भारतीय महिला गोल्फर वाणी कपूर ने चेक लेडीज ओपन के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का अच्छा कार्ड खेला। पहला राउंड अभी जारी है जिसमें वाणी संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं जिन्होंने छह बर्डी और दो बोगी लगायी। पहले दौर का प्रदर्शन देखा जाये तो यह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर ने नौ होल में इवन पार का स्कोर बना लिया है। अवनि प्रशांत तीन अंडर बनाकर संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पहला दौर खत्म करने वाली रिद्धिमा संयुक्त 30वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 44वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### चौबे के अध्यक्ष पद छोड़ने से भारतीय फुटबॉल को फायदा

**नयी दिल्ली।** भारत के बर्खास्त फुटबॉल कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम के पहुंचने में विफलता के बाद स्टिमक को सोमवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

# गंभीर का जवाब, आगे की नहीं सोचता

कोलकाता, एजेंसी

पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भारतीय क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच बनने के सवाल पर शुक्रवार को कहा कि वह इतना आगे नहीं देखते। गंभीर यहां 'इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के कार्यक्रम में पहुंचे थे। गंभीर ने इस हफ्ते के शुरू में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति को वर्चुअल साक्षात्कार दिया था और उन्हें भारत के अगले मुख्य कोच के तौर पर प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा। गंभीर (42 वर्ष) ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हाल में टीम मेंटोर के तौर पर



इंडियन प्रीमियर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में मदद की।

जब उनसे मुख्य कोच बनने की संभावना के बारे में पूछा गया तो वह चुप रहे। उन्होंने बस इतना कहा कि मैं इतना आगे नहीं देखता हूं। आप मुझसे सभी मुश्किल सवाल पूछ रहे हैं। गंभीर ने यहां 'राइज टू लीडरशिप' सेमीनार में कहा कि अभी जवाब देना मुश्किल है।

### दो नई गेंद के नियम पर हो विचार : गौतम

**कोलकाता।** पूर्व बल्लेबाज गैतम गंभीर ने आईसीसी से सीमित प्रारूपों में दो नई गेंद के नियम पर फिर से विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए 'अनुचित' है। आईसीसी ने अक्टूबर 2011 में एकदिवसीय मैचों में यह विशेष नियम लागू किया था। गंभीर ने यहां 'इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स' के 'राइज टू लीडरशिप' 'टॉक शो' के दौरान कहा कि एक चीज जो मैं निश्चित रूप से बदलना चाहूंगा वह है सफेद गेंद वाले प्रारूप में दो नई गेंदों का उपयोग। कई विशेषज्ञों का मानना है कि दो नई गेंदों के उपयोग से अंगुली के स्पिनरों को नुकसान होता है और तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग की संभावना कम हो जाती।

## जब मैं टीम में नया था तो गंभीर ने किया मेरा मार्गदर्शन : अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी।** अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को गौतम गंभीर की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट 'फाइटर (हार ना मानने वाला)' और प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में इस सलामी बल्लेबाज ने उनका हौसला बढ़ाया था। गंभीर भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। अश्विन ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला के दौरान गंभीर के साथ अपनी बातचीत को याद किया। उन्होंने अपनी किताब 'आई हैव द स्ट्रीट्स - ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' के लॉन्च के मौके पर कहा, ''मैं अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला खेल रहा था।

# ब्रुक की तूफानी पारी पर लगा ब्रेक, अफ्रीका जीता

सेंट लूसिया, एजेंसी

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **आखिरी गेंद तक चला मैच सात रन से हारा इंग्लैंड**
- **डिकॉक ने तूफानी पारी खेलते हुए जड़ा अर्धशतक**

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 65 रन की आक्रामक पारी के बाद केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में ग्रुप बी के मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड को सात रन से हराया। डिकॉक ने अपनी 38 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़े। उनके अलावा सिर्फ डेविड मिलर ही अफ्रीका के लिए तेजी से रन बना पाये। उन्होंने 28 गेंदों में 43 रन की परी में चार चौके और दो छक्के लगाये।

दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने पांचवें विकेट के लिए 42 गेंद में 78 रन की साझेदारी की लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने वापसी कर मैच को जीत लिया।

ब्रुक ने 37 गेंद की पारी में सात चौके लगाये तो वहीं लिविंगस्टोन ने 17 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के जड़ें। अफ्रीका के लिए केशव और कागिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिये।



# अमेरिका से विंडीज को मिल सकती है चुनौती

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

**टीमें : अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहाँगीर।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**यूरो कप 2024** | यूक्रेन ने 2-1 से जीता मुकाबला, टूर्नामेंट में बने रहे की उम्मीद कायम

# रोमन के गोल से स्लोवाकिया को मिली शिकस्त

डुसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

यूक्रेन ने शुक्रवार को यहां यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाये रखा।

यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।



स्लोवाकिया पर जीत के बाद जश्न मनाते यूक्रेन के खिलाड़ी।

### इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)।** तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा कि वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है।

# भारत टी-20 शृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की।

सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार शृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है।

मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस शृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है जिस पर दोनों देशों को गर्व है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।










# दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगप्रेमियों ने मनाया योग दिवस

## आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने टाइम्स स्क्वायर पर ध्यान सत्र का नेतृत्व किया

**न्यूयॉर्क/तेल अवीव, एजेंसी**

दुनियाभर के लाखों योग प्रेमियों ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को दिनभर चलने वाले विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में योग की सार्वभौमिक अपील को मान्यता देते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव को भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किये जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किये। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

वाशिंगटन में भी सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित किया। पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के प्राचीन अभ्यास 'योग' द्वारा प्रेरित एकता और सद्भाव की भावना को उजागर किया।


न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर योग करते लोग।

उधर इजराइल के तेल अवीव में से तीन सौ से अधिक लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में इस समारोह में हिस्सा लिया और योगासन किये। मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास द्वारा तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में, हर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती का उल्लेख किया।

सिंगापुर के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने 200 से अधिक योगप्रेमियों और भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के साथ सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम ठंडा हो चुका था। मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को योग के लाभों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। योग की लचीली और अनुकूलनीय प्रकृति इसे विभिन्न आयु, लिंग और शारीरिक क्षमताओं के लोगों के लिए समावेशी बनाती है। मुझे आज के कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों को देखकर खुशी हुई।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की पर्यटन राजधानी पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन ने लुंबिनी में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन ने कहा, लुंबिनी के मुख्यमंत्री, विभिन्न प्रांतीय नेताओं और 900 से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए योग के शाश्वत अभ्यास के वास्ते एक आदर्श स्थान है।

श्रीलंका में भी भारतीय दूतावास ने जाफना और कैंडी सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बीजिंग मॉर्निंग स्टार स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व दूतावास के सांस्कृतिक शिक्षक (योग) लोकेश शर्मा ने किया। रोम में भारतीय राजदूत वाणी राव ने इतालवी हिंदू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर चर्चा की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मालदीव और भारत के योग प्रेमियों ने भाग लिया। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने प्रिंस फैसल बिन फा के घर पर योग दिवस मनाया।

## एक नजर

### आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

**येरेवान।** आर्मेनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता प्रदान की। पूर्व सोवियत गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर, हमने हमेशा फिलिस्तीनी समस्या का शांतिपूर्ण और व्यापक समाधान की वकालत की है और इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान करने के दो-राज्य सिद्धांत का समर्थन किया है। हम आश्वस्त हैं कि यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि फिलिस्तीनी और इजरायल को अपनी वैध आकांक्षाएं महसूस हो।

### इटली में भारतीय मजदूर की हाथ कटने से मौत

**लंदन/रोम।** इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर का हाथ एक भारी मशीन की चपेट में आकर कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उपचार कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गयी। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। रोम में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इटली के लैटिना में भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की खबर से वह वाकिफ हैं। दूतावास ने बिना ज्यादा जानकारी दिये हुए कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

### दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के बीच समझौते का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत जॉर्जी जिनोविएव को तलब किया और मास्को से प्योंगयांग के साथ अपने कथित सैन्य सहयोग को तुरंत रोकने का आह्वान किया। दक्षिण कोरियाई राजनयिक क्यून ने कहा कि कोई भी सहयोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर कोरिया को सैन्य क्षमताओं के निर्माण में मदद करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन के साथ ही दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगा।

### लॉकहीड मार्टिन इकाइयों पर चीन का प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी विमानन निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के ताइवान के साथ हथियार सौदों पर हस्ताक्षर करने को लेकर उसने कंपनी, उसके कई व्यावसायिक इकाइयों और उसके तीन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीन के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कंपनी के ताइवान के साथ सहयोग ने देश की संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

## हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को सजा

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही मानव तस्करी के गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया। भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जिनमें से अधिकतर अशिक्षित भारतीय थे।

## कुवैत में 17 भारतीय भर्ती दूतावास परिजनों के संपर्क में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कुवैत में भीषण आग लगने की घटना में 50 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि 17 घायल भारतीय अब भी वहां के अस्पतालों में भर्ती हैं और सभी की हालत स्थिर है।

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास उनकी बेहतरी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों, मरीजों और उनके परिजनों के संपर्क में है। कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगाफ शहर में 12 जून को सात मंजिला एक इमारत में भीषण आग लग गई थी और इस त्रासदी में कम से कम 45 भारतीयों की मौत हो गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, अब भी 17 भारतीय घायल हैं, वे अस्पतालों में हैं। सभी की हालत स्थिर है। दूतावास स्थानीय अधिकारियों, अस्पताल अधिकारियों और यहां तक कि मरीजों व परिवार के सदस्यों के संपर्क में है।

## भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर



एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी मुलाकात हुई।

## रूसी सेना में भारतीयों का काम करना चिंता का विषय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रूस-यूक्रेन संघर्ष में अब तक चार भारतीयों की मौत हो चुकी है

भारत ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना में काम करने वाले भारतीय नागरिकों का मुद्दा अत्यधिक चिंता का विषय बना हुआ है। नई दिल्ली ने इस पर मॉस्को से कार्रवाई की मांग की।

पिछले हफ्ते, विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में रूसी सेना में कार्यरत दो और भारतीय नागरिक मारे गए हैं, जिससे ऐसी मौतों की संख्या चार हो गई है। दो भारतीयों की मौत के बाद भारत ने रूसी सेना से भारतीय नागरिकों की भर्ती न करने को कहा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने रूसी सेना द्वारा भर्ती किए गए भारतीयों की शीघ्र रिहाई और उनकी स्वदेश वापसी के लिए रूसी पक्ष के साथ मामला उठाया है। हमने भर्ती पर सत्यापित रोक लगाने की भी मांग की है।

खबरों के मुताबिक, करीब 200 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के तौर पर भर्ती किया गया है। जायसवाल ने कहा, "हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप, अब तक 10 भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और वापस भेज दिया गया है। हम इस मुद्दे पर नई दिल्ली और मॉस्को दोनों जगह रूसी पक्ष के साथ संपर्क में हैं।

## कुरान की बेअदबी के आरोप में हत्या

**पेशावर, एजेंसी**

- पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की घटना
- भीड़ ने थाने में घुसकर लगाई आग और आरोपी को मार दी गोली

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी। बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गये और उसे वहां लटका दिया।

### इमरान की रिहाई की मांग के मद्देनजर धारा 144 लागू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनके समर्थकों की राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना का हवाला देते हुए शुक्रवार को पूरे प्रांत में सात दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी। पूरे प्रांत में धारा 144 लागू कर दी गई है, जिससे विरोध प्रदर्शन और लोगों के एक जगह जमा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। क्रिकेटर से नेता बने खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद उन पर करीब 200 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी ठहराया गया है।

## दो सिख चरमपंथियों की कनाडा में अपील खारिज

**ओटावा, एजेंसी**

- उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने का प्रयास नाकाम

कनाडा की एक अदालत ने देश की उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए पुख्ता आधार हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे।

कनाडा की समाचार एजेंसी ने वैंकूवर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में संघीय अपीलीय अदालत द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश के हवाले से कहा है कि अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा की उड़ान प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। फैसले में कहा गया है कि यह अधिनियम सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लोगों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है, बशर्ते यह संदेह करने का उचित आधार हो कि वे परिवहन सुरक्षा को खतरा पहुंचाएंगे या आतंकवादी घटना को अंजाम देने के लिए हवाई यात्रा करेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

### कल्कि में खलनायक की भूमिका में होंगे कमल हसन

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन अपनी आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में खलनायकों ने अक्सर अपने नायक समकक्षों को प्रतिष्ठित संवादों, दुष्ट मुस्कान और स्क्रीन पर हावी होने वाली उपस्थिति के साथ पीछे छोड़ दिया है। दशकों बाद, इन खलनायकों को अभी भी बुराई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। शान में गंजे, दुष्ट शाकाल के रूप में कुलभूषण खरबंदा, संघर्ष में एक भयानक धार्मिक कट्टरपंथी लज्जा शंकर पांडे के रूप में आशुतोष राणा, ओमकारा में षड़्यंत्रकारी और दुष्ट लंगड़ा त्यागी के रूप में सैफ अली खान और अग्निपथ में क्रूर कांचा चीना के रूप में संजय दत्त अविस्मरणीय हैं। लेकिन एक किरदार जो सबसे अलग है और प्रतिष्ठित बन गया है, वह है मिस्टर इंडिया का मोगैम्बो, जिसे दिवंगत अमरीश पुरी ने निभाया था। एक और होनहार किरदार जो प्रतिष्ठित बनने के लिए तैयार है, वह है गिरगिट जैसा दिखने वाला यास्किन, जिसे भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन ने निभाया है।

### इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन में शामिल हुईं करिश्मा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के लिए जज पैनल में शामिल हो गयी हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न ने अपने होमग्रोन फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के साथ इसकी वापसी की घोषणा की है, जिसमें बॉलीवुड की डांसिंग दिवा करिश्मा कपूर प्रतिष्ठित जज पैनल में शामिल होंगी। इस डांस रियलिटी शो के नवीनतम सीज़न में जज के रूप में करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने बताया, इंडियाज़ बेस्ट डांसर एक असाधारण मंच है, जो वाकई डांस की भावना का जश्न मनाता है। मैं पहले भी गेस्ट जज के रूप में शो में आ चुकी हूं, और ये प्रतियोगी मंच पर जो जुनून और समर्पण प्रदर्शित करते हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं भारत में मौजूद असाधारण प्रतिभाओं को देखने की और प्रतीक्षा नहीं कर सकती।



### संजय को लेकर फिल्म की प्लानिंग कर रहे गुप्ता

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार संजय गुप्ता एक बार फिर से संजय दत्त को लेकर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर आतिश, जंग, खौफ, कांटे,प्लान, मुसाफिर, जिंदा, शूटआउट एट लोखंडवाला, दस कहानियां जैसी फिल्में बनायी हैं। दोनों सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त के लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार कर ली है। संजय गुप्ता ने बताया, मैं संजय दत्त अभी साथ में एक फिल्म के लिए प्लान कर रहे हैं। हमने स्क्रिप्ट पर काम किया है और अब हम लॉजिस्टिक्स पर काम कर रहे हैं। हम एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं संजय दत्त को अच्छी तरह जानता हूं। इस बीच, मैं अपना रास्ता भटक गया।

**खगोल विज्ञान** | कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों का शोध

## बड़े जंगल की आग बनाती है खतरनाक अग्नि चक्र

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** बड़े पैमाने पर लगी जंगल की आग अपना खतरनाक अग्नि चक्र बनाती है, जो जंगल की आग को कई गुना बढ़ाने में मदद करती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने शोधकर यह दावा किया है। पीयर-रिव्यू जर्नल एटमॉस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

इस बार वैश्विक स्तर पर जंगल भयानक आग की चपेट में रहे। उष्ण कटिबंधीय के अलावा सम शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के जंगल भी भीषण आग की चपेट से अछूते नहीं रहे। जिसे ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों की सामूहिक टीमों को शोध करना पड़ा और जो नतीजे सामने आए, वह चौकाने वाले रहे। शोधकर्ताओं के अनुसार जंगल की बड़ी आग ऐसे मौसम का निर्माण करती है जो आग की अधिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करती है। जिस कारण आग की समस्या अधिक बढ़ जाती है। अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग व लंबे समय तक सक्रिय आग के मौसम के बीच गहरा संबंध होता है। बड़ी आग सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क मौसम बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आग के लिए अनुकूल परिस्थितियों का एक भयानक चक्र बन जाता है, जो आग का स्वयं का अग्नि मौसम बना रही है। पिछले 20 वर्षों में चरम आग वाले दिनों को शोध में शामिल किया। इन वर्षों में उत्तरी कैलिफोर्निया का विश्लेषण किया, जहां घनी वनस्पति के कारण अमेरिकी राज्य की सबसे भीषण आग लगी है। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से कम तापमान और उच्च आर्द्रता वाले दिनों पर ध्यान केंद्रित किया। तब पता चला कि बड़ी आग ने उन दिनों को और अधिक गर्म और शुष्क बना दिया था और अतिरिक्त गर्मी और शुष्क परिस्थितियों का मतलब अधिक आग के लिए बेहतर परिस्थितियां थीं।


कैलिफोर्निया के जंगल की आग का दृश्य। (फाइल फोटो)

### जंगल की आग के बादल वातावरण को बनाते हैं शुष्क

**नैनीताल :** जंगल की आग से उत्पन्न बादलों में बहुत अधिक काली कालिख होती है, जो गर्मी को रोक लेती है और वातावरण को शुष्क कर देती है। जब जंगल की आग जलती है, तो वे पाइरोक्यूम्यलस (या फ्लेमेजेनिटस) बादल बनाते हैं। इन बादलों में बहुत अधिक राख या गहरी कालिख होती है, जो उन्हें अन्य बादलों की तुलना में गहरे रंग का बना देती है।